3 | राजधानी
आतिशी ने हनुमान मंदिर में किया पूजन

6 | अभिमत
अनुसंधान व शोध को बढ़ावा

11 | विदेश
अमरसूर्या ने श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री की शपथ ली

12 | स्पोर्ट्स
ऑस्ट्रेलिया का मजबूत स्कोर

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 314
नई दिल्ली, बुधवार, 25 सितंबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सदनों में हंगामा चिंता का विषय
राष्ट्रीय-10

# कर्नाटक के सीएम मुश्किल में हाईकोर्ट की जांच को हरी झंडी

## ● न्यायालय ने राज्यपाल के जांच के आदेश को बरकरार रखा, सिद्धारमैया की अर्जी खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**मुख्यमंत्री सिद्धारमैया** को झटका देते हुए, कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को साइट आवंटन मामले में उनके खिलाफ जांच के लिए राज्यपाल की मंजूरी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी। फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, मुख्यमंत्री ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर प्रतिशोध की राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाया, और भाजपा और जद (एस) की उनके इस्तीफे की मांग को खारिज कर दिया। मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इस मुद्दे को राजनीतिक रूप से संबोधित करेंगे और कानूनी विशेषज्ञों से परामर्श करेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं अब भी कहता हूं कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है।'

मुख्यमंत्री ने एक प्रमुख इलाके में मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा अपनी पत्नी को 14 साइटों के आवंटन में कथित अनियमितताओं में उनके खिलाफ जांच के लिए राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा दी गई मंजूरी को चुनौती दी थी। याचिका पर 19 अगस्त से छह बैठकों में सुनवाई पूरी करने के बाद, न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की एकल न्यायाधीश पीठ ने 12 सितंबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इसने अपने 19 अगस्त के अंतरिम आदेश को भी



बेंगलुरु में एक कार्यक्रम के दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया।

बढ़ा दिया था, जिसमें जन प्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत को निर्देश दिया गया था, जो मामले में उनके खिलाफ शिकायतों की सुनवाई करने वाली थी, याचिका के निपटान तक अपनी कार्यवाही को स्थगित करने के लिए।

न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना ने फैसला सुनाते हुए कहा, 'याचिका में वर्णित तथ्यों की निस्संदेह जांच की आवश्यकता होगी, क्योंकि इन सभी कृत्यों का लाभार्थी कोई बाहरी व्यक्ति नहीं बल्कि याचिकाकर्ता का परिवार है। याचिका खारिज की जाती है।' उन्होंने आगे कहा कि 'आज लागू किसी भी तरह का अंतरिम आदेश समाप्त माना जाएगा।' राज्यपाल ने 16 अगस्त को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 218 के तहत शिकायतकर्ताओं प्रदीप कुमार एस पी, टी जे अब्राहम और स्नेहमयी कृष्णा द्वारा उन्हें सौंपी गई याचिकाओं में उल्लिखित कथित अपराधों को अंजाम देने के लिए मंजूरी दी। 19 अगस्त को सिद्धारमैया ने राज्यपाल के आदेश की वैधता को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया। याचिका में मुख्यमंत्री ने कहा कि मंजूरी आदेश बिना सोचे-समझे जारी किया गया, जो वैधानिक आदेशों का उल्लंघन है तथा मंत्रिपरिषद की सलाह सहित संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत है, जो भारत के संविधान के अनुच्छेद 163 के तहत बाध्यकारी है। सिद्धारमैया ने राज्यपाल के आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए तर्क दिया कि उनका निर्णय ( शेष पृष्ठ 9 )



# एनआईए की तमिलनाडु में ताबड़तोड़ छापेमारी

**पीटीआई।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में इस्लामी खिलाफत स्थापित करने का मंसूबा पालने वाले अखिल-इस्लामी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर के खिलाफ अपनी जांच के सिलसिले में मंगलवार को तमिलनाडु में कई स्थानों पर छापेमारी की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि एनआईए के अधिकारियों ने चेन्नई, तंबाराम और कन्याकुमारी जिलों में 11 संदिग्धों के आवास पर छापे मारे और डिजिटल उपकरण, बेहिसाब नकदी और हिज्ब-उत-तहरीर के साहित्य समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। एनआईए ने कहा कि यह छापेमारी विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से असंतोष पैदा करने और चुनावी मताधिकार प्रयोग करने के खिलाफ अभियान चलाने से संबंधित एक मामले की जांच के तहत की गई है। चुनावी मताधिकार को हिज्ब-उत-तहरीर ने गैर-इस्लामिक या हराम माना है। आतंकवाद रोधी एजेंसी के अनुसार, हिज्ब-उत-तहरीर एक कट्टरपंथी संगठन है जो अपने अनुयायियों को विभाजनकारी कार्यों के माध्यम से वैध रूप से स्थापित लोकतांत्रिक सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए उकसाने में लगा हुआ है। उसने बताया कि मामले में मुख्य साजिशकर्ता हमीद हुसैन ने हिज्ब-उत-तहरीर की भारत विरोधी विचारधारा को बढ़ावा देने के लिए पांच अन्य आरोपियों के साथ मिलकर गुप्त बैठकें कीं। बयान में कहा गया है, मामले में एनआईए की जांच से अब तक पता चला है कि आरोपी ने लोगों के कई समूहों के साथ मिलकर भारत में खिलाफत या इस्लामिक शासन स्थापित करने के लिए तमिलनाडु में अभियान चलाए और वह लोगों को विभाजित ( शेष पृष्ठ 9 )

# लेबनान में इजराइली हमले में 560 की मौत, जंग की आशंका में पलायन

**एजेंसी।** मर्जायून (लेबनान)

**लेबनान में** सोमवार को इजराइल के हमले में मरने वालों की संख्या 560 हो गई हैं। मृतकों में 50 बच्चे एवं 94 महिलाएं शामिल हैं। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री फिरास आबियाद ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि इस दौरान 1835 लोग घायल भी हुए हैं जिन्हें लेबनान के इर्द-गिर्द 54 अस्पतालों में भर्ती कराया गया। आबियाद ने बताया कि जिन लोगों की जान गई है उनमें चार अर्धचिकित्साकर्मी हैं तथा घायलों में 16 अर्धचिकित्साकर्मी एवं अग्निशमन कर्मी भी शामिल हैं।

वर्ष 2006 में इजराइल-हिज्बुल्ला युद्ध के बाद यह सबसे भीषण हमला है। इजराइल की सेना ने हिज्बुल्ला के खिलाफ अपने व्यापक हवाई हमले के तहत दक्षिणी एवं पूर्वी लेबनान के निवासियों को जगह खाली करने की चेतावनी दी थी। हजारों लेबनानी नागरिक दक्षिण से पलायन करने लगे तथा दक्षिणी बंदरगाह शहर सिडोन से गुजरने वाला मुख्य राजमार्ग बेरूत की ओर जाने वाली कारों से जाम हो गया। यह 2006 के बाद सबसे बड़ा पलायन था। देश अभी पिछले सप्ताह हुए संचार उपकरणों पर घातक हमले से उबरा भी नहीं था कि तभी यह घातक



लेबनान के अकिबेह में इजराइली हमले में मलबे में परिवर्तित हुआ एक मकान।

हमला किया गया। इस हमले में मरने वालों की तादाद 2020 में बेरूत के विनाशकारी बंदरगाह विस्फोट से कहीं ज्यादा है, जब एक गोदाम में रखे सैकड़ों टन अमोनियम नाइट्रेट में विस्फोट हो गया था। इस घटना में कम से कम 218 लोग मारे गए थे और 6,000 से अधिक लोग घायल हुए थे।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रिकॉर्ड किए गए संदेश में लेबनानी नागरिकों से इलाके को खाली करने के इजराइली संदेश के संदर्भ में कहा, इस चेतावनी को गंभीरता से लें। नेतन्याहू ने कहा, कृपया अब खतरे से दूर हो जाएं। हमारा अभियान खत्म हो जाने के बाद आप सुरक्षित रूप से अपने-अपने घरों में वापस जा सकते हैं। इजराइल के सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि सेना इजराइल के साथ लेबनान की सीमा से हिज्बुल्ला को खदेड़ने के लिए जो भी जरूरी होगा वह करेगी। हगारी ने दावा किया कि सोमवार को किए गए व्यापक हवाई हमलों से हिज्बुल्ला को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा, हम युद्ध नहीं चाहते हैं। हम खतरों को खत्म करना चाहते हैं। हम इस मिशन को पूरा करने के लिए जो भी करना होगा, वह करेंगे। हमें उम्मीद है कि हम इसे जल्द से जल्द पूरा कर लेंगे। हगारी ने कहा कि हिज्बुल्ला ने पिछले अक्टूबर से इजराइल को निशाना बनाकर लगभग 9,000 रॉकेट और ड्रोन से हमले किए हैं, जिनमें अकेले सोमवार को 250 रॉकेट और ड्रोन दागे गए। ( शेष पृष्ठ 9 )



## न्यायालय ने एनआरआई कोटा बढ़ाने का निर्णय रद्द करने पर लगाई मुहर

**पीटीआई।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने एनआरआई कोटे का दायरा बढ़ाने के फैसले को खारिज करने के पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्णय के खिलाफ दाखिल पंजाब सरकार की अपील मंगलवार को खारिज कर दी। राज्य सरकार ने राज्य के चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए एनआरआई कोटा के लाभार्थियों की परिभाषा को विस्तृत कर दिया था। शीर्ष न्यायालय ने पंजाब सरकार की अपील खारिज करते हुए कहा, यह धोखाधड़ी अब बंद होनी चाहिए। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने 10 सितंबर को आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के 20 अगस्त के उस फैसले को रद्द कर दिया था, जिसमें अनिवासी भारतीय (एनआरआई) कोटा के तहत लाभ लेने के लिए दायरे को बढ़ाकर उनके दूर के रिश्तेदारों जैसे चाचा, चाची, दादा-दादी और चचेरे भाई को भी इसमें शामिल किया था। एनआरआई कोटा के तहत 15 प्रतिशत का आरक्षण चिकित्सा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित किया गया है। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, यह और कुछ नहीं बल्कि पैसा कमाने की मशीन है। पीठ ने कहा, हम सभी याचिकाएं खारिज कर देंगे। यह एनआरआई व्यवसाय एक धोखाधड़ी के अलावा और कुछ नहीं है। हम यह सब खत्म कर देंगे...। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को बिल्कुल सही बताते हुए कहा, हानिकारक परिणामों को देखें... जिन उम्मीदवारों के अंक तीन गुना अधिक हैं, वे (नीट-यूजी पाठ्यक्रमों में) प्रवेश नहीं ले पाएंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि विदेश में बसे मामा, ताई, ताया के दूर के रिश्तेदारों को मेधावी उम्मीदवारों से पहले प्रवेश मिल जाएगा ( शेष पृष्ठ 9 )

# यूपी में ढाबा, रेस्टोरेंट पर मालिक का नाम-पता जरूरी

## ● खाद्य पदार्थों में थूकने और गंदा करने की घटनाओं के मद्देनजर मुख्यमंत्री का सख्त फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/लखनऊ

**उत्तर प्रदेश के** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य पदार्थों पर थूकने और उसे गंदा करने की घटनाओं को संज्ञान लेते हुए इस संबंध में मानकों के पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश जारी किया है। सीएम योगी ने इस संबंध में मंगलवार को जारी निर्देश में कहा, राज्य भर के भोजनालयों को अपने संचालक, मालिक और प्रबंधक का नाम और पता प्रमुखता से प्रदर्शित करने, सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ ही वे अपने रसोइये और वेटर की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए मास्क और दस्ताने पहनना सुनिश्चत कराना होगा।

मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में, अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम में आवश्यक संशोधन किए जाने चाहिए। योगी ने राज्य के सभी होटलों, ढाबों, रेस्तरां और भोजनालयों की उनके भोजन की शुद्धता को सत्यापित करने



लखनऊ में एक बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

के लिए गहन जांच और सत्यापन का भी आदेश दिया है। यह निर्देश राज्य में हाल ही में वायरल हुए वीडियो क्लिप की पृष्ठभूमि में आए हैं, जिसमें सहारनपुर के एक भोजनालय में एक किशोर रोटी पर थूकते हुए दिखा था, जिसके कारण उसके मालिक को गिरफ्तार किया गया था। गाजियाबाद में, एक जूस विक्रेता को जूस में मूत्र मिलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

बैठक के दौरान यूपी के मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मानव अपशिष्ट की उपस्थिति न केवल घृणित है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है। इस तथ्यों को देखते हुए उन्होंने हानिकारक पदार्थों के साथ खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, खाद्य प्रतिष्ठानों पर संचालक, मालिक, प्रबंधक और अन्य संबंधित कर्मियों के नाम और पते प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाने चाहिए। ढाबों, होटलों और रेस्तरां जैसे खाद्य प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए। निगरानी में न केवल उन क्षेत्रों को शामिल किया जाना चाहिए जहां ग्राहक भोजन करते हैं, बल्कि प्रतिष्ठान के अन्य हिस्सों को भी शामिल किया जाना चाहिए। यह जरूरी है कि प्रत्येक संचालक सीसीटीवी फुटेज की सुरक्षा सुनिश्चित करे और अनुरोध करने पर इसे पुलिस या स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराए। ( शेष पृष्ठ 9 )

# नए मोबाइल की पार्टी न देने पर किशोर की हत्या

## ● हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने तीनों नाबालिग लड़कों को पकड़ा, चाकू बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पूर्वी दिल्ली** के शकरपुर इलाके में एक किशोर की सिर्फ इसलिए बीच बाजार में चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई क्योंकि उसने नया मोबाइल फोन खरीदने पर पार्टी नहीं दी। दरअसल, उसने एक नया फोन खरीदा था जिसकी उसके तीन दोस्त ट्रीट मांग रहे थे। मृतक की पहचान सचिन के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रख दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर तीनों नाबालिग लड़कों को पकड़ा है। इन लोगों के पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि सचिन, शकरपुर इलाके में परिवार के साथ रहता था। परिवार में माता-पिता के अलावा अन्य सदस्य हैं। सचिन इलाके के सरकारी स्कूल में कक्षा नौवीं में पढ़ता था। गत सोमवार को वह अपने एक दोस्त के साथ शकरपुर मार्केट से नया मोबाइल खरीदने गया था। मोबाइल लेने के बाद वह वापस घर लौट रहा था। जैसे ही वह रामजी समोसे वाले के पास पहुंचा, तभी उसके तीन दोस्त उसे मिल गए। नया मोबाइल देखकर वे उससे पार्टी मांगने लगे। इस पर सचिन ने पार्टी देने से मना कर दिया। इस बात पर उनके बीच विवाद हो गया। बात मारपीट तक पहुंच गई। इसी दौरान एक आरोपी ने चाकू निकाला और सचिन पर ताबड़तोड़ चाकू से कई हमला किया। खून से लथपथ सचिन जमीन पर गिर गया। इसके बाद आरोपी घटनास्थनल से भाग गए। सचिन के दोस्त ने मामले की जानकारी पुलिस व उसके परिजनों को दी।

सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। घायल को लोकनायक जय प्रकाश में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सचिन के दोस्त के बयान पर केस दर्ज कर लिया। बाद में तीन आरोपी नाबालिग लड़कों को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों की पहचान के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की तस्वीर का इस्तेमाल किया। पुलिस ने बताया कि हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता की धारा-103(1) और 3(5) के तहत शकरपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।



## बाथरूम में स्पाई कैमरा लगाने के आरोप में एक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। शकरपुर इलाके में किराए के मकान में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा के कमरे और बाथरूम स्पाई कैमरा मिला है। आरोप है कि मकान मालिक के बेटे ने ये कैमरे लगाए हुए थे। उसने पीड़िता के अश्लील वीडियो रिकॉर्ड किए थे। उसने धोखे से छात्रा का व्हाट्सएप भी हैक कर लिया था। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी करण के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में कबूल किया है कि उसने छात्रा के कमरे व बाथरूम में कैमरे लगाए हुए थे। दिल्ली पुलिस के अनुसार, पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में किराए के मकान में रह रही लड़की सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। वह पिछले कुछ महीनों से इस मकान में अकेली रहती थी और शहर से बाहर जाने पर वह मकान मालिक के बेटे करण को चाबियां दे देती थी। पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि यह मामला तब सामने आया है जब महिला को अपने व्हाट्सअप में कुछ असामान्य गतिविधि नजर आई। अपने लिंक्ड (जुड़े हुए) उपकरणों की जांच करने की सलाह मिलने के बाद उसने पाया कि उसका व्हाट्सअप एकाउंट किसी एक अज्ञात लैपटॉप पर लॉगइन है और फिर उसने तुरंत वहां से लॉगआउट किया। महिला को और संदेह हुआ एवं वह गुप्त कैमरे ( शेष पृष्ठ 9 )

# शराब पीकर गाड़ी चलाने की समस्या पर अंकुश जरूरी

**कुषाण मित्रा**

**हाल ही में** एक और दुखद घटना हुई जब कॉलेज छात्रों को ले जा रही एक कार दिल्ली में राजघाट के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें सवार एक छात्र की मौत हो गई। दुर्भाग्य से ऐसे देश में जहां हर साल 1,50,000 से अधिक लोग सड़कों पर मरते हैं, यह सिर्फ एक और आंकड़ा बनकर रह जाएगा, भले ही सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बार-बार उल्लेख किया है कि वह इस भयानक संख्या को कम करना चाहते हैं। लेकिन इस संख्या को कम करना चाहते हैं और वास्तव में ऐसा करना दो अलग चीजें हैं। और इसे हासिल करने के लिए स्थानीय पुलिस बलों की भागीदारी आवश्यक है। उदाहरण के लिए, जिस तत्परता के साथ गुरुग्राम पुलिस ने हाल ही में एक गलत साइड वाले ड्राइवर को जमानत दे दी, भले ही वह उस दुर्घटना के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार था और जिसने एक मोटरसाइकिल चालक की जान ले ली, वह चौंकाने वाली थी। हमें इस घटना के बारे में कभी पता नहीं चल पाता अगर मृतक के दोस्त से फुटेज उपलब्ध नहीं होता। अकेले 2024 में ऐसी घटनाओं की भरमार है, जिसमें चौंकाने वाली पुणे दुर्घटना भी शामिल है जिसने दो युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की जान ले ली।

सड़क पर होने वाली मौतों की संख्या को कम करने के लिए कई समाधान हैं लेकिन एक चीज़ जो पुलिस बलों को जल्दी करनी चाहिए वह है नशे में गाड़ी चलाने वालों पर नकेल कसना। वास्तव में, कोविड से पहले, गुरुग्राम



और मुंबई सहित कई पुलिस बलों ने ऐसा ही किया था और उनके कार्यों के परिणाम मिल रहे थे। लॉकअप में एक रात या महीनों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस के निलंबन ने आवश्यक भय पैदा कर दिया था। यदि हमें जीवन बचाना है, तो पूरे भारत में नशे में गाड़ी चलाने पर तत्काल कार्रवाई करनी होगी। इंडोनेशिया जैसे देशों में, पुलिस ने न केवल शराब पीकर गाड़ी चलाने से निपटने के लिए, बल्कि नशीली दवाओं की उपस्थिति को मापने के लिए भी मूत्र परीक्षण का सहारा लिया है।

ऐप-आधारित टैक्सियों और यहां तक कि किराये के ड्राइवर के लिए धन्यवाद, नशे में कार चलाते हुए घर वापस जाने का कोई बहाना नहीं बचा है। निश्चित रूप से, कार पर नई उभरती प्रौद्योगिकियां जो रक्त अल्कोहल को माप सकती हैं, कार को स्टार्ट होने से रोक सकती हैं लेकिन ये अभी भी व्यापक वास्तविकता बनने से कई साल दूर हैं। तब तक, एक राष्ट्रव्यापी कार्रवाई आवश्यक है। खराब ड्राइविंग आदतों के लिए कई अन्य सुधार करने होंगे, जिसमें पूरे भारत में गलत दिशा में ड्राइविंग की चौंकाने वाली व्यापकता भी शामिल है। वास्तव में, इसे इस हद तक सामान्य कर दिया गया है कि उच्चतम न्यायालय के ठीक बगल में मथुरा रोड पर वाहन ऐसा करते हैं, जहां माननीय न्यायाधीश अक्सर यातायात की स्थिति के बारे में शिकायत करते रहे हैं। लेकिन हर किसी को कहीं न कहीं से शुरुआत करनी होगी। और यहीं से चीजें शुरू होनी चाहिए।

# स्वर्ण पदक विजेता वंतिका पहुंचीं नोएडा, महेश शर्मा ने दिया आशीर्वाद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

हंगरी में हुई शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली नोएडा की बेटी वंतिका पर नोएडावासियों को नाज है। वंतिका की इस जीत ने देश व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सेक्टर-27 की निवासी वंतिका अग्रवाल हाल ही में शतरंज हंगरी ओलंपियार्ड में स्वर्ण पदक जीतकर आई है। इस बिटियां ने इस क्षेत्र का गौरव व मान बढ़ाया है। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने वंतिका के आवास पर जाकर जीत की शुभकामनाएं एवं पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी एवं खेल में उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया साथ में उनकी माता श्रीमती सविता अग्रवाल एवं पिता आशीष अग्रवाल एवं दादा-दादी को भी बधाई दी। वंतिका अग्रवाल के छोटे भाई भी शतरंज के अच्छे खिलाड़ी है। क्षेत्र की जनता भी इस पदक विजेता को आशीर्वाद एवं बधाई दे रहे हैं। नोएडा के सेक्टर-27 में रहने वाली वंतिका मां की बेहद लाडली हैं। उनकी सफलता में मां संगीता अग्रवाल की सबसे बड़ी भूमिका रही है। पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट (ह्र) संगीता शुरू से ही उनके खेल प्रबंधक की भूमिका में रही। बेटी के लिए उन्होंने खुद के करियर की परवाह नहीं की।

वह हर टूर पर साए की तरह बेटी के साथ रहती हैं और मां और मैनेजर की भूमिका निभाती हैं। यह भी इत्तेफाक की बात है कि उन्हें पहला ग्रैंड मास्टर नॉर्म अपनी मां के जन्मदिन पर मिला था और दूसरा अपने पिता के बर्थडे पर।

हर बड़े मैच से पहले मां उनका हौसला बढ़ाती हैं लेकिन हार परकभी गुस्सा नहीं करती बल्कि गले लगाकर दिलासा देती हैं। वंतिका बताती हैं, शुरू में मुझे हारने पर बहुत गुस्सा आता था। यहां तक की नींद में भी बड़बड़ाती थी।



हंगरी में आयोजित शतरंज ओलंपियार्ड में स्वर्ण पदक जीतकर आई वंतिका अग्रवाल को गुलदस्ता भेंट करते सांसद महेश शर्मा।

# नोएडा में पर्यटन और निवेश को मिलेगा बढ़ावा

## 42,790 वर्गमीटर में 6 प्लाट की योजना लॉन्च, कुल 781.48 करोड़ है रिजर्व प्राइस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




नोएडा में पर्यटन और निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्राधिकरण छह होटल बनाने की योजना लेकर आया है। इसमें तीन होटल बजट श्रेणी के और तीन होटल थ्री स्टार रेटिंग के बनाए जा सकेंगे। योजना के तहत ये प्लाट सेक्टर 93बी, 105, 135 और 142 में है। प्राधिकरण ने बताया कि सेक्टर 93बी में विशेष रूप से बजट होटलों के लिए तीन भूखंड आवंटित किए गए हैं। इनमें से दो प्लाट 2,000 वर्गमीटर के हैं, जिनका आरक्षित मूल्य 44.08 करोड़ रुपए प्रति प्लाट है। तीसरा प्लाट थोड़ा बड़ा 2,090 वर्गमीटर का है।

इसका आरक्षित मूल्य 45.61 करोड़ रुपए है। ये प्लाट बजट होटल सेगमेंट के लिए है। इस श्रेणी के होटल की डिमांड पर्यटक , व्यापारियों और निवेशक सबसे ज्यादा करते है। वहीं तीन सितारा होटलों के लिए सेक्टर 105 में 7,500 वर्गमीटर का प्लाट। जिसकी आरक्षित कीमत 138.18 करोड़ रुपए है। जबकि सेक्टर 142 में 5,200 वर्गमीटर का प्लाट है, जिसकी कीमत 98.83 करोड़ रुपए है। सेक्टर 135 में होटल के लिए सबसे बड़ा 24,000 वर्ग मीटर का प्लाट है। जिसका आरक्षित मूल्य 410.70 करोड़ रुपए है। यहां लग्जरी होटल का निर्माण किया जा सकता है। प्राधिकरण ने बताया कि छह होटल प्लाट कुल मिलाकर 42,790 वर्गमीटर में फैले हैं। जिनकी कुल आरक्षित कीमत 781.48 करोड़ रुपए है। आवंटन प्रक्रिया ई-नीलामी के जरिए होगी। योजना के तहत जो भी बोली दाता आना चाहते है। उनकी समस्या या प्रश्नों के उत्तर के लिए 10 अक्टूबर को प्री बिड बैठक की जाएगी। 17 अक्टूबर से 9 नवंबर शाम पांच बजे तक कंपनियां बिड डाल सकती है।

इसके बाद ई-ऑक्शन की प्रक्रिया होगी। खास बात ये है कि इन भूखंड का फ्लोर एरिया अनुपात (एफएआर) 3 और ग्राउंड कवरेज 40 प्रतिशत है, जो उन्हें आधुनिक होटल सुविधाओं के निर्माण के लिए उपयुक्त बनाता है। वहीं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की और से 36 यूनिपोल के टेंडर निकाले थे। इन यूनिपोल का आवंटन बिड के जरिए किया गया है। इन 36 यूनिपोल से रिजर्व प्राइस पर पांच साल के अंदर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को लगभग 19 करोड़ रुपये मिलने थे, लेकिन रिजर्व प्राइस से लगभग 40 फीसदी अधिक दर पर बिड हुई, जिसकी वजह से अब प्राधिकरण को 19 करोड़ की बजाय 27 करोड़ रुपये मिलेंगे।

बता दे कि ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने शहर में लगे जितने भी अवैध यूनिपोल लगाए हुए हैं उन्हें हटाकर नए यूनिपोल का टेंडर कर नए सिरे से आवंटित करने के कड़े आदेश दिए है। सीईओ के निर्देश का पालन करते हुए प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग ने नए यूनिपोल की लोकेशन के टेंडर निकाले थे। इनमें से अधिकांश यूनिपोल नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, डीएससी रोड, 105 मीटर रोड, 60 मीटर रोड व 80 मीटर रोड पर मौजूद हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह का कहना है कि, 36 नए यूनिपोल के लोकेशन चिंहित किए गए और इनका टेंडर निकाला गया। सबसे अधिक बिड लगाने वाले को ये यूनिपोल आवंटित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि लोकेशन के आधार पर यूनिपोल के लिए 10 जोन बनाए गए हैं। इनमें से 5 जोन (जोन-1, 2, 5, 6 और 8) के 36 यूनिपोल का आवंटन बिड से किया गया। इन यूनिपोल से प्राधिकरण को पांच साल में 27 करो? रुपये की आमदनी होगी। कंपनियां पांच साल के लिए इन यूनिपोल पर विज्ञापन लगा सकेंगी। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने चेतावनी दी है अगर किसी ने अवैध यूनिपोल लगाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# गाजियाबाद में टाइल्स व्यापारी की मिली लाश, दोस्त गिरफ्तार

## ममाले में एक अन्य आरोपी फरार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद के सिहानी गेट इलाके में टाइल्स व्यापारी का गोली लगा शव मंगलवार सुबह मिला। शव के पास में ही एक तमंचा रखा हुआ था, जिससे लगा कि व्यापारी ने खुद गोलीमार कर आत्महत्या की है, लेकिन पुलिस ने जब इसकी जांच शुरू की तो पता चला कि व्यापारी की हत्या उसके दोस्त ने गोली मारकर की है और वह फरार हो गए हैं।

इस मामले में पुलिस ने व्यापारी के एक दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य दो की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया है कि 24 सितंबर को थाना सिहानी गेट क्षेत्र के नेहरू नगर में सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव मिला था। जिसके सिर में गोली लगी थी और उसके पास में तमंचा पड़ा मिला था। उसके जेब में एक मोबाइल भी था। मृतक की पहचान ऋषभ गुप्ता निवासी पंचवटी के रूप में हुई है। पुलिस ने जब ऋषभ के परिजनों से बात की तो उन्होंने बताया कि सोमवार की रात को ऋषभ दुकान बंद करके कहीं घूमने के लिए निकले थे।

उन्होंने अपनी पत्नी को फोन पर बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा रहे हैं, सुबह तक वापस आ जायेंगे। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि सोमवार रात को ऋषभ अपने दोस्तों पुलकित गोयल, अनुज शर्मा और मुकुल के साथ हरिद्वार के लिए निकला था। पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार ने बताया कि मुकुल को हिरासत में लिया गया है। पुलकित और अनुज की तलाश की जा रही है। जल्द ही उनकी भी गिरफ्तारी हो जाएगी।

# ईडी ने कुर्क की 14.89 करोड़ की संपत्ति

## बिल्डर फर्म ने फर्जी डॉक्यूमेंट से पाया करोड़ों का बैंक लोन, फिर नहीं चुकाया पैसा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

प्रवर्तन निदेशालय ने गाजियाबाद के बिल्डर राजीव त्यागी व उनके सहयोगियों की 14.89 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी को कुर्क किया है। ये कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत हुई है।

कुर्क संपत्तियों में फ्लैट, दुकान, आवासीय और औद्योगिक भूखंड के रूप में कई अचल संपत्तियां शामिल हैं। ये सभी प्रॉपर्टी मैसर्स साईं कंस्ट्रक्शन एंड बिल्डर्स के पार्टनर राजीव त्यागी, उनके बेटों अमर्त्य राज त्यागी, कनिष्क राज त्यागी सहित मैसर्स एमकेटी गारमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स एसके इंटरप्राइजेज के नाम पर हैं।

दरअसल, गाजियाबाद में सीबीआई ने मैसर्स साईं कंस्ट्रक्शन एंड बिल्डर्स और उसके सहयोगियों के खिलाफ कथित ऋण धोखाधड़ी के तहत भ्रष्टाचार की एक एफआईआर दर्ज की थी। इसी एफआईआर पर ईडी ने अपनी जांच शुरू की है। ईडी की जांच में पता चला है कि राजीव त्यागी ने अपनी पत्नी मीनू त्यागी के साथ मिलकर अपनी साझेदारी फर्म मैसर्स साईं कंस्ट्रक्शन गाजियाबाद और अन्य सहयोगियों/गारंटरों संग मिलकर एक आपराधिक साजिश रची।




इसके तहत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में फर्जी डॉक्यूमेंट्स गिरवीं रखे गए। इन डॉक्यूमेंट्स में प्रॉपर्टी की मूल्यांकन रिपोर्ट बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गई। इस रिपोर्ट के आधार पर बैंक से करोड़ों रुपए के ऋण और अन्य वित्तीय सुविधाएं प्रदान कर ली गईं।

ईडी जांच में ये बात भी सामने आई कि बैंक से लिए गए ऋण को उनके व्यक्तिगत खातों या संबंधित फर्म के माध्यम से डायवर्ट किया गया। बाद में उन पैसों का उपयोग दूसरें काम में किया गया। इसके बाद ऋण नहीं चुकाया गया। इससे बैंक को भारी नुकसान पहुंचा। ईडी इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# सड़क हादसे में पीएसी जवान की मौत

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में पीएसी जवान की मौत हो गई। वहीं फुटेज के जरिये अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। मृतक की पहचान रोमिल चौधरी के रूप में हुई है। रोमिल 49 पीएसी बटालियन नोएडा में तैनात था। मंगलवार तड़के पांच बजे वो बाइक से नोएडा के लिए निकला। भोजपुर थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## संक्षिप्त समाचार



जालिम गैंग के तीन बदमाश पुलिस गिरफ्त में।

### जालिम गैंग के बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़, 4 धरे

**नोएडा।** नोएडा की थाना सेक्टर-58 पुलिस की जालिम गैंग के बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि 3 बदमाशों को पुलिस ने सर्च ऑपरेशन के दौरान अरेस्ट किया। इनके पास से 6 मोबाइल, तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद हुई है। जयपुरिया चौराहा सेक्टर-62 के पास थाना सेक्टर 58 पुलिस चेकिंग कर रही थी। तभी एक बाइक से 3 व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए गए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया। इस दौरान इन लोगों ने बाइक नहीं रोकी और पुलिस पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायर किया। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी। इसकी पहचान एजाज के रूप में हुई। जबकि अन्य 2 बदमाश उमरदराज एवं आसिम उर्फ हासिम को सर्च ऑपरेशन में गिरफ्तार किया। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार बदमाश की निशानदेही पर खुर्रम को एस्पाम चौराहे से गिरफ्तार किया। इसमें उसके पास से चाकू बरामद किया गया।

### कार के बोनट पर रील बनाना पड़ा महंगा

**नोएडा।** कार के बोनट पर बैठकर खतरनाक स्टंट करने का वीडियो सामने के बाद नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने 19500 रुपए का चालान किया है। कार नंबर के आधार पर तलाश की जा रही है। मामले में कार को सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। दरअसल सोशल मीडियो के विभिन्न प्लेटफार्म पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि एक युवक कार के बोनट पर बैठ कर रील बना रहा है। कार की स्पीड भी काफी है। इसे रील बनाकर कई सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड किया गया। साथ ही लोगों ने पुलिस को टैग करके सख्त कार्रवाई की मांग की। हालांकि ये पूरा वीडियो 6 सेकेंड का ही है। पुलिस ने कार के नंबर के आधार पर 19500 रुपए का चालान किया। गा?ी को सीज करने की तलाश की जा रही है। डीसीपी ट्रैफिक यमुना प्रसाद ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस तरह से स्टंट करते हुए रील बनाना खतरनाक है। जान का खतरा है। यातायात नियमों का पालन करे।

### आईएमएस लॉ कॉलेज में स्वास्थ्य जांच शिविर

**नोएडा।** आईएमएस लॉ कॉलेज, नोएडा ने छात्रों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस शिविर में मंगलवार को मैक्स हॉस्पिटल, शार्प साइट, और क्लोव डेंटल के विशेषज्ञों के सहयोग से छात्रों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर के पहले दिन छात्रों के लिए कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह, ब्लड प्रेशर, बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट, दंत, और नेत्र संबंधी जांच के फ्री डॉक्टर कंसल्टेशन की व्यवस्था की गई।

### कार का शीशा तोड़ कर लैपटॉप और सामान चोरी

**नोएडा।** थाना सेक्टर-62 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि हीरा प्रसाद पुत्र कपिल देव महतो ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह पुलिस एनक्लेव चंचल पार्क दिल्ली में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार वह एचडीएफसी बैंक में काम करते हैं। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सेक्टर-62 में उन्होंने अपनी कार खड़ी की थी। वह किसी काम से चले गए। जब थोड़ी देर बाद वह वापस आए तो उन्होंने देखा कि उनकी कार के पिछले दरवाजे का शीशा तोड?र अज्ञात बदमाशों ने कार में रखा हुआ डेल कंपनी का लैपटॉप, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, फोन चार्जर,इयरबड्स, आदि चोरी कर लिया है।

### 29 से शुरू होगा क्रिकेट टूर्नामेंट

**गाजियाबाद।** जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केंद्र द्वारा आयोजित 8वीं बार अंडर-16 रजत मित्तल मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 29 सितम्बर से संस्था के खेल मैदान पर किया खेला जाएगा। गत वर्ष की विजेता टीएनएम, उप विजेता डीएस क्रिकेट एकेडमी, श्रीराम क्रिकेट एकेडमी, वंडरस क्रिकेट एकेडमी, वेदान्त क्रिकेट एकेडमी, अम्बीका एम्सटर्डम, सहित 8 टीमों को खेलने के लिए आमंत्रित किया गया है। टूर्नामेंट की विजेता टीम को रजत मित्तल ट्राफी के साथ 41000 रुपए, उपविजेता टीम को 31000 नकद के अतिरिक्त टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज को 2100 प्रदान किये जाएंगे।

# सनशाइन बिल्डर कंपनी का एमडी गिरफ्तार

## 100 से ज्यादा फाइल जब्त, बायर्स ने लगाया गबन करने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सनशाइन बिल्डर पर लगे धोखाधड़ी के आरोपों पर जांच के बाद नोएडा पुलिस ने कंपनी के एमडी हरेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस की तीन टीमें बीते कई दिनों से आरोपी बिल्डर कंपनी के एमडी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थीं। हरेंद्र यादव के गिरफ्तारी की पुष्टि सोमवार देर रात नोएडा पुलिस के अधिकारियों ने की।



फ्लैट खरीदार की तरफ से लगाए गए धोखाधड़ी के आरोप पर 2 सितंबर को पुलिस ने उसके कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में कृष्ण कुमार और अनिल प्रकाश की तलाश जारी है। एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि धोखाधड़ी के मामले में नामजद हरेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तारी के बाद कंपनी के एमडी को न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है।

जल्द ही उनके करीबियों पर भी शिकंजा कसा जाएगा। ईओडब्ल्यू भी बिल्डर के ऊपर लगे कई मामले की जांच कर रही है। सेक्टर-78 स्थित सनशाइन हिल्योस सोसाइटी के निवासियों ने इसी माह कंपनी के एमडी के खिलाफ सेक्टर-113 थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

# फॉर्म हाउस में बिना अनुमति शराब पार्टी

**नोएडा।** नोएडा के एक फॉर्म हाउस में बिना परमिशन के शराब पार्टी चल रही थी। पुलिस और आबकारी विभाग की टीम में संयुक्त रूप से छापेमारी की। इस दौरान सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया और इन लोगों के कब्जे से शराब भी बरामद की गई। एक्सप्रेस-वे थाना पुलिस और आबकारी विभाग की टीम को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के सेक्टर 135 में स्थित ग्रीन ब्यूटी फॉर्म हाउस में शराब पार्टी की जा रही है, जहां पर अवैध शराब का इस्तेमाल हो रहा है और इस शराब पार्टी के लिए किसी भी तरह का लाइसेंस आबकारी विभाग की तरफ से नहीं लिया गया है। आबकारी विभाग और नोएडा एक्सप्रेसवे थाना पुलिस ने तत्काल प्रभाव से फॉर्म हाउस पर जाकर छापेमारी कर दी।


## PUBLIC NOTICE

It is informed to General Public that my clients Mr. Deepak Mohin son of Late Sh. O. P. Mohin and his wife Mrs. Anita Mohin resident of Flat No.3C, Tower 7, Bellevue 7, Sohna Road, Central Park II, Sector 48, Gurugram-122018, have disentitled/ disowned their son Madhur Mohin from all their moveable and immovable properties rights and titles. Public at large is notified that anybody dealing with him shall be doing it at their own cost and risk and my client shall not be held liable for any dealing/transaction hereinafter with them.

**Manoj Tewari (Advocate) Ch. No. 133, Patiala House Court New Delhi-110001.**

## सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम, सुषिर भाटिया, पुत्र,स्वर्गीय श्री नारायण दास भाटिया और प्रिया भाटिया,पुत्री, स्वर्गीय श्री नारायण दास भाटिया की पंजीकृत वसीयत के आधार पर स्वर्गीय श्री नारायण दास भाटिया के नाम, अविभाजित संपत्ति संख्या बी-93/94, डबल स्टोरी, रमेश नगर, नई दिल्ली-110015 के 50% हिस्से के प्रतिस्थापन/उत्परिवर्तन के लिए एल एंड डीओ में आवेदन दाखिल कर रहे हैं। यदि इस आवेदन पर आम जनता की ओर से कोई आपत्ति/दावा है, तो उसे इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर, पंजीकृत डाक के माध्यम से या निर्माण भवन, नई दिल्ली में एल एंड डीओ में जाकर या ldo@nic.in पर ईमेल के माध्यम से सहायक दस्तावेजों के साथ एल एंड डीओ को सूचित किया जाना चाहिए।

नाम: सुषिर भाटिया और प्रिया भाटिया
पता: 59, इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट, पॉकेट 3, सेक्टर 12, दवारका, नई दिल्ली - 110078
फ़ोन: 9968296804

## PUBLIC NOTICE

Reg: Third Floor with roof rights, (Hereinafter referred to as the "Said Floor"), Built up on Property Bearing No. A-74, area measuring 50 sq. yds., Out of Khasra No. 163, situated at Gali No. 9, West Azad Nagar Village Ghondli, Illaqa Shahdara, Delhi. (Hereinafter referred to as the "Said Property").

Be it known to all that our clients, Mrs. Tanu and Mr. Raju (hereinafter called the "Purchaser") intend to purchase the said floor from Mrs Rajshree Gupta (hereinafter called the "seller"). In this connection, the seller has informed the purchaser that she is the sole and absolute owner of the said floor vide Sale Deed executed by Mr. Sachin Bansal in her favour. The said sale deed is registered as Document No. 7308, Book No. I, Volume No. 1594, pages 59-68 on 29.08.2018 (SRO-IVB, Vivek Vihar). The seller further informed that the said property was owned by Mrs. Prem Wati Gupta vide POA documents viz., GPA, ATS and Will dated 29.04.2011 and after her death, the said property devolved on her legal heirs viz., Neeru Jain, Dinesh Bansal, Nakul and Sachin Bansal. Later on, Neeru Jain, Dinesh Bansal, Nakul executed an Relinquishment Deed in favour of Mr. Sachin Bansal in respect of their undivided shares in the said property. The said Relinquishment Deed is registered as Document No. 6986 on 16.08.2018. Finally, Mr. Sachin Bansal sold the said floor to Mrs. Rajshree Gupta, as aforesaid. Thus, Mrs. Rajshree Gupta became the sole and absolute owner of the said floor. The seller has further informed the purchaser that the said floor is not mortgaged anywhere and there is no charge or dispute or any litigation pending regarding the said floor.

Any person including Bank/s, Financial Institution/s. relative/s having any claim, right, title or any interest of any nature whatsoever into or upon the said floor is hereby called upon to make the same known, in writing, with documentary evidence, by Registered AD Post, to the undersigned at the address mentioned herein below within 07 days of publication of this notice and in the event of no response having been received to the notice, the title of the seller in respect of the said floor shall be deemed to be clear of any charge or encumbrance of any nature whatsoever and any subsequent claim shall not bind our clients/Purchaser, in any manner whatsoever.

**Shivkant Arora, Advocate**
**M/s Intellective Law Offices**
**A-74, LGF, Defence Colony,**
**New Delhi-110024**

## PUBLIC NOTICE

Re: Built-up Portion of Property Bearing No. 42-A, New Plot No. C-228/1, area measuring 25.08 sq.mtrs., (i.e. 30 sq.yds.) *referred to as the "Said portion"* part of Property Bearing No. 42-A, New Plot No. C-228/1, measuring 46 sq. yds., out of Khasra No. 63/13, Village Nangloi Jat Delhi State, abadi known as Vandana Vihar, Nangloi, Delhi-110041., *(Hereinafter referred to as the "Said Property").*

Notice is hereby given to the general public including Banks, Financial Institutions, etc. that, as informed by our client, Mr. Janardan, he is the sole and absolute owner of the said portion of the said property vide Gift Deed executed by Mrs. Meera Devi in his favour. The said Gift Deed is registered as Document No. 2024/6/I/5263 in Book No.1, Volume No. 5743, pages 107-126, on 30.07.2024 (SRO-West Punjabi Bagh). Mrs.Meera Devi owned the said portion vide POA documents viz.,GPA, ATS and Will dated 07.03.2024, and later on gifted the said portion to Mr. Janardan, as aforesaid. Now, Mr. Janardan intends to mortgage the said portion with SMFG India Home Finance Company Ltd., for availing loan facility.

If any person, society, bank, financial institution or other institutions have any objection against the ownership of our client on the said portion of the said property and subsequently rightful mortgage of the said portion of the said property in favour of SMFG India Home Finance Company Ltd.,by our client, may raise his/her/their objection/s, in writing, by Registered AD post, to the undersigned, within 07 days, on address mentioned below. Otherwise after expiry of 07 days from the date of publication of this notice, the said portion of the said property shall be mortgaged by our client in favour of SMFG India Home Finance Company Ltd.,and no objection shall be acceptable against such mortgage.

**SHIVKANT ARORA, ADVOCATE**
**FOR M/S INTELLECTIVE LAW OFFICES,**
**A-74, LOWER GROUND FLOOR,**
**DEFENCE COLONY, NEW DELHI-110024**

## सार्वजनिक सूचना

यह सभी को ज्ञात हो कि मेरे मुवक्किल (1) श्री मुन्ना लाल, पुत्रः स्वर्गीय रामराज और (2) श्री रमेश कुमार, पुत्रः श्री मुन्ना लाल 'स्ट्रेस कॉन टेक्निकल सर्विसेज' के पार्टनर, निवासीः मकान नंबर बी-31, गली नंबर 13, खंड-बी, शिवदुर्गा विहार, लक्कड़पुर, सूरजकुंड, फरीदाबाद हरियाणा को कुछ अज्ञात लोगों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। मेरे मुवक्किल के खिलाफ कई पुलिस स्टेशनों में अपनी पहचान छुपाकर गैरकानूनी कारोबार, बलात्कार, तस्करी, नकली मुद्रा आदि जैसे झूठे और गंभीर आरोप लगाने की शिकायतें दर्ज की जा रही हैं, जो मेरे ग्राहकों के लिए बेहद आपत्तिजनक है और ऐसे लोगों के खिलाफ गंभीर कार्रवाई की आवश्यकता है। ऐसा लगता है कि मेरे ग्राहकों के साथ लुका-छिपी का एकमात्र उद्देश्य मेरे ग्राहक से पैसे ऐंठने के लिए कहानी रचना है। पुलिस अधिकारी मेरे मुवक्किल को जो सरकारी ठेकेदार (सिविल) हैं, अलग-अलग पुलिस स्टेशनों (दिल्ली पुलिस, हरियाणा पुलिस, यूपी पुलिस और अन्य राज्य पुलिस भी) में ऐसी छद्म नाम से और बार-बार की जाने वाली शिकायतों का जवाब देने के लिए बुला रहे हैं जो न केवल प्रकृति में दर्दनाक हैं बल्कि पूरी तरह से झूठी, परेशान करने वाली, अपमानजनक, डराने वाला है तथा मेरे मुवक्किल की प्रतिष्ठा और उनके वैध रूप से बढ़ते व्यवसाय को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है। मेरे मुवक्किल बार-बार संबंधित पुलिस अधिकारियों से अपराधी का पता लगाने का अनुरोध कर रहे हैं, लेकिन आज तक ऐसे व्यक्तियों की पहचान उजागर नहीं की गई है। इस तरह की गंभीर गैरकानूनी गतिविधि में शामिल किसी भी व्यक्ति को सलाह दी जाती है और चेतावनी दी जाती है कि वह तत्काल प्रभाव से ऐसा करने से बचें, ऐसा न करने पर मेरा मुवक्किल अपनी शिकायतों के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाएगा और छतिपूर्ति तथा मुआवजे के लिए भी अदालत में मुकदमा दायर करेगा।

**सुभाष चंद्रा (अधिवक्ता)**
**कार्यालय:** 209, ए-212/सी, तिरुपति प्लाजा, लेन नं. 1, शकरपुर, विकास मार्ग, दिल्ली-110092

## सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालयः** आईसीआईसीआई बैंक लि., कार्यालय नं. 201-बी, दूसरी मंजिल, रोड नं. 1 प्लॉट नं. बी3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, ठाणे, (पश्चिमी)-400604

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्जदार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।
कर्जदार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्जदार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्जा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्जदार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ऋण खाता नं. | सम्पत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दिनेश कुमार शर्मा और नेहा शर्मा- LBGWA00005550679 | फ्लैट नं. 108, ग्वालियर विकास प्राधिकरण की आनंद नगर स्कीम, आनंद नगर योजना, ग्वालियर, मध्य प्रदेश- 474001/ 20 सितंबर, 2024 | अप्रैल 17, 2024 रु. 10,58,509/- | ग्वालियर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(यॉं) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

**दिनांक : सितम्बर 25, 2024**
**स्थानः दिल्ली**

**भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि. के लिए**

## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नम्बर-23, शॉल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।
कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजेश रंजन वर्मा/ रंजू कुमार/ LBFDB00002866435 | द्वितीय तल पर संपूर्ण फ्लैट, छत के अधिकार सहित, आवासीय प्लॉट संख्या 4226, सैनिक कॉलोनी, सेक्टर 49, फरीदाबाद/ सितंबर 21, 2024 | मार्च 17, 2017 रु. 28,96,348/- | फरीदाबाद |
| 2. | प्रशांत मोरे/ ज्योति आनंद/ TBFDB00006433165/ LBFDB00006653877 | फ्लैट संख्या टी1-1102, 11वीं मंजिल, अदित्या होम्स, टॉवर- टी1, मुख्य मथुरा रोड पर स्थित, सेक्टर-143, गाँव सीकरी, फरीदाबाद हरियाणा- 121002/ सितंबर 21, 2024 | मई 22, 2024 रु. 15,98,493/- | दिल्ली/ फरीदाबाद |

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(यॉं) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

**दिनांक : सितंबर 25, 2024**
**स्थान : दिल्ली और फरीदाबाद**

**भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए**

## PUBLIC NOTICE

Sh. Saurabh Gupta has resigned from partnership firm **M/S COSMO TRADING COMPANY** at K-31/1, Gali No. 4, Anand Parbat, New Delhi-110005 on 31.01.2024 and the continuing partners Shashi Kiran and Vandna Gupta has admitted Chirag Gupta and Sarthak Gupta as new (incoming) partners in the firm w.e.f. 01.02.2024.

**M/S COSMO TRADING COMPANY**
**(Parteners) For Cosmo Trading Company**
**Shashi Kiran Partner, Vandna Gupta.**

## PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Sunita Bhagat and Rita Chopra are owners for 1/3rd share each, as per sale deed 12.08.2016 & Surviving Members & claiming owners of late Sudhir Khosla who was joint owner for 1/3rd share vide above mentioned sale deed, of Built up Independent Floor, Woodstock Unit No.138, on Ground Floor, having built up area measuring 988 sq.ft. (91.79 sq.meters). Plot area 160 sq. meters, in Block-W. in the Projects known as Woodstock Floors, Nirvana Country, Suncity-II, Phase-II, situated at Sector-50, Village Adampur, Fatehpur Tigra, Tikri, Samaspur, Ghasola, & Badshahpur, Tehsil & District Gurgaon, Haryana. All persons including other legal heirs /surviving members if any are hereby informed that above mentioned owners/claiming owners want to sell the said property to someone who want to take loan for purchase of the same from our client, if anyone having any objection on the ownership of above owners & claiming owners with respect of the said property its sale & mortgage & any kind of litigation etc. kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
**200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15**
**Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com**

## E-DRAW

Public at large is hereby informed that 3rd Draw for allotment of flats, through **ONLINE DRAW ON E-DRAW PORTAL** of the project" MAULSHREE HEIGHTS" Sector-84, Faridabad, being developed by **M/s ARTTECH AFFORDABLE HOUSING LLP**., having its office at GF-10, Plot-9, Ground Floor, Ozone Centre, Sector-12, Faridabad-121007, being developed under the Haryana Affordable Housing Policy 2013, will be held on **Dt 26.09.2024 at 1:00 P.M.** in office of Senior Town Planner, Second Floor, HSVP Complex, Sector-12. Faridabad in the presence of the Draw Committee. The applicants can watch the live link https://youtube.com/live/sqL9R4yBJUc?feature=share

**ARTTECH AFFORDABALE HOUSING LLP**
**GF-10, Plot-9, Ground Floor, Ozone Center, Sector-12, Faridabad**

# आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे सुविधाएं : आतिशी

## मुख्यमंत्री ने कामकाज को लेकर सभी कैबिनेट मंत्रियों के साथ की बैठक

## पदभार ग्रहण करने के बाद दिल्ली सरकार के सभी विभागाध्यक्षों को दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मंगलवार को कैबिनेट मंत्रियों व दिल्ली सरकार के सभी विभागाध्यक्षों साथ मुख्यमंत्री आतिशी ने कामकाज को लेकर बैठक की।

मुख्यमंत्री आतिशी ने पदभार ग्रहण करने के बाद मंगलवार को कैबिनेट मंत्रियों व दिल्ली सरकार के सभी विभागाध्यक्षों साथ सरकार के कामकाज को लेकर बैठक की। इस अवसर पर आतिशी ने कहा दिल्ली सरकार और दिल्ली में तैनात अफसरों की पूरी जबाबदेही दिल्लीवासियों के प्रति है। बैठक में सीएम ने कहा, सरकार के रूप में हमारी जिम्मेदारी है कि पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति तक भी सरकारी सुविधाएं पहुंचे और सरकार उनकी उम्मीदों पर खरा उतरे।

बैठक में कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत शामिल रहे। साथ ही दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र सहित सरकार के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

बैठक में मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि, दिल्ली सरकार और दिल्ली में तैनात अफसरों की पूरी जबाबदेही दिल्ली के लोगों के प्रति है। दिल्ली के लोगों द्वारा दिए टैक्स से ही हम सभी के घर चलते है ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि, हम उन्हें बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने के लिए काम करें और लोगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी के साथ निभाए। उन्होंने कहा कि, सरकार के रूप में हमारी जिम्मेदारी है कि पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति तक भी सरकारी सुविधाएं पहुंचे और सरकार उसकी उम्मीदों पर खरा उतरे।

ऐसे में दिल्ली सरकार और अफसर मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि दिल्ली में हर जरूरतमंद तक सरकारी सुविधाएं पहुंचें और उन्हें एक सम्मानजनक जीवन मिल सके। सीएम आतिशी ने अधिकारियों ने कहा कि, अफसरों के काम से दिल्ली के लोगों की जिंदगी पर बड़ा प्रभाव पड़ता है, ऐसे में दिल्ली के सभी अफसरों की ये जिम्मेदारी है कि वो दिल्ली के लोगों के बेहतरी के लिए काम करें।

सरकार के रूप में हम अधिकारियों को पूरा सहयोग देंगे। मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद आतिशी ने सोमवार को कहा था, मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में चार महीने तक उसी तरह काम करूंगी, जैसे भरत ने भगवान राम की खड़ाऊं को सिंहासन पर रखकर अयोध्या का राजकाज संभाला था। आतिशी ने पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल की कुर्सी के बजाय एक अन्य कुर्सी पर बैठने का फैसला किया और कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय में केजरीवाल की कुर्सी उनका इंतजार करेगी।

# मुख्यमंत्री ने हनुमान मंदिर में किया दर्शन-पूजन

- कहा, केजरीवाल को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर फिर से बिठाने का मांगा आशीर्वाद

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में प्रभार संभालने के एक दिन बाद आतिशी ने मंगलवार को यहां कनॉट प्लेस में हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की और जनता के लिए काम करते रहने एवं विधानसभा चुनाव के बाद अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर फिर से बिठाने के लिए उनका आशीर्वाद मांगा।

मंदिर में दर्शन के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि भगवान हनुमान पिछले दो साल से दुश्मनों के हमलों से आम आदमी पार्टी (आप), दिल्ली में उसकी सरकार और अरविंद केजरीवाल की रक्षा कर रहे हैं, ए दुश्मन पार्टी को तोड़ने एवं लोगों के लिए दिल्ली सरकार द्वारा किए जा रहे कामकाज को अवरूद्ध करने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, भगवान हनुमान सभी संकटों में हमारी रक्षा करने वाले संकटमोचक हैं, मैंने उनसे दिल्ली के लोगों के लिए निरंतर काम करते रहने और चुनाव के बाद मुख्यमंत्री के रूप में अरविंद केजरीवाल की वापसी का आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री प्रार्थना करने तथा सभी के कल्याण एवं समृद्धि के लिए उनका आशीर्वाद मांगने कनॉट प्लेस के ऐतिहासिक प्राचीन हनुमान मंदिर गईं। मंदिर में महंत (मुख्य पुरोहित) ने दिल्ली की मुख्यमंत्री के ललाट पर तिलक लगाया और उन्हें एक झंडा दिया।

मुख्यमंत्री ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और शिवलिंग पर जल चढ़ाया। हनुमान दर्शन के बाद आतिशी ने एक्स पर इसके बारे में कुछ तस्वीरें साझा कीं और लिखा , कनॉट प्लेस में स्थित हनुमान मंदिर में हनुमानजी का आशीर्वाद लिया। पिछले दो सालों से आप, दिल्ली सरकार, दिल्ली की जनता एवं हमारे नेता अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कई साजिशें रची गईं। लेकिन भगवान हनुमान ने हर संकट से हमारी रक्षा की।

# आप सरकार के चार दिन चार तमाशे, काम सिफर : सचदेवा

- नई सीएम अपने पुराने अंदाज में अधिकारियों पर दोषारोपण करने का काम कर रहीः भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रदेश भाजपा के नेता आम आदमी पार्टी की सरकार पर हमलावर हैं। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि आतिशी सरकार के चार दिन आज पूरे हो गये हैं पर जनता समझ नहीं पा रही की सरकार काम कब करेगी। चार दिन में उन्होंने चार तमाशे जरूर दिखाये हैं पर काम में सिफर है। शनिवार को आतिशी ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर की परिक्रमा की उनके पैर छूने का फोटो शूट करवाया।

रविवार को जनता अदालत के हास्यास्पद नाटक में पहुंची, जहाँ इनको बोलने का मौका तक नहीं मिला। सोमवार को दफ्तर में दो कुर्सी का डाल कर तमाशा किया। मंगलवार को हनुमान मंदिर के बाहर केजरीवाल सरकार के विजन को ही जो भ्रष्टाचार का पर्याय है को ही आगे बढ़ाने की घोषणा कर आतिशी ने दिल्ली वालों को स्तब्ध कर दिया है। सचदेवा ने कहा है की वैसे तो लोग पहले ही भलीभांति जानते थे कि आतिशी एक असफल मंत्री हैं जो केवल ब्यान देने एवं घोषणाएं करने को प्रशासकीय कार्य समझती हैं पर जब मुख्यमंत्री बनी तो लगा शायद अब कुछ शासन, प्रशासन पर पर ध्यान दें पर 4 दिन का लगभग 100 घंटे का सफर बताता है उनकी शासन सुधार में नहीं केजरीवाल के भ्रष्टाचार में डूबे विजन को आगे बढ़ाने में रूची है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है किसी भी सरकार के काम में कैबिनेट बैठक का बड़ा महत्व होता है, दिल्ली में लगभग 7 महीने से कैबिनेट बैठक नहीं हुई है और उम्मीद थी नई सीएम कैबिनेट बैठक बुला कर अटके हुए काम आगे बढ़ायेंगी पर उनको उसकी कोई चिंता नहीं है। सचदेवा ने कहा है की खेदपूर्ण है की कैबिनेट बैठक बुला कर सरकारी काम आगे बढ़ाने की जगह उन्होंने अपने पुराने अंदाज में अधिकारियों पर दोषारोपण करने का काम किया।

## विस सत्र एजेंडा तय करे सरकार : देवेन्द्र

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि एक साल के अंतराल के बाद 26 और 27 सितंबर को विधानसभा का दो दिवसीय सत्र के लिए एजेंडा तय करने और राजधानी की विभिन्न समस्याओं के समाधान के निकालने की बजाय मुख्यमंत्री आतिशी नौटंकी कर रही हैं।

केजरीवाल की सीएम की कुर्सी खाली रखना एक नाटक है और लोग इतनी लापरवाही से शीर्ष पद संभालने के लिए आतिशी का मजाक उड़ा रहे है। आतिशी पर जिन 13 विभागों की जिम्मेदारी है उन पर ध्यान केंद्रित करके विकास पर ध्यान देना चाहिए। यादव ने कहा कि राजनीति में इतनी गिरावट कभी दिखाई नही दी।

# समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई करे सरकार : विजेंद्र गुप्ता

- भाजपा विधायकों ने मुख्य सचिव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा विधायकों ने दावा किया कि दिल्ली सरकार की उदासीनता और गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण दिल्ली वाले अमानवीय परिस्थितियों में जीने को विवश हो रहे हैं।

उन्होंने आतिशी सरकार से जन समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। इस बीच नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता की अगुवाई में भाजपा विधायकों का एक दल मुख्य सचिव से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इसमें सीसीटीवी नहीं लगाए जाने, छठे दिल्ली वित्त आयोग का गठन नहीं करने, पानी की किल्लत, टूटी सड़कों, बढ़ते प्रदूषण, 90 हजार गरीबों को राशन कार्ड जारी न करने जैसे मुद्दों पर मुख्य सचिव से संज्ञान लेने का अनुरोध किया है। इसके अलावा विधायक दल ने भाजपा विधायकों के विधानसभा क्षेत्र में जानबूझकर विकास कार्य न करवाने का आरोप भी दिल्ली सरकार पर लगाया है।

# शहर में पर्याप्त पुलिस दिखाई दे : एलजी

- दिल्ली पुलिस आयुक्त को वरिष्ठ अधिकारियों की सूची, उनकी तैनाती का विवरण तैयार करने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि शहर भर में पर्याप्त पुलिस कर्मियों की तैनाती दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने पुलिस आयुक्त से वरिष्ठ अधिकारियों की सूची तैयार करने को कहा है, जो निर्देशों के अनुपालन और शहर में पुलिस कर्मियों के तैनाती सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होंगे। इसकी नियमित निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का ड्यूटी चार्ट, जिसमें उनकी तैनाती का विवरण और उनके फोन नंबर शामिल होंगे, उपराज्यपाल सचिवालय भेजा जाए।

उपराज्यपाल, जो लगातार अपराध रोकने के लिए सड़कों मोहल्लों और इलाकों में पुलिसकर्मियों के दिखाई देने पर जोर देते रहे हैं, ने पुलिस बीट चौकियों के आसपास के क्षेत्रों में, ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को साफतौर पर अपने तैनाती स्थल पर मौजूद रहने को कहा है। वह हमेशा इस बात पर जोर देते रहे हैं कि पुलिसकर्मियों की उपस्थिति स्वाभाविक तौर पर अपराध और अपराधियों को रोकती है। एलजी सक्सेना ने पुलिस आयुक्त को वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम बनाने की सलाह दी है, जो सादे कपड़ों में रहेगी और पुलिसकर्मियों की इलाके में उपस्थिति और निर्देशों के लागू होने को सुनिश्चित करेगी। उपराज्यपाल ने साफ किया है कि इस संबंध में किसी भी तरह की कोताही को गंभीरता से लिया जाएगा।

## दिमागी रूप से कमजोर युवक की पीटकर हत्या

**नई दिल्ली।** रोहिणी के प्रेम नगर इलाके में अपने घर के पास खड़े एक टेम्पो का शीशा तोड़ने पर मानसिक रूप से कमजोर एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

घटना के सिलसिले में पांच संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि अन्य की पहचान की जा रही है। दीपक अपने घर के बाहर खड़ा था तभी कुछ लोगों ने उस पर रॉड और डंडों से हमला कर दिया। पता चला कि दीपक दिमागी रूप से कमजोर था और उसने अपने पड़ोसी के टेम्पो का शीशा तोड़ दिया था। इस बात से कुछ लोग आक्रोशित हो गए और रात करीब 9.20 बजे उन्होंने उसके साथ मारपीट की।

# डूसू चुनाव : दीवारों से पोस्टर हटाने की चेतावनी बेअसर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव कराने के लिए नियुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा उम्मीदवारों को मुद्रित सामग्री 24 घंटे के भीतर हटाने की चेतावनी दिए जाने के एक दिन बाद भी पोस्टर और बैनर से विश्वविद्यालय परिसर की दीवारें पटी पड़ी हैं। उत्तरी और दक्षिणी परिसरों का मुआयना करने पर पता चला कि न केवल दीवारें चुनाव प्रचार सामग्री से पटी हुई थीं, बल्कि सड़कों पर भी सफेद, लाल और नीले रंग के पर्चे बिखरे हुए थे।

डूसू चुनाव 2024-25 के लिए नियुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सोमवार को सभी उम्मीदवारों को नोटिस जारी कर, 24 घंटे के भीतर विश्वविद्यालय परिसर में उनके नाम के लगे पोस्टर बैनर को हटाने का निर्देश दिया। इन नियमों का कार्यान्वयन जमीनी स्तर पर होता नहीं दिख रहा। विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव लिंगदोह समिति की सिफारिशों के आधार पर होते हैं जिनके मुताबिक मुद्रित पोस्टर बैनर लगाना नियमों का उल्लंघन है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सत्यपाल सिंह ने बताया, हम किसी भी चुनाव के उल्लंघन पर करीब से नजर रखे हुए हैं।

## प्रत्याशियों ने छात्रों से किया संवाद



*नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों से डूसू चुनावों में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की है। परिषद के डूसू पैनल से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार ऋषभ चौधरी, उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार भानु प्रताप सिंह, सचिव पद की प्रत्याशी मित्रविंदा कर्णवाल और संयुक्त-सचिव प्रत्याशी अमन कपासिया ने मंगलवार को चुनाव प्रचार के दूसरे दिन विवि के सभी विभागों और कॉलेजों में संपर्क के दौरान उन्हें छात्रावास निर्माण, मेट्रो पास, नए हॉस्टल के निर्माण आदि मुद्दों से अवगत कराया व शत प्रतिशत मतदान करने की अपील छात्रों से की है।*

# पश्चिम और दक्षिण दिल्ली के कुछ हिस्सों में आज नहीं होगी जलापूर्ति

- नांगलोई पाइप लाइन में रिसाव की मरम्मत की जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के निलोठी मोड़ के पास पाइप लाइन में रिसाव की मरम्मत के कारण बुधवार को पश्चिमी और दक्षिण पश्चिमी दिल्ली के कुछ इलाकों में जलापूर्ति बाधित रहेगी। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने यह जानकारी दी।

डीजेबी द्वारा जारी बयान के अनुसार, मोहन गार्डन, बापरोला गांव, बक्करवाला गांव, डिचाऊं मकसूदाबाद, लक्ष्मी गार्डन, वीरेंद्र मार्केट, बजरंग एन्क्लेव, उजवा और दौलतपुर प्रभावित होंगे। बयान में कहा गया, निलोठी मोड़ के पास जल उपचार संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) नांगलोई से निकलने वाली एक हजार मिलीमीटर व्यास की पाइप लाइन में रिसाव की मरम्मत के कारण प्रभावित क्षेत्रों में 25 सितंबर को सुबह आठ से शाम चार बजे तक जलापूर्ति नहीं होगी। जल बोर्ड ने प्रभावित इलाके के लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी का भंडारण करने और उसका विवेकपूर्ण उपयोग करने की सलाह दी। बयान में कहा गया है कि डीजेबी हेल्पलाइन या केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से मांग करने पर पानी के टैंकर उपलब्ध होंगे।

## फैज रोड रेड लाइट से रानी झांसी गोलचक्कर तक अतिक्रमण मुक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने करोल बाग जोन के देश बंधु गुप्ता रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। कई अतिक्रमण विरोधी अभियानों के बाद फैज रोड रेड लाइट से रानी झांसी राउंड तक के हिस्से को अतिक्रमण-मुक्त कर दिया गया।

साथ ही दावा किया कि यह हिस्सा अब साफ-सुथरा और व्यवस्थित हो गया है। कार्रवाई के दौरान अस्थायी ढ़ांचो व प्लेटफार्मों को हटाया गया। यह कार्रवाई पुलिस की मदद से की गई। उपायुक्त कर्नल अभिषेक मिश्रा ने कहा कि यह पहल सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण-मुक्त बनाए रखने और सभी नागरिकों की सुरक्षा व हितों को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# महिला स्वच्छता के लिए चिकित्सा शिविर

- नजफगढ़ के तमन्ना रेजिडेंट्स कैंपस में आयोजन



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के सहयोग से इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड हाइजीन, सुलभ इंटरनेशनल और आश एक किरण फाउंडेशन ने मंगलवार को राजधानी के नजफगढ़ में तमन्ना (सिस्टर्स ऑफ चैरिटी) रेजिडेंट्स कैंपस में स्वच्छता ही सेवा, मिशन लाइफ, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन और परित्यक्त महिलाओं के लिए विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर डॉ. नमिता माथुर ने कहा, इस पहल का उद्देश्य समुदाय में महिलाओं और लड़कियों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। आश -एक किरण फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार ने कहा शिविर में कई तरह की चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं।

इस अवसर पर आरसी झा, आनंद चौहान सहित सुलभ इंटरनेशनल के वरिष्ठ अधिकारियों और चिकित्सकों ने अपने विचार व्यक्त किए। शिविर में चिकित्सा जांच के साथ ही मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रथाओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शैक्षिक सत्र को शामिल किया गया। सुलभ आईआईएचएच ने महिलाओं को आवश्यक स्वच्छता के लिए सैनिटरी पैड वितरित किए।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-अमेरिका के प्रयासों से बढ़ेगा ग्रीन रोजगार



**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन को न्यूनतम और ऊर्जा परिवर्तन के मामले में भारत और अमेरिका के संयुक्त कदम से बेहतर दुनिया बनाने के साथ ग्रीन रोजगार भी पैदा होंगे। यह बात राजधानी में मंगलवार को इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएसीसी) 21वीं इंडो-यूएस इकोनॉमिक समिट में नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन जोर्गन के. एंड्र्यूज ने कही। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों में विकास की तेज़ गति पर कहा कि मजबूत और सुदृढ़ संबंधों से दोनों देशों के लोगों को जबरदस्त लाभ मिल रहा है। एंड्र्यूज ने कहा, भारत-अमेरिका कमर्शियल डायलॉग और सीईओ फोरम अगले सप्ताह अमेरिका में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में डॉ. अभय सिन्हा, डॉ. ललित भसीन, अवनीश कुमार अवस्थी, डॉ. अतुल चौहान, डॉ. उपासना अरोड़ा, अशोक चतुर्वेदी शामिल थे।

### सौर ऊर्जा से बिजली उपयोग में जौंती गांव अव्वल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के जौंती ग्रामीणों ने सौर ऊर्जा से बिजली यानि वैकल्पिक ऊर्जा इस्तेमाल करने में अव्वल रहकर गांव का नाम रोशन कर दिया है। इसके सफल उपयोग और सामूहिक पहल के लिए टाटा पावर डीडीएल के ग्राम उपभोक्ता समूह यानी वीसीजी ने जौंती गांव के उपभोक्ताओं को सम्मानित किया है। ज्ञात रहे कि राजधानी के करीब 65 गांवों में सौर ऊर्जा का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया जा रहा है। गौरतलब है कि वैकल्पिक ऊर्जा और ऊर्जा संरक्षण के लिए जौंती गांव के उपभोक्ताओं ने अपने घरों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाकर बिजली की जरूरतों को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने और बिजली बचाने में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए यहां दर्जनों ग्रामीण उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया। टाटा स्वयंसेवा संस्था सप्ताह के 22वें संस्करण में एक पुरस्कार समारोह के दौरान उन्हें गांव में यह सम्मान प्रदान किया गया। इस मौके पर सौर ऊर्जा से संबंधित एक विशेष कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा के लाभ और इंस्टालेशन प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

# डीएमआरसी को मिली मेक इन इंडिया चालक रहित मेट्रो ट्रेन

- डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक ने बताया, पहला ट्रेन सेट आंध्र प्रदेश के श्री सिटी से हुआ रवाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) को सोमवार को चालक रहित तकनीक से लैस पहला मेट्रोपोलिस मेट्रो ट्रेनसेट प्राप्त हुआ जो एक मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) को आउटसोर्स की गई पहली परियोजना का हिस्सा है। एक आधिकारिक ने यह जानकारी दी गई।

डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक विकास कुमार ने बताया, दिल्ली मेट्रो परिवार के लिए ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हमने चौथे चरण के गलियारों को शुरू करने की दिशा में एक और अहम कदम उठाया है। कुमार ने कहा कि नए चरण के विस्तार के लिए पहले ट्रेन सेट को आंध्र प्रदेश के श्री सिटी से रवाना कर दिया गया है और हम अपने यात्रियों के लिए विस्तारित सुविधाओं और पर्यावरण हितैषी यात्रा के नए युग में प्रवेश कर रहे हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक मेक इन इंडिया पहल के तहत, महानगरीय रेलगाड़ियों को भारत में श्री सिटी में एल्सटॉम की निर्माण इकाई में डिजाइन किया जा रहा है और ग्रेड ऑफ ऑटोमेशन (जीओए)-4 चालक रहित प्रौद्योगिकी से लैस किया गया है।

इसमें कहा गया कि ट्रेनसेट को 95 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सुरक्षित तरीके से संचालित करने और 85 किमी प्रति घंटे तक की परिचालन गति पर संचालित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस ट्रेन सेट का दिल्ली मेट्रो की तीन लाइन पर परिचालित किया जाएगा जिनमें दो विस्तारित लाइन और नई गोल्ड लाइन-10 शामिल है जिसकी लंबाई करीब 64.67 किमी है।

31.2करोड़ यूरो मूल्य की इस परियोजना में 15 साल का रखरखाव शामिल है, जो डीएमआरसी द्वारा किसी ओईएम को इस तरह की पहली आउटसोर्सिंग है।

एल्सटॉम के प्रबंध निदेशक ओलिवियर लोइसन के मुताबिक मेट्रो ट्रेन सेट नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने और शहर के विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विज्ञप्ति के मुताबिक यह ठेका चौथे चरण के परिचालन के मद्देनजर नवंबर 2022 में दिया गया था और इसके तहत छह डिब्बों वाले कुल 52 ट्रेन सेट की आपूर्ति करने का लक्ष्य है।

## सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण और पराली जलाने पर रोक की मांगी जानकारी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से पूछा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के इलाकों में पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

जस्टिस अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आयोग से कहा कि वह सुनवाई की अगली तारीख (27 सितंबर) को इस मुद्दे पर उठाए गए कदमों की जानकारी दे। मामले में न्याय मित्र की भूमिका निभा रहीं वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने कुछ अखबारों की खबरों का हवाला देते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि दिल्ली के पड़ोसी राज्यों में पराली जलाना शुरू हो गया है।

# राजेश को जिता दो, बाकी मुझ पर छोड़ दो: सैनी

## तिगांव से भाजपा उम्मीदवार राजेश नागर के समर्थन में मुख्यमंत्री नायब ने इस्माइलपुर में की जनसभा

- कहा- हर अग्निवीर को हरियाणा सरकार नौकरी देगी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार राजेश नागर के समर्थन में इस्माइलपुर में जनसभा के दौरान नायब सैनी व अन्य।

भाजपा के तिगांव विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी एवं निवर्तमान विधायक राजेश नागर के समर्थन में आज इस्माइलपुर में बड़ी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री बनने के 56 दिन में 126 ऐतिहासिक निर्णय लिए। आगे भी हमारी सरकार आने पर आपकी सेवा में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे।

सैनी ने कहा कि आपके विधायक राजेश नागर आपकी बहुत सेवा करते हैं और विकास ही उनका ध्येय रहता है। आप लोग राजेश नागर को जिता दो, बाकी मुझ पर छोड़ दो। सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने का काम किया है। आज 500 रुपये से ऊपर की राशि आपके खाते में वापिस आ जाती है। इसके साथ ही हर घर को रोशन करने के लिए दो किलोवाट तक निशुल्क सोलर पैनल लगाने का काम हमारी सरकार करेगी। नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा के सभी सरकारी अस्पतालों में डायलसिस और डायग्नोसिस पूरी तरह से निशुल्क होगा। इसके लिए किसी को किसी प्रकार की सिफारिश के लिए नहीं भटकना पड़ेगा। इसके साथ ही हम अगले कार्यकाल में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों के लिए पांच लाख नए मकान बनाए जाएंगे। इसके अलावा हर जिले में ओलंपिक खेल नर्सरी भी बनाएंगे जिससे हमारे खिलाड़ी और अधिक संख्या में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में नाम कमा सकेंगे। नायब सैनी ने कहा कि हमारा संकल्प है कि आठ अक्टूबर के बाद देश में कहीं भी इंजीनियरिंग, मेडिकल पढ़ाई करने वाले हमारे सभी एससी एसटी ओबीसी वर्ग के बच्चों की पढ़ाई के लिए सौ प्रतिशत छात्रवृत्ति देंगे। जिससे उन्हें जीवन सुधार के लिए नए अवसर प्राप्त हो सकेंगे।

इस अवसर पर विधायक प्रत्याशी राजेश नागर ने कहा कि हमारी सरकार ने जनसेवा में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। फिर भी हम जनता का जीवन बेहतर करने के लिए हर पल काम करते रहेंगे। हमारी केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकारें मिलकर जनता की सेवा करने में जुटी हैं। हमने भ्रष्टाचार पर नियंत्रण करने के लिए बड़े से बड़े अधिकारी और प्रतिनिधि पर कार्रवाई करने में हिचक नहीं की। मैंने आपकी सेवा हमेशा की है और आगे भी करता रहूंगा। आपसे प्रार्थना है कि आप तीसरी बार हरियाणा में डबल इंजन सरकार बनाने के लिए पांच सितंबर को कमल के निशान वाला बटन दबाएं। इस अवसर पर निवर्तमान मंत्री सीमा त्रिखा, निवर्तमान विधायक नरेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक तंवर, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, हेमन्त शर्मा, शिशु अवाना, योगिता धीर, राजबाला सरधाना, रूप सिंह नागर, अमित भारद्वाज, लोकेश बैंसला, लाल मिश्रा, सुरेन्द्र बिधूड़ी, रवि भड़ाना पार्षद, रविकांत भडाना पार्षद, सीएल जैन, मदन पुजारा, पवन अग्रवाल, अवनेश शर्मा, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# भाजपा का बहिष्कार करेगा जैन समाज

- मंदिरजी में श्रद्धालु, धर्मार्थ चिकित्सालय में आने वाले मरीज, डॉक्टर गंदगी से रहते हैं परेशान
- मुख्यमंत्री से भी की शिकायत, समाधान नहीं होने पर लिया फैसला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


जैकबपुरा स्थित जैन मंदिर, जैन बारादरी के पास पड़ी गंदगी।

गंदगी से वैसे तो पूरा गुड़गांव परेशान है, लेकिन जैकबपुरा स्थित जैन समाज ने गंदगी से परेशान होकर एक बड़ा निर्णय लिया है। जैन समाज की ओर से कहा गया है कि जैकबपुरा में श्री दिगंबर जैन मंदिर जी व जैन धर्मार्थ चिकित्सालय के आसपास कई वर्षों से गंदगी की भरमार रहती है। सीएम तक शिकायत कर ली गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। अब जैन समाज ने निर्णय लिया है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा का बहिष्कार किया जाएगा।

जैन समाज के प्रवक्ता अभय जैन (एडवोकेट) ने कहा कि जैकबपुरा में जैन मंदिर जी, धर्मार्थ चिकित्सालय, राजकीय कन्या स्कूल, सेंट क्रिस्पन स्कूल है, जिसमें हजारों विद्यार्थी हैं। अभय जैन ने कहा कि जैन बारादरी के तीन तरफ गंदगी का साम्राज्य है। पिछले कई साल से यहां पर गंदगी ही गंदगी नजर आती है। जैन समाज की ओर से नगर निगम, जिला प्रशासन को लिखित में यहां की शिकायत तस्वीरों के साथ की गई, लेकिन किसी ने भी यहां सफाई की जहमत नहीं उठाई। थक-हारकर शिकायत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भेजी गई। उन्हें बताया गया कि प्रशासन, नगर निगम किस तरह से काम कर रहा है। शहर की सफाई करने में कोई भी गंभीर नहीं है। जैन समाज के प्रवक्ता ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, कार्यकारी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री रहते हुए शहर में सफाई को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए थे। यहां तक कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने तो अधिकारियों का वेतन काटने के भी आदेश दिए थे। इसके बाद भी कोई अधिकारी सफाई के प्रति गंभीर नहीं हुआ। जैन समाज में शासन-प्रशासन के प्रति रोष है।

# ईवीएम के द्वितीय चरण का रैंडेमाइजेशन पूरा

- गुरुग्राम में 17 प्रत्याशी होने के कारण दो बैलेट यूनिट लगाई जाएंगी
- बूथ पर लगी ईवीएम की पोलिंग एजेंट को होगी जानकारी: समीर
- चुनाव प्रक्रिया में बरती जा रही है पारदर्शिता: नरेंद्र कुमार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


ईवीएम के द्वितीय चरण का रैंडेमाइजेशन के दौरान मौजूद ऑब्जर्वर व अधिकारी।

विधानसभा चुनाव के जनरल ऑब्जर्वर समीर वर्मा, नरेंद्र कुमार दुग्गा व जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव की उपस्थिति में मंगलवार को ईवीएम के द्वितीय चरण का रैंडेमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, निर्दलीय उम्मीदवार व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

पटौदी व सोहना विधानसभा के जनरल ऑब्जर्वर समीर वर्मा ने कहा कि इस रैंडेमाइजेशन के साथ ही यह तय हो गया है कि पटौदी, बादशाहपुर, गुड़गांव व सोहना विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम मशीन की कौन से नंबर की बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट मशीन किस बूथ पर जाएगी। चारों विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम मशीनों की लिस्ट उम्मीदवारों को भी दी जाएगी, जिससे कि वे जान सके कि अमुक नंबर बूथ पर अमुक नंबर की मशीन लगाई जाएगी। उम्मीदवारों के पोलिंग एजेंट मतदान के दिन जब बूथ पर बैठेंगे तो वह जान सकेंगे कि उनके बूथ पर इस नंबर की वीवीपैट, बीयू व सीयू मशीन लगी हुई है। उन्होंने कहा कि किन्हीं अपरिहार्य कारणों से मशीन में तकनीकी खराबी आ जाए तो रिजर्व ईवीएम मशीनों में से मशीन को बदला जाएगा। उसकी जानकारी भी पोलिंग एजेंटों को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी भी ईवीएम को बूथ पर ले जाने से पहले एक बार चेक अवश्य कर लें।

बादशाहपुर व गुड़गांव विधानसभा के जनरल ऑब्जर्वर नरेंद्र कुमार दुग्गा ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे, इसलिए उम्मीदवारों व उनके प्रतिनिधियों के सामने यह रैंडेमाइजेशन किया गया है। इससे पहले जो रैंडेमाइजेशन किया गया था, उसमें ईवीएम मशीनों को विधानसभा क्षेत्र के अनुसार आवंटित किया गया था। इस बार विधानसभा के बूथ नंबर वाइज ईवीएम मशीनों को बांट दिया गया है। इनमें रिजर्व ईवीएम सहित बीयू व सीयू यूनिट 120 प्रतिशत व वीवीपैट मशीनें 130 प्रतिशत चुनी गई हैं। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने कहा कि मतदान के बाद ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखवाया जाएगा।

डीआईओ विभू कपूर ने कंप्यूटर स्क्रीन पर रैंडेमाइजेशन की प्रक्रिया को पूरा करवाया। सर्वप्रथम बादशाहपुर विधानसभा के लिए 621 बीयू व सीयू तथा 673 वीवीपैट का बूथ के अनुसार अनुक्रमांक निश्चित किया गया। सोहना विधानसभा के लिए 350 बीयू व सीयू तथा 379 वीवीपैट, पटौदी विधानसभा के लिए 310 बीयू व सीयू तथा 336 वीवीपैट व गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र के लिए 1044 बीयू एवं 522 सीयू तथा 565 वीवीपैट का मतदान केंद्र के अनुसार क्रमांक निश्चित किया गया। गुड़गांव में 17 प्रत्याशी होने के कारण यहां दो बैलेट यूनिट रखवाई जाएंगी।

# राव नरबीर ने गुरुग्राम की बुरी हालत के लिए जजपा को कोसा

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री पद को लेकर भाजपा के भीतर अंदरुनी कलह के बीच तीन बार के कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि वह मुख्यमंत्री पद की दौड़ में नहीं हैं और अपनी कोशिशें तथा वक्त गुरुग्राम में हालात सुधारने में लगाना चाहते हैं जहां जजपा के साथ भाजपा के गठबंधन के कारण बुनियादी सुविधाएं चरमरा गई हैं। सिंह गुरुग्राम के बादशाहपुर से चुनाव लड़ रहे हैं जो राज्य में सबसे बड़ा निर्वाचन क्षेत्र है। उन्होंने 1987 में वरिष्ठ नेता राव इंदरजीत सिंह को हराया था और वह 26 साल की उम्र में राज्य के सबसे युवा गृह मंत्री बने थे। वह परिवहन, खाद्य एवं आपूर्ति और सहकारिता मंत्री भी रह चुके हैं। वह खट्टर सरकार के पहले कार्यकाल में पीडब्ल्यूडी और वन मंत्री भी रहे।

# मतदान कर्मियों का अंतिम चरण का प्रशिक्षण शुरू

- पटौदी व बादशाहपुर विधानसभा की पोलिंग पार्टियों के दूसरे राउंड का प्रशिक्षण पूरा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


पोलिंग पार्टियों के दूसरे राउंड के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद कर्मचारी।

जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव के दिशा निर्देश पर मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन को लेकर मतदान कर्मियों का अंतिम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को सेक्टर 14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुरू हो गया। प्रशिक्षण के पहले दिन पटौदी व बादशाहपुर विधानसभा के पीठासीन पदाधिकारी, सहायक पीठासीन अधिकारी पोलिंग पार्टी वन ओर टू को प्रशिक्षण दिया गया।

दो पालियों में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सोहना के रिटर्निंग अधिकारी होशियार सिंह व पटौदी के रिटर्निंग अधिकारी दिनेश लुहाच द्वारा मतदान कर्मियों को चुनाव के दौरान मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने उनके दायित्वों और कर्तव्यों की जानकारी दी गयी। यह प्रशिक्षण 25 सितंबर को भी जारी रहेगा जिसमे गुड़गांव व सोहना विधानसभा की पोलिंग पार्टियों को चुनावी प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी क्रम में 4 अक्तूबर को सभी पोलिंग पार्टियों को अंतिम प्रशिक्षण देकर संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सोहना के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम होशियार सिंह ने कहा कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए पोलिंग स्टाफ को चुनावी प्रक्रिया के हर पहलू की जानकारी होना आवश्यक है। पोलिंग स्टाफ हर स्थिति से निपटने में सक्षम होना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान सभी पोलिंग पार्टियां हर एक नियम को बारीकी से समझें, पीओ हैंडबुक को गहनता से पढ़ें। प्री-पोल डे से लेकर क्लोजिंग पोल तक की पूरी प्रक्रिया चुनाव आयोग की हिदायतानुसार ही संपन्न करवाएं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पटौदी के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम दिनेश लुहाच ने ईवीएम मॉक पोल प्रशिक्षण पर बल देते हुए कहा कि मॉक पोल चुनाव को पारदर्शी बनाने की सबसे अहम कसौटी है।

# गुरुग्राम की धरती पर हमेशा एकलव्य का अंगूठा काटा गया: अनुराधा शर्मा

- आम आदमी पार्टी की नेता ने दिया नवीन गोयल को समर्थन
- भाजपा की महिला प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुकी हैं अनुराधा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


नवीन गोयल का समर्थन देने पहुंचीं आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेत्री अनुराधा शर्मा का सम्मान करते नवीन गोयल।

नवीन गोयल को समर्थन की श्रृंखला में अब आम आदमी पार्टी की महिला नेत्री अनुराधा शर्मा ने भी समर्थन देकर उनकी जीत के लिए आशीर्वाद दिया है। सेक्टर-17 स्थित श्री माधव सेवा केंद्र में नवीन गोयल ने अनुराधा शर्मा को पटका पहनाकर व पौधा भेंटकर करके समर्थन स्वीकार करते हुए उनका आशीर्वाद लिया।

पत्रकार वार्ता में अनुराधा शर्मा ने कहा कि विधानसभा के इस चुनाव में बीजेपी और कांग्रेस को रोकने की ताकत अगर किसी में है तो वह नवीन गोयल ही हैं। वे निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर भले ही चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन उनकी राजनीतिक जमीन बहुत मजबूत है। भाजपा की अनदेखी का शिकार हुए नवीन गोयल ने हिम्मत दिखाकर 36 बिरादरी के आशीर्वाद से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। अनुराधा शर्मा ने कहा कि गुड़गांव को बेहतर बनाने के नवीन गोयल के विजन को देखते हुए ही उन्होंने समर्थन करने का निर्णय लिया। अनुराधा शर्मा ने कहा कि इसी गुड़गांव में एकलव्य का अंगूठा काटा गया था। प्रतिभाओं का अंगूठा हमेशा काटने का प्रयास किया गया। जिस दिन एकलव्य का अंगूठा काटा गया, उसी दिन से यह तय हो गया था कि सर्वश्रेष्ठ धनुर्धारी अर्जुन नहीं एकलव्य है। नवीन गोयल की टिकट काटना भी इसी बात को अंगित करता है कि नवीन गोयल गुड़गांव की आवाज है। बीजेपी का 10 साल तक शासन रहा है। गुड़गांव की ऐसी दुर्दशा पहले कभी नहीं देखी।

हमने दीवाली जैसे त्योहार कूड़े के ढेर पर मनाए हैं। गुड़गांव के सुधार के लिए नवीन भाई का समर्थन कर रही हूं। आज तक किसी ने बीजेपी के खिलाफ आवाज नहीं उठाई। यह काम नवीन भाई ने किया है। मैं नवीन गोयल को आशीर्वाद और समर्थन देती हूं कि उन्हें विजयश्री मिले, वे विधायक बनें। मैदान में दूसरे उम्मीदवार भी हैं, लेकिन गुड़गांव के सुधार का उद्देश्य वहां से पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि नवीन गोयल किसी पार्टी के उम्मीदवार नहीं हैं। इसलिए उन्होंने जातिगत, दलगत राजनीति से ऊपर उठकर नवीन गोयल को समर्थन किया है।

# विकास के झूठे वादे करके गुमराह कर गए नायब: नागर

- पंचायती उम्मीदवार बोले, पूरी तरह से फ्लॉप रही मुख्यमंत्री की रैली

दयाराम वशिष्ठ। फरीदाबाद

तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पंचायती उम्मीदवार ललित नागर ने इस्माईलपुर में आयोजित हुई भाजपा की रैली पर तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की इस रैली में मात्र चंद लोगों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि अब लोगों का भाजपा से मोहभंग होने लगा है। क्योंकि पिछले दस सालों के दौरान भाजपा सरकार तिगांव का विकास कराने में पूरी तरह से फेल साबित हुई है।

कालोनी हो, सेक्टर हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र हर जगह समस्याएं ही समस्याएं व्याप्त है, जिसके चलते लोग अब भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए एकजुट होने लगे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी जिन सड़कों से होकर रैली स्थल तक पहुंचे, उन सड़कों की हालत भी बद से बदत्तर है, लेकिन रैली के माध्यम से उन्होंने इन बदहाल सड़कों का कोई जिक्र तक नहीं लिया और केवल और केवल विकास के झूठे वायदे करके लोगों को गुमराह करके चले गए, लेकिन तिगांव की जनता अब भाजपाईयों के झूठे बहकावों में कतई आने वाली नहीं है और वोट की चोट से भाजपा को सत्ताविहिन करने के लिए लामबंद हो गई है।

श्री नागर ने आज अपने चुनावी अभियान के तहत गांव मंझावली, ताजपुर, टिकावली, पलवली कालोनी, दीपावली कालोनी, सूर्या विहार आदि में जनसंपर्क करके लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे थे। इस दौरान जगह-जगह आयोजित सभाओं में ललित नागर का लोगों ने फूल मालाओं एवं सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर स्वागत किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि तिगांव के इस सम्मान की लड़ाई में छत्तीस बिरादरी कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़ी है।

लोगों से मिले स्नेह रुपी आर्शीवाद से गद्गद् ललित नागर ने कहा कि जो प्यार व आर्शीवाद क्षेत्र की जनता उन्हें दे रही है, उसके लिए वह सदैव उनकी ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह बिना किसी स्वार्थ के बीस सालों से इस क्षेत्र की लायक बेटे की तरह सेवा कर रहे है, यहां की हर गली-हर गांव की समस्या से वह भली भांति परिचित है।

# ओपीडी कार्ड पर शुरू की वोटर्स अवेयरनेस स्टैंप

**गुरुग्राम।** मतदाता जागरूकता के लिए अब निजी अस्पतालों में भी ओपीडी कार्ड पर वोटिंग अपील की स्टैंप लगाई जा रही है। इसके अलावा इन अस्पतालों में मतदान के प्रेरणादायी फ्लेक्स लगाए गए हैं। स्वीप के नोडल अधिकारी एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि जिले में मतदाता जागरूकता की मुहिम निरंतर चलाई जा रही है। इसी कड़ी में सरकारी अस्पतालों के बाद अब प्राइवेट अस्पतालों में मतदान की अपील के साथ स्टैंप लगाकर ओपीडी कार्ड मरीजों को दिए जा रहे हैं। इस स्टैंप पर लिखा हुआ है-वोट जरूर बनवाए-वोट जरूर करें।

# एनआईटी की जनता के भरोसे जीत पक्की: सतीश फागना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एनआईटी से भाजपा प्रत्याशी सतीश फागना ने कहा कि एनआईटी की जनता का जिस तरह से भरोसा मिल रहा है,इससे साबित हो गया है कि इस बार भाजपा एनआईटी में कमल का फूल खिलाते हुए बड़े मार्जन से जीत दर्ज करेगी।

सतीश फागना ने आज एनआईटी विधानसभा के विभिन्न इलाकों में पदयात्रा कर जन्सम्र्पक किया और कई सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनता जागरूक हो चुकी है और किसी के बहकावे में ना आकर केवल कमल का फूल खिलाएगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का जनता पर असर हुआ है। जनता के आर्शीवाद से वे विजयी होगें और भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। सतीश फागना ने कहा कि मुझे एक मौका दे दो,5 साल में एनआईटी की तस्वीर बदल दूगां। उन्होंने कहा कि देश हित के लिए फिर से एक बार भाजपा की सरकार को लाना जरूरी है।

# केंद्रीय मंत्री गडकरी गुरुग्राम में आज करेंगे रैली

- जिलाध्यक्ष कमल यादव ने जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से की चुनाव पर चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


नितिन गडकरी के कार्यक्रम को लेकर जिला कार्यालय में चर्चा करते कमल यादव।

प्रदेश हैट्रिक बनाने की रणनीति के तहत भाजपा चुनाव के मैदान में उतर चुकी है। गुरुग्राम की चारों सीटों पर कमल खिले इसके लिए मंगलवार को पार्टी कार्यालय गुरुकमल में जिला अध्यक्ष कमल यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई और कार्यकर्ताओं से चुनाव पर चर्चा की।

बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 26 सितंबर को होने वाले संवाद कार्यक्रम को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। वहीं 25 सितंबर बुधवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की रैली को लेकर भी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई। इस बैठक में जिला प्रभारी संदीप जोशी समेत तमाम प्रदेश व जिला के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बुधवार को गुरुग्राम विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी मुकेश शर्मा के समर्थन में रैली करेंगे। यह रैली सायं 5 बजे रामलीला मैदान में होगी। जिला अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को रैली की सफलता के लिए जिम्मेदारियां भी सौंपी। कमल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 सितंबर को 12.30 बजे नमो एप के ऑडियो ब्रिज के जरिए प्रदेश के लगभग साढ़े चार लाख कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यकर्ताओं से सवाल जवाब भी करेंगे और पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को आम जन तक पहुंचाने के साथ-साथ जीत का मंत्र देंगे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह कार्यक्रम गुरुग्राम जिला के सभी 281 शक्ति केंद्रों पर होगा और इसकी व्यवस्था कर दी गई है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह संवाद कार्यक्रम कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह का संचार करेगा। बैठक में जिला प्रभारी संदीप जोशी, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड, बोधराज सीकरी, महामंत्री रामबीर भाटी, सर्वप्रिय त्यागी, जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव,सुन्दरी खत्री, जिला मीडिया प्रमुख पवन यादव, जिला प्रवक्ता विपिन यादव, सह-मीडिया नेहा अग्रवाल, जिला सचिव निधि कोटिया के अलावा सभी मंडल पदाधिकारी व शक्ति केंद्र प्रमुख उपस्थित रहे।

# केयू सांस्कृतिक परिषद का उद्देश्य छात्रों का विकास: सचदेवा

**कुरुक्षेत्र।** विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक परिषद का उद्देश्य विद्यार्थियों का विकास करना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए क्लब संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा भविष्य में केयू से संबंधित महाविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों का भी इन क्लबों के माध्यम से सांस्कृतिक विकास होगा। यह विचार विश्वविद्यालय के कुलपति ने मंगलवार को युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित केयू सांस्कृतिक परिषद की बैठक में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संबंधित महाविद्यालयों में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने का काम क्लबों के माध्यम से होगा।

# कांग्रेस सरकार बनने पर कालोनियों का किया जाएगा भरपूर विकास: लखन सिंगला

- कांग्रेस प्रत्याशी का इंद्रा कालोनी, संत नगर सहित कई कालोनियों में हुआ जोरदार स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला का क्षेत्र की कालोनियों इंद्रा कालोनी, संत नगर, बसेलवा कालोनी, पदम नगर आदि में लोगों ने जोरदार स्वागत किया और उन्हें एकजुट होकर भारी मतों से विजयी बनाने का भरोसा दिलाया।

कालोनियों में आयोजित सभाओं में भारी संख्या में पहुंचे लोगों ने 'कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा जिंदाबाद, लखन सिंगला जिंदाबाद' के गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को कांग्रेसमय कर दिया। लोगों के मिले अपार जनसमर्थन से उत्साहित लखन सिंगला ने कहा कि पिछले कई दिनों से जिस प्रकार से उनकी सभाओं में लोगों का हजूम उमड़ रहा है, उससे स्पष्ट है कि भाजपा जा रही है और कांग्रेस आ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा कालोनियों को बसाने का काम किया है, उनमें रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं देने की पहल की है, लेकिन भाजपा सरकार के पिछले दस सालों में कालोनियां विकास से महरूम रही। श्री सिंगला ने कहा कि अपने क्षेत्र की कालोनियों की दुर्दशा देखकर उनका दिल रोता है, ऐसी कोई कालोनी नहीं, जहां सीवरेज का गंदा पानी न भरा हो, कीचड़ न हो, गंदगी न हो, पीने के पानी की कमी न हो।

## तिरुपति प्रसाद प्रकरण

### जवाबदेही जरूरी

**तिरुपति के लड्डुओं** में जैव वसा होने की आशंका ने हिंदू धर्मावलंबियों में भयानक गुस्से व राज्य की पार्टियों के बीच राजनीतिक संघर्ष को जन्म दिया है। इस प्रकरण की जवाबदेही तय होनी चाहिए। चाहे यह लालच के कारण हो या लापरवाही के कारण, पर तिरुपति के लड्डुओं में अधोमानक मिलावटी तत्व पाए गए हैं। इनमें जैव वसा मिलावट की खबर है जो हिंदू धार्मिक विश्वास के खिलाफ 'हमला' है। दशकों से आंध्र प्रदेश के तिरुमला वैंकटेश्वर मंदिर में तिरुपति के लड्डू करोड़ों भक्तो को 'प्रसादम' के रूप में दिए जाते थे। इसमें मिलावट व खासकर जैव वसा की मिलावट अत्यन्त घृणित है और किसी धार्मिक हिंदू ने इसकी कल्पना तक नहीं की होगी। चंद्रबाबू नायडू ने पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी नीत सरकार पर आरोप लगाया कि उसके शासनकाल में तिरुपति लड्डुओं में जैव वसा का प्रयोग किया गया। इससे भक्तों तथा राजनीतिक दलों में गुस्सा भड़क उठा। 18 सितंबर, 2024 को चंद्रबाबू नायडू ने राजग विधायक दल की बैठक में सनसनीखेज खुलासा करते हुए कहा कि वाईएस जगन मोहन रेड्डी सरकार के शासनकाल में लड्डू तैयार करने में जैव वसा समेत अधोमानक वस्तुओं का प्रयोग किया गया। उनके आरोपों को बल देने के लिए पार्टी प्रवक्ता अनम वेंकट रमन रेड्डी ने नेशनल डेरी डेवलपमेंट बोर्ड की गुजरात प्रयोगशाला की एक रिपोर्ट पेश की। इस रिपोर्ट के अनुसार लड्डुओं को बनाने में प्रयुक्त घी में 'बीफ टैलो', 'लार्ड' यानी सुअर की वसा तथा मछली का तेल मिला था।



16 जुलाई, 2024 की गुजरात प्रयोगशाली की इस रिपोर्ट ने इन चीजों की उपस्थिति पुष्ट की जिसे नायडू व उनके समर्थकों ने हिंदू विश्वास पर गंभीर हमला बताया। अपने बचाव में पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने नायडू पर राजनीतिक अवसरवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि वे लाभ पाने के लिए 'धर्म' का प्रयोग कर रहे हैं। रेड्डी ने जोर दिया कि लड्डू बनाने के लिए घी सरकारी प्रमाणन संस्था–'नेशनल बोर्ड फार टेस्टिंग एंड कैलीब्रशेन लेबोरेटरीज़' द्वारा प्रमाणित कंपनियों से खरीदा जाता था और प्रयोग के पहले इसका पुन: गहन परीक्षण किया जाता था। उन्होंने नायडू पर आरोप लगाया कि वे अपनी प्रशासनिक विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए यह आरोप लगा रहे हैं। हालांकि, अभी कुछ निश्चित रूप से सिद्ध नहीं हुआ है, पर संभावित गलती के स्पष्ट संकेत हैं। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम बोर्ड हर साल लगभग 5 लाख किलो घी ई–टेंडर व्यवस्था से खरीदता है। पहले कर्नाटक मिल्क फेडरेशन–केएमएफ मंदिर को घी सप्लाई करती थी, पर चार साल पहले कीमतों पर विवाद के कारण उसने सप्लाई बंद कर दी थी। इससे सवाल उठता है कि वर्तमान में खरीदे घी का स्रोत क्या था। कोई नतीजा निकालने के पहले इसकी जांच होनी चाहिए और जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। इस प्रकरण से संवेदनशील ढंग से निपटना जरूरी है क्योंकि इससे संबंधित लोगों की भावनायें आहत हो सकती हैं। आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वाई.एस. शर्मिला ने सच्चाई उजागर करने के लिए सीबीआई जांच की मांग की है। भाजपा ने भी इस मामले पर चिन्ता प्रकट की है। वर्तमान समय में बिना गंभीर जांच किए किसी पर लड्डुओं को बनाने में प्रयोग होने वाले घी में मिलावट की जिम्मेदारी डाल देना किसी प्रकार उचित नहीं होगा। जांच की मांग तेज होने के साथ ही इस विवाद ने न केवल लोगों के विश्वास को झकझोर दिया है, बल्कि इसने धार्मिक स्थलों में प्रसाद की पवित्रता को भी राजनीतिक संघर्ष का विषय बना दिया है।

# अनुसंधान व शोध को बढ़ावा

**समुचित फंडिंग तथा रणनीतिक दिशानिर्देश के साथ अनुसंधान राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन–एएनआरएफ शोध की संस्कृति विकसित कर सामाजिक परिवर्तनों को संबोधित करना चाहता है।**



**आर.पी. तिवारी**
(लेखक, पंजाब विश्वविद्यालय के कुलपति हैं)



राष्ट्र निर्माण में शोध एवं विकास–आरएंडडी की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इससे आर्थिक प्रगति तेज होती है, वैश्विक प्रतियोगिता क्षमता बढ़ती है, सामाजिक चुनौतियों के समाधान निकलते हैं, सीखने वालों को 21वीं शताब्दी के कौशलों से लैस किया जा सकता है तथा रक्षा क्षमताओं में सुधार होता है जो राष्ट्रीय सुरक्षा तथा रणनीतिक स्थिति के लिए महत्वपूर्ण हैं। आरएंडडी में निवेश से न केवल देश का वैश्विक प्रभाव बढ़ता है, बल्कि इससे स्थानीय आवश्यकताओं के लिए उपयुक्त विशेश समाधानों का विकास होता है। शोध पर अधिक ध्यान देने से नौजवान तकनीकी रूप से सशक्त होते हैं जो उद्यमिता तथा खोज को बढ़ावा देते हैं। वर्तमान समय में भारत में आरएंडडी पर खर्च जीडीपी का केवल 0.66 प्रतिशत है। इस स्थिति से निपटने के लिए समुचित फंडिंग तथा रणनीतिक दिशानिर्देश के साथ अनुसंधान राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन–एएनआरएफ शोध की संस्कृति विकसित कर सामाजिक परिवर्तनों को संबोधित करना चाहता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार बनी केन्द्र सरकार ने अपने पहले सौ दिन में इस दिशा में उल्लेखनीय पहल की है। हालांकि, इसकी योजना मोदी सरकार के पिछले कार्यकाल में ही तैयार की गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एएनआरएफ शासी बोर्ड की पहली बैठक की अध्यक्षता की जिसने देश में शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में अनेक उल्लेखनीय फैसले किए हैं। यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि शोध एवं विकास–आरएंड डी पर इतने कम खर्च के बावजूद देश में एक जीवन्त वैज्ञानिक स्थापना बन चुकी है जो शोध प्रकाशन तथा पीएचडी स्नातकों की संख्या के अनुसार दुनिया में तीसरे स्थान पर है। 2022 में भारत में 300,000 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हुए जिससे इसकी ज्ञान को आगे बढ़ाने में प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। इसके साथ ही स्वीकृत पेटेंटों के मामले में भारत का दुनिया में छठा स्थान है। वैज्ञानिक समुदाय लंबे समय से देश में आरएंडडी पर खर्च बढ़ा कर कम से कम जीडीपी के 2 प्रतिशत करने की पैरोकारी कर रहा है ताकि सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए शोध को उच्चीकृत किया जा सके। बिल गेट्स ने एक बार कहा था, 'मेरा खोज में विश्वास है। खोज इस बात पर निर्भर करती है कि आप शोध की फंडिंग कैसे करते हैं तथा मूल तथ्य कैसे सीखते हैं।' इसी प्रकार एल्बर्ट जेंट–ज्योंजेयी ने कहा था, 'शोध का संबंध चार चीजों से है–सोचने के लिए दिमाग, देखने के लिए आंखें, मापन के लिए मशीनें तथा पैसा।'

अनुसंधान राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन–एएनआरएफ की स्थापना से भारत का शोध इकोसिस्टम एक परिवर्तनकारी मोड़ पर आ गया है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य पूरे देश में शोध एवं खोज को बढ़ावा देना है। एएनआरएफ का लक्ष्य अंतरविषयी शोध को बढ़ावा देना, शोध की मजबूत संस्कृति का विकास करना तथा भारत को विज्ञान एवं खोज में वैश्विक स्तर पर स्थापित करना है। एएनआरएफ को अगले पांच साल में 50,000 करोड़ रुपये मिलेंगे जिसमें उद्योगों से योगदान, दानदाताओं से सहयोग तथा घरेलू व अंतरराष्ट्रीय स्रोतों से फंड जुटाना शामिल है। इसमें सरकारी फंड भी शामिल है। उद्योगों की सहभागिता यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि शोध की वास्तविक दुनिया की आवश्यकताओं के साथ ठीक से संगति बैठाई जाए तथा इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। इसके लिए एएनआरएफ शोध, खोज एवं उद्यमिता में सभी विषयों में रणनीतिक दिशानिर्देशों का पालन करेगा। इन विषयों में प्राकृतिक विज्ञान, इंजीनियरिंग, पर्यावरण विज्ञान, स्वास्थ्य और कृषि शामिल हैं। एएनआरएफ का उद्देश्य सहभागी और सहयोगी शोध को बढ़ावा देना है ताकि वर्तमान समय में मानवता के समक्ष उपस्थित आवश्यक मुद्दों और समस्याओं के समाधान खोजे जा सकें।

विज्ञान एवं इंजीनियरिंग शोध बोर्ड–एसईआरबी से राष्ट्रीय अनुसंधान शोध फाउंडेशन–एएनआरएफ में परिवर्तन शोध संभावनाओं एवं शोध प्राथमिकताओं में एक उल्लेखनीय परिवर्तकारी मोड़ है। आरएंडडी में निजी क्षेत्र की सहभागिता को दूना करने, पूर्णकालिक शोधकर्ताओं की संख्या बढ़ाना, महिलाओं की सहभागिता को गति देना तथा एसटीआई डेटा का राष्ट्रीय भंडार बनाना जैसी पहलों से उम्मीद है कि खोज को बढ़ावा मिलेगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डा. अभय करंदीकर के अनुसार यह परिवर्तन खोज संचालित परिवेश बनाने और उसे फलने–फूलने के अवसर देने के लिए जरूरी हो गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में एएनआरएफ की पहली शासी बोर्ड बैठक में शोध इकोसिस्टम में परिवर्तन करने की दिशा में प्रमुख निर्णय लिए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर दिया कि शोध के रास्ते में आने वाली बाधायें दूर की जांए, शोध के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए जाएं तथा राष्ट्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए परिवर्तनकारी शोध को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भले ही अनेक वर्तमान समस्यायें वैश्विक हों, पर उनके समाधान ऐसे तलाश किए जाने चाहिए जो भारत के विशिष्ट संदर्भ में सटीक रूप से फिट बैठते हों। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली इस बैठक में अनेक पहलों को मंजूरी दी गई। इनमें विश्वविद्यालयों में शोध क्षमतायें निर्मित करने पर जोर देने के साथ ही अविकसित शोध संस्कृति को परिष्कृत करने की आवश्यकता भी शामिल है। इसके लिए स्थापित संस्थानों के साथ 'हब एंड स्पोक' माडल लागू करने पर जोर दिया गया। एएनआरएफ अनेक शोध क्षेत्रों में प्राथमिकता देते हुए 'मिशन मोड' पर काम करेगा। इन क्षेत्रों में बिजली वाहन, परिष्कृत सामग्री, स्मार्ट ढांचागत संरचनायें, सोलर सेल तथा स्वास्थ्य संबंधी तकनीकें शामिल हैं। इसके साथ ही मानविकी विषयों तथा सामाजिक विज्ञानों के क्षेत्र में अंतर–विषयी उत्कृष्ट शोध केन्द्रों के विकास पर जोर दिया गया जिससें अंतर–विषयी समन्वय प्रयासों को बल मिलेगा। एएनआरएफ के शासी बोर्ड ने लचीली फंडिंग व्यवस्था पर भी जोर दिया। इससे यह सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी कि शोध करने में सुगमता होगी तथा प्रायोगिक शोध के साथ ही मूलभूत शोध का महत्व भी बना रहेगा। एएनआरएफ के समक्ष सबसे महत्वपूर्ण व व्यापक कार्यभार ऐसे सुधारों को गति देना है जिनका महत्वपूर्ण सामाजिक प्रभाव सामने आए। इसका उद्देश्य शोध प्राथमिकताओं को मात्रा–आधार के बजाय गुणवत्ता–आधार में परिवर्तित करना है। इन परिवर्तनों का अंतिम लक्ष्य भारत को आत्मनिर्भर तथा वैश्विक शोध की नेतृत्वकारी शक्ति बनाना है।

इसके लिए अनुसंधान राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन–एएनआरएफ तीसरे स्तर की तकनीकी तैयारी–टीआरएल–3 के अलावा परिवर्तनकारी शोध को बढ़ावा देगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि शोध के परिणाम तत्काल दुनिया के वास्तविक संदर्भों में प्रयोग किए जा सकेंगे। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के '2047 में विकसित भारत' बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

अनुसंधान राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन–एएनआरएफ को पूर्णत: सक्रिय बनाना भारत में शोध एवं खोज परिदृश्य को क्रांतिकारी रूप से बदलने में एक निर्णायक कदम है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज हो तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी व्यवस्था की तात्कालिक आवश्यकतायें पूरी करने में ज्यादा देर न हो। एएनआरएफ का विकास भारत के वैज्ञानिक समुदाय को शोध की फंडिंग तथा इसे बढ़ावा देने के लिए सर्वोत्तम वैश्विक व्यवहार लागू करने के लिए प्रेरित करेगा। एएनआरएफ के अब प्रभावी रूप से काम शुरू करने के बाद से वैज्ञानिक समुदाय को उम्मीद है कि वह उन सुधारों का तेजी से क्रियान्वयन कर सकेगा जिनकी लंबे समय से प्रतीक्षा की जा रही थी। इनमें वैज्ञानिक उपकरणों को जीएसटी से मुक्त करना भी शामिल है। इससे देश में सामाजिक समस्याओं के समाधान से भारत को स्वतंत्रता के सौ साल बाद 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में सहायता मिलेगी।

# मलयालम साहित्य का पतन

**कुमार चेलप्पन**
(लेखक दि पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)



मलयालम साहित्यिक कृतियों के स्तर में गिरावट के कारणों का पता एक अस्सी वर्षीय साहित्यिक पेशेवर को चला, जो जी शंकर कुरुप, थकाझी शिवशंकर पिल्लई, केशव देव, एस के पोट्टेकट्टू आदि जैसे लेखकों द्वारा लिखे गए उच्च गुणवत्ता वाले उपन्यासों, लघु कथाओं और कविताओं के प्रति जुनूनी है।

मलयालम उपन्यास, कविताएं और कहानियां, जो 1940–1970 की अवधि के दौरान आधुनिक साहित्य के ट्रेंडसेटर थे और जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियाँ बटोरीं, लेखन के खराब स्तर के कारण पिछले चार दशकों में महत्वहीन हो गए हैं। सी के आनंदन के अनुसार, आधुनिक समय के लेखक केवल पुरस्कारों और उसके साथ मिलने वाले नकद पुरस्कारों से ही ग्रस्त हैं। पिल्लई, साहित्य विमर्शम के 81 वर्षीय संपादक हैं, जो विशेष रूप से साहित्यिक कृतियों पर केंद्रित एक त्रैमासिक प्रकाशन है। मलयालम साहित्यिक कृतियों के स्तर में गिरावट के कारणों का पता लगाने के प्रयास में पिल्लई को जो पता चला वह चौंकाने वाला है। कृति की गुणवत्ता से अधिक, लेखक केरल साहित्य अकादमी द्वारा स्थापित पुरस्कारों को पाने के लिए एक–दूसरे से होड़ कर रहे हैं, जिस पर सीपीआई (एम) और वामपंथी बुद्धिजीवियों का एकाधिकार है। आधुनिक मलयालम लेखक कालिदास की महान कृतियों के बारे में अनभिज्ञ हैं।

उन्हें प्रेमचंद, सरस्वतीचंद्र, केएम मुंशी या शरत चंद्र चट्टोपाध्याय या यहां तक कि पड़ोसी तमिलनाडु के कल्कि के बारे में भी कोई जानकारी नहीं है, मलयालम भाषा के प्रमुख साहित्यिक आलोचक और शुद्धतावादी डॉ. रविशंकर एस नायर ने कहा। डॉ. एम राजीव कुमार, जो खुद मलयालम में आधुनिक साहित्य के समर्थक हैं, ने कहा कि आजकल उपन्यास और कहानियों के रूप में जो प्रकाशित हो रहे हैं, वे केवल शब्दों और वाक्यों की बाजीगरी हैं।



मलयालम साहित्य में हमेशा विद्रोही और क्रांतिकारी माने जाने वाले केशव देव ने 1970 के दशक में कहा था कि जब तक जीवन और जिस दुनिया में हम रहते हैं, उसका व्यावहारिक अनुभव नहीं मिलता, तब तक कोई साहित्य संभव नहीं है। देव केरल समाज में सिर पर बोझा ढोने वाले मजदूरों, रिक्शा चालकों और उपेक्षित लोगों के बारे में लिखने वाले पहले मलयालम लेखक थे। इस श्रेणी के लोगों के साथ उनके संवादों के परिणामस्वरूप ओडायिल निन्नू (गटर से) जैसी शाश्वत क्लासिक्स लिखी गईं, जो 1940 में लिखी गई थीं। चूंकि कहानी की उत्पत्ति उनके दिल की गहराई से हुई थी, इसलिए यह काम प्रकाशित होने के आठ दशक से भी अधिक समय बाद भी एक शाश्वत क्लासिक बना हुआ है। आनंदन पिल्लई ने पाठकों के लिए चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। केरल से शीर्ष सम्मान पाने वाली कृतियों को नई दिल्ली में राष्ट्रीय साहित्य अकादमी द्वारा मान्यता दी जाती है। तीसरे दर्जे के लेखकों द्वारा पुरस्कार और नकद पुरस्कार लेकर चले जाने के कारण मानक और गुणवत्ता गटर में फेंक दी जाती है। होता यह है कि वास्तव में योग्य लेखक कभी भी जीत की कुर्सी तक नहीं पहुँच पाते। केरल साहित्य अकादमी द्वारा पी के पोकर को 2024 के लिए विलासिनी पुरस्कार देने की घोषणा ने विवाद का एक नया मोड़ ला दिया है। यह पुरस्कार मलयालम उपन्यासों की शाखा में अध्ययन के लिए था और इसकी स्थापना एम के मेनन (1928–1993) ने की थी, जो 1980 में प्रकाशित भारत के सबसे लंबे उपन्यास द इनहेरिटर्स (अवकाशिकल) के लेखक थे। जब मेनन ने पाया कि मलयालम उपन्यासों के बारे में कोई गंभीर अध्ययन नहीं हुआ है, तो उन्होंने पांच लाख रुपये की राशि एक कोष के रूप में अलग रखी और मलयालम उपन्यासों पर किए गए सर्वश्रेष्ठ अध्ययन के लिए एक पुरस्कार की स्थापना की। पुरस्कार में 50,000 रुपये की पुरस्कार राशि और एक प्रशस्ति पत्र दिया गया।

मेनन द्वारा एक सख्त शर्त यह थी कि पुरस्कार उपन्यास पर किए गए गंभीर और गुणवत्तापूर्ण अध्ययन को दिया जाना चाहिए। वह यह भी चाहते थे कि पुरस्कार का नाम ओ चंदू मेनन के नाम पर रखा जाए, जो मलयालम के पहले उपन्यास इंदुलेखा के लेखक हैं। केरल साहित्य अकादमी पर शासन कर रहे मार्क्सवादियों ने एम के मेनन द्वारा निर्धारित सभी मानदंडों को ताक पर रख दिया और पोकर के निबंधों के संग्रह द ब्लू लाइट ऑफ क्रिएटिविटी को इस वर्ष के पुरस्कार के लिए चुना। मेनन ने अपनी वसीयत में निर्देश दिया था कि अकादमी को हर साल लेखकों को सम्मानित करने की रस्म की जरूरत नहीं है। वसीयत का मसौदा तैयार करने में मेनन की मदद करने वाले ए बी रघुनाथन नायर ने कहा, उन्होंने उल्लेख किया था कि अगर कोई गुणवत्तापूर्ण अध्ययन उपलब्ध नहीं है, तो पुरस्कार देने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। पिल्लई बताते हैं कि यह सिर्फ भाई–भतीजावाद और पक्षपात का मामला नहीं है, जो साहित्य अकादमी की पहचान है। नेशनल एकेडमी ऑफ लिटरेचर के कार्यकारी समिति के सदस्य के पी रामानुन्नी ने बच्चों के साहित्य पर घटिया काम करने वाले उन्नी अम्मायमबलम को चुना, जो अब तक अनसुने लेखक थे। कारण? पोट्टेक्कट मेमोरियल अवार्ड कमेटी के अध्यक्ष उन्नी ने सुनिश्चित किया था कि रामानुन्नी को सर्वश्रेष्ठ कहानी का पुरस्कार मिले।

स्वयंभू कवि सभी पुरस्कार माफिया के सदस्य हैं जो मलयालम साहित्य में राज करते हैं। नेशनल एकेडमी ऑफ लेटर्स ने कवर–अप मिशन के तहत जूरी सदस्यों के नाम, विचाराधीन पुस्तकों और चयन प्रक्रिया में क्या हुआ, यह सार्वजनिक करना बंद कर दिया है और आरटीआई अधिनियम के तहत पूछताछ पर पर्दा डाल दिया है। खैर, कुछ बातों को अनकहा, अस्पष्ट और अप्रकाशित छोड़ देना ही बेहतर है।

## आप की बात

### मोदी की अमेरिका यात्रा

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** की वर्तमान अमेरिका यात्रा के दरमियान जो वाईडेन ने उनका बड़ी आत्मीयता से स्वागत किया और भारत–अमेरिका संबंधों को लेकर उत्साहजनक विचार व्यक्त किये। अमेरिका के अनिवासी भारतीयों ने भारी संख्या में मोदी का जिस तरह स्टेडियम में स्वागत किया, उससे सभी भारतीयों के मन गौरव की भावना से भर गए हैं। अपने भाषण में मोदी ने एआई को आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस के बजाय अमेरिका–इंडिया के रूप में प्रस्तुत कर अमेरिका के विकास में अनिवासी भारतीयों का उल्लेखनीय योगदान रेखांकित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका यात्रा के दौरान संयुक्त राष्ट्रसंघ के विशेष अधिवेशन को संबांधित करने के साथ ही क्वाड बैठक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि क्वाड किसी के विरुद्ध नहीं है और वह हिंद–प्रशांत में किसी देश के वर्चस्व और दूसरों पर हुक्म चलाने के बजाय अंतरराष्ट्रीय नियम–कानूनों का पालन सुनिश्चित करना चाहता है। मोदी की यात्रा से स्पष्ट है कि अमेरिका के आगामी राष्ट्रपति चुनाव मैं कोई भी जीते, भारत के साथ अमेरिका के रिश्ते निरंतर बेहतर होते रहेंगे। वर्तमान तनावपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय माहौल में ये संबंध निश्चित रूप से सबके लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार करते रहेंगे।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### क्वाड पर चीनी प्रतिक्रिया

**अमेरिका** में भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के संगठन क्वाड पर चीन ने ईर्ष्या भरी प्रतिक्रिया दी है। उसने कहा कि अमेरिका अत्याधुनिक तकनीक के लिए जो सहयोग देने की बात कर रहा है वह एशिया के देशों में फूट डालने, अपना आर्थिक मतलब सिद्व करने और हमें पड़ोसी देशों से दूर करने के प्रयास कर रहा है। क्वाड के माध्यम से अमेरिका द्वारा अपने मित्र देशों को सहयोग देकर उनके विकास में अपनी भागीदारी परिलक्षित कर रहा है तो इसमें चीन को कोई ऐतराज नहीं होना चाहिए। चीन की इस प्रतिक्रिया का इसलिए भी कोई औचित्य नहीं है कि भारत के साथ ही वह जापान तथा अनेक पड़ोसी देशों के द्वीपों और भूक्षेत्रों पर न केवल अपने दावे करता है, बल्कि उसकी सेना भी अपनी धौंसपट्टी लगातार दिखाती रहती है। ऐसे में क्वाड देश हिंद–प्रशांत सागर में चीन की आक्रामकता पर नजर रखने के लिए अपना सहयोग बढ़ा रहे हैं। यह कोई सैनिक गठबंधन नहीं है जिसका आरोप चीन लगाता रहता है। क्वाड चीन की आक्रमणकारी नीतियों का मुकाबला करने के साथ ही शांतिपूर्ण सहयोग को बढ़ावा देना चाहता है। भारत की कैंसर वैक्सीन पहल इस दिशा में उल्लेखनीय उदाहरण है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### केजरीवाल के सवाल

**अरविंद केजरीवाल** ने एक बार फ़िर पुरानी स्टाइल में सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद जंतर मंतर पर कथित जनता की अदालत में आरएसएस प्रमुख से कुछ अनर्गल और काल्पनिक सवाल कर डाले। इन सवालों के माध्यम से केजरीवाल भाजपा के भीतर तथा आरएसएस व भाजपा के बीच मतभेदों की कल्पना कर रहे हैं। लेकिन अब केजरीवाल के ऐसे प्रयास हास्यास्पद और दयनीय ज्यादा लगते हैं। अब स्वयं उन पर तथा उनकी पार्टी के अनेक नेताओं पर भ्रष्टाचार के इतने बड़े आरोप हैं कि वे अपना मुंह दिखाने लायक नहीं बचे हैं। सुप्रीम कोर्ट की सशर्त जमानत को वे भले ही अपनी विजय मानें, पर उनके मुख्यमंत्री कार्यालय जाने और फाइलों पर हस्ताक्षर करने पर भी रोक लगी है। दिल्ली की जनता उनकी असलियत समझ गई है। ऐसे में उन्होंने दिव्यांग मुख्यमंत्री रहने के बजाय अपने एक मुहरे या मुखौटे को मुख्यमंत्री बनान ज्यादा अच्छा समझा। स्वयं उनके गुरु अन्ना हजारे ने भी उनसे कई एक सवाल पूछ रखे हैं जिनका जवाब आज तक उन्होंने नहीं दिया है। केजरीवाल की स्वार्थी नीति आज विपक्ष के नेताओं के सामने भी स्पष्ट हो गई है और इसी कारण भाजपा के अलावा कांग्रेस भी उनको घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ती है।

**मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### खराब जीवनशैली

**अभी तक** तो बुजुर्ग लोगों की ही हार्ट अटैक से मौत होती थी। मगर अब तो जिम में एक्सर्साइज करते हुए और स्टेज पर डांस करते–करते कम उम्र के बच्चों से लेकर युवा वर्ग तक को हार्ट अटैक आने लगे हैं। कोरोना काल के बाद कम उम्र के लोगों में हार्टअटैक व अन्य कई तरह की बीमारियां दिखाई देने लगी है। इनमें दिल की बीमारियों के अलावा गठिया और मोटापा जैसी बीमारियां भी हैं। इसके लिए सिर्फ कोरोना ही नहीं हमारी आधुनिक जीवनशैली और भोजन–शैली भी इसके लिए जिम्मेदार है। बच्चों को कोल्ड ड्रिंक, पिज़्ज़ा जैसी स्वास्थ्य के लिए भारी नुकसानदेह चीजें नियमित खाने को चाहिए। ये धीरे–धीरे शरीर को खोखला कर रही है। मोबाइल गेमिंग के कारण उन्हें खेलने कूदने वाली एक्सरसाइज करने का टाइम हीं नहीं मिलता। स्कूल के बाद कोचिंग क्लास और कोचिंग क्लास के बाद मोबाइल जैसी स्थितियों में बच्चे स्वस्थ और मजबूत नहीं रह पाएंगे। खराब जीवनशैली वैसे तो किसी के लिए भी हानिकारक है, पर बचपन से ही इसके कारण बच्चों का समुचित शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक विकास बाधित होता है।

**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# खेल की नई राजधानी के रूप में विकसित होगा बाराबंकी: योगी

● कहा, सरकार लोधेश्वर नाथ मंदिर महादेवा को भी बेहतरीन कॉरिडोर बनाने की दिशा में अग्रसर

## मुख्यमंत्री ने बाराबंकी के विजय पार्क में पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का किया अनावरण





**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ बाराबंकी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय के प्रणेता थे। उन्होंने हर हाथ को काम, हर खेत को पानी का उद्घोष किया था। स्वतंत्र भारत में देश की दिशा क्या होनी चाहिए, इसके बारे में तत्कालीन सत्ता के सामने असमंजस की स्थिति रही होगी। लेकिन उस समय भारतीय राजनीति के नए सितारे का उदय हो रहा था, जिन्होंने आजादी के तत्काल बाद पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, फिर भारतीय जनसंघ के माध्यम से राजनीति में प्रवेश करते हुए भारत की सामाजिक, आर्थिक नीति और राजनीतिक व्यवस्था के बारे में जो विचार दिए, उसकी प्रासंगिकता आज न केवल भारत, बल्कि वैश्विक समुदाय के सामने भी देखने को मिल रही है।

योगी ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती की पूर्व संध्या पर मंगलवार को बाराबंकी के विजय पार्क में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही राजकीय इंटर कॉलेज में पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। सीएम ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

सीएम योगी ने कहा कि सरकार ने यहां की सड़कों के बेहतरीन रखरखाव व सुदृढ़ीकरण कार्ययोजना के साथ कार्य प्रारंभ किया है। एक तरफ बाराबंकी को स्टेट कैपिटल रीजन, अच्छे इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ मिलेगा तो दूसरी तरफ केडी सिंह बाबू के नाम पर बाराबंकी खेल की नई राजधानी के रूप में विकसित होगा। लोधेश्वर नाथ मंदिर के कारण बेहतरीन कॉरिडोर धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से बाराबंकी को प्राप्त होगा।

योगी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय की बात करते हुए कहा था कि आर्थिक उन्नति व प्रगति का मानक ऊंचे पायदान पर खड़े व्यक्ति से नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति से की जानी चाहिए। भाजपा हो या अन्य राजनीतिक दलों के एजेंडे का हिस्सा गांव-गरीब, किसान व महिलाएं बनी हैं और बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ हर तबके तक पहुंच रहा है तो स्वतंत्र भारत में इसके लिए जिस प्रखर प्रवक्ता का नाम आया है, वह पं. दीनदयाल उपाध्याय हैं। योगी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने सात दशक पहले जो सपने देखे थे, उसे साकार करने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व की एनडीए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। आज देश के अंदर कोरोना जैसी महामारी से निरंतर 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन की सुविधा मिल रही है। 12 करोड़ शौचालय का निर्माण किया गया। आयुष्मान कार्ड के तहत पांच लाख रुपये की बीमा की सुविधा मिल रही है। बिना रुके, झुके, डिगे पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास की यह यात्रा निरंतर बढ़ रही है। योगी ने कहा कि बाराबंकी स्टेट कैपिटल रीजन का महत्वपूर्ण जनपद बन चुका है। अब बाराबंकी भी लखनऊ के साथ ही विकास का बराबर भागीदार बनने जा रहा है। रीजन का हिस्सा बनते ही इंफ्रास्ट्रक्चर, पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बेहतरीन सुविधा का लाभ बाराबंकी वासियों को प्राप्त होने जा रहा है।

योगी ने कहा कि बाराबंकी सौभाग्यशाली है कि एक तरफ लखनऊ तो दूसरी तरफ अयोध्या धाम है। विकास यहां हो या वहां, इसके लाभ से बाराबंकी को कोई वंचित नहीं कर सकता। लोधेश्वर नाथ मंदिर महादेवा को नई पहचान देने के लिए धर्मार्थ कार्य व संस्कृति-पर्यटन विभाग लगातार कार्य करने जा रहा है। काशी विश्वनाथ धाम व अयोध्या धाम के तर्ज पर महादेवा का भी बेहतरीन कॉरिडोर बनाने की दिशा में हम अग्रसर हुए हैं। सीएम योगी ने कहा कि हर वंचित परिवार को आवास, शौचालय, राशन कार्ड, पेंशन आदि लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के सत्यापन में कौशांबी ने मारी बाजी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार प्रदेश में तमाम योजनाओं के माध्यम से गरीबों और वंचितों के जीवन स्तर को ऊपर लाने के लिए काम कर रही है। इसी क्रम में केंद्र सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना को भी प्रदेश में पूरी गंभीरता के साथ संचालित किया जा रहा है। सीएम योगी की मॉनीटिरंग का ही नतीजा है कि योजना का लाभ लेने के लिए प्रदेश के 27 लाख से अधिक लोगों ने आवेदन किया है। इन सभी आवेदन का त्रिस्तरीय सत्यापन कराया जा रहा है। इसके बाद इन सभी का नामांकन सुनिश्चित करते हुए आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण और लोन की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। वहीं प्रथम चरण के बाद द्वितीय चरण के सत्यापन में कौशांबी ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के निचले तबके के लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने एवं आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। इन योजनाओं को लाभ देने के लिए समय-समय पर अभियान भी चलाया जाता है। इसी के तहत पीएम विश्वकर्मा योजना का अधिक से अधिक लोगों को लाभ देने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि पीएम विश्वकर्मा पोर्टल के माध्यम से 27,47,017 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। इन आवेदनों का त्रिस्तरीय सत्यापन कार्य जारी है। सत्यापन के साथ ही इन सभी आवेदनकर्ता के नामांकन की प्रक्रिया युद्धस्तर पर चल रही है।

# उपराष्ट्रपति आज करेंगे उद्यमियों के महाकुंभ यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का भव्य शुभारंभ

● सीएम योगी भी रहेंगे मौजूद, 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित होगा शो का द्वितीय संस्करण, समापन समारोह में पीयूष गोयल होंगे मुख्य अतिथि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आस्था** का महाकुंभ अभी भले ही दूर हो, लेकिन उद्यमियों की आशाओं और संभावनाओं का महाकुंभ यानी उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण का शुभारंभ बुधवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में होने जा रहा है। बुधवार सुबह 12 बजे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में इस मेगा शो का शुभारंभ करेंगे। दूसरा संस्करण पहले संस्करण से भी बड़ा होने जा रहा है। इसकी पहुंच, व्यापार, और संभावनाओं के मामले में बड़ी आकांक्षाएं हैं। इस भव्य आयोजन के माध्यम से दुनिया प्रदेश के क्राफ्ट, कुजीन और कल्चर से रूबरू होगी। इसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित और बनाए गए उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा, तो भारत और वियतनाम का जायका भी आगंतुकों को आकर्षित करेगा। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए उन्हें प्रदेश के कल्चर से भी अवगत कराया जाएगा। शो का समापन 29 सितंबर को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा किया जाएगा।

एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने बताया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो आज विश्वपटल पर ब्रांड यूपी की पहचान बन गया है। आयोजन में 2500 स्टाल्स एवं प्रदर्शनियों के माध्यम से देश-दुनिया के सामने उत्तर प्रदेश के हुनर को प्रदर्शित किया जा रहा है। अब तक 70 देशों के 350 से अधिक क्रेताओं द्वारा अपना प्रतिभाग करने हेतु पंजीकरण कराया जा चुका है, यह संख्या और भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आयोजन में 3,50,000 से अधिक लोगों के आने की संभावना है, जो विगत वर्ष से भी अधिक है।

उन्होंने बताया कि इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशंस के सहयोग से वियतनाम, बोलीविया, रूस, वेनेजुएला, मिश्र एवं कजाकिस्तान के सांस्कृतिक ग्रुप्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन भी किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश के परम्परागत परिवेश एवं परिधान को दुनिया के सामने एक फैशन शो के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। फैशन शो में कपड़ा मंत्री, भारत सरकार गिरिराज किशोर द्वारा शोभा शोभा बढ़ाई जाएगी। शुभारम्भ सत्र में देश के एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी एवं प्रदेश के औ?द्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल नंदी द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 में उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों ?द्वारा अपने अभिनव प्रयासों, उत्पादों को शोकेस किया जा रहा है। ओडीओपी, खादी एवं ग्रामो?द्योग, ग्राम्य विकास तथा संस्कृति एवं सूचना विभाग द्वारा विभिन्न प्रदर्शनियों के माध्यम से अपनी उपलब्धियों को शोकेस किया जा रहा है। साथ ही साथ प्रदेश के उभरते निर्यातकों द्वारा अपने उत्पादों के प्रदर्शन के माध्यम से अपनी दक्षता का परिचय दिया जाएगा। रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों को इस आयोजन के माध्यम से दर्शाया जा रहा है। स्टार्ट अप, ई-कॉमर्स, एक्सपोर्ट्स आदि विषयों पर तकनीकी सत्रों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से उद्यमियों और युवाओं को एक नई दिशा एवं दृष्टि प्राप्त होगी।

इस आयोजन में कई आकर्षक गतिविधियों का समावेश होगा, जिसमें सम्मेलन, उत्पाद प्रदर्शन, फैशन शो और लेजर शो शामिल हैं। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों ब्रज, अवध, रोहिलखंड, बुंदेलखंड, पूर्वांचल, और पश्चिमी यूपी की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, संस्कृति विभाग द्वारा प्रस्तुत की जाएंगी। दर्शक शिव तांडव और कथक नृत्य नाटकों जैसी शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुतियों का आनंद ले सकेंगे, जो उन्हें मंत्रमुग्ध कर देंगी। प्रसिद्ध कलाकार जैसे अंकित तिवारी, कनिका कपूर और पलाश सेन का यूफोरिया बैंड अपने संगीत से दर्शकों का दिल जीतेगा। इसके अलावा, इस वर्ष के पार्टनर कंट्री वियतनाम की अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। साथ ही आईसीसीआर (भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद) के सहयोग से बोलीविया, रूस, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, ब्राज़ील, वेनेजुएला और मिस्र के कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

## यूपी की सांस्कृतिक धरोहर से परिचित होंगे मेहमान

● रूस, बोलिविया, कजाकिस्तान ब्राजील, वेनेजुएला, इजिप्ट, बांग्लादेश के कलाकार मेजबानों को अपनी संस्कृति की दिखाएंगे झलक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) में एक तरफ जहां उद्यमियों के सपनों को उड़ान मिलेगी, वहीं मेहमान यूपी की सांस्कृतिक धरोहरों से भी परिचित होंगे। योगी सरकार इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के लोकनृत्य-लोकगीत कलाकारों को देश-विदेश के आगंतुकों के समक्ष मंच देगी तो वहीं रूस, बोलिविया, कजाकिस्तान, ब्राजील, वेनेजुएला, इजिप्ट, बांग्लादेश के कलाकार भी अपनी संस्कृति की झलक से मेजबानों को परिचित कराएंगे।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के द्वितीय संस्करण में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर संस्कृति विभाग ने तैयारी कर ली है। यहां के मुक्ताकाशी मंच पर पांच दिन तक आगंतुक सुरमयी कार्यक्रमों का भी आनंद उठाएंगे। 25 सितंबर को पहले दिन नोएडा की माधवी मधुकर का भजन, मेहमान देश वियतनाम के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी। पहले दिन बॉलीवुड सिंगर अंकित तिवारी के गीतों पर दर्शक झूमेंगे। 26 सितंबर को आईसीसीआर के माध्यम से बोलिविया, रूस, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, ब्राजील, वेनेजुएला, इजिप्ट आदि के कलाकार अपने देश की सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। प्रयागराज की नीलाक्षी रॉय के 'प्रेम के रंग, कृष्ण के संग' के जरिए आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति होगी। सांस्कृतिक सांझ की अंतिम प्रस्तुति बालीवुड सिंगर कनिका कपूर के गीतों की होगी। 27 सितंबर को मथुरा की माधुरी शर्मा ब्रज के लोकगायन से परिचित कराएंगी। युवाओं के दिलों पर राज करने वाले पवनदीप व अरुणिता भी ट्रेड शो में युवाओं के समक्ष प्रस्तुति देंगे। 28 सितंबर को लखनऊ की संजोली पांडेय, सहारनपुर की रंजना नेब रामकथा पर आधारित कथक नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगी। कृष्ण भक्ति गायन पर माधवा बैंड की गायन प्रस्तुति होगी। 29 सितंबर को महोबा के जितेंद्र चौरसिया बुंदेली लोकगायन से परिचित कराएंगे। आगरा की प्रीति सिंह हनुमान चालीसा पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगी। डॉ. पलाश सेन की यूफ्रेरिया बैंड प्रस्तुति होगी। योगी सरकार का लोकसंस्कृति को बढ़ावा देने पर पूरा जोर है।

# महिलाओं में नेतृत्व क्षमता विकास के लिए महिला आयोग की बड़ी भूमिका: मुख्यमंत्री



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● योगी का आह्वान, जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रभावी हो तो उत्तर प्रदेश की महिलाएं उठा सकें पूरा लाभ, इसके लिए महिला आयोग तैयार करे कार्यक्रम

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने नवगठित राज्य महिला आयोग को बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा कि देश में अतिशीघ्र नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रभावी होने जा रहा है। इसके माध्यम से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की कुल सीटों में से एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। प्रदेश की महिलाओं को इसका वास्तविक लाभ मिल सके, इसके लिए उनमें नेतृत्व क्षमता विकास के लिए विशेष प्रयास किया जाना आवश्यक है। महिला हितों के संरक्षण तथा उनके कल्याण में राज्य महिला आयोग की बड़ी भूमिका है। राज्य महिला आयोग इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम तैयार करे। मंगलवार को नवगठित राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष द्वय और सदस्यों सहित सभी पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक में मुख्यमंत्री जी ने राज्य महिला आयोग के गठन के उद्देश्यों, दायित्वों, अधिकारों पर भी चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं/ बेटियों की सुरक्षा और उनके विकास के लिए अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा महिलाओं के हित में अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। महिलाओं की सहायता के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। इनके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। आयोग के पदाधिकारियों को जनपदीय प्रवास के दौरान इन प्रयासों/ कार्यक्रमों के बारे में स्थानीय महिलाओं से संवाद करना चाहिए। वहां से प्राप्त फीडबैक से मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराया जाना अपेक्षित है। यदि कतिपय कारणों से किसी को योजना का लाभ नहीं मिल सका है, तो उनके लिए आयोग द्वारा संस्तुति भी की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भिक्षावृत्ति की अवैध गतिविधियों से फंसे बच्चों को मुक्त कराकर उनकी पढ़ाई, आवास आदि की व्यवस्था कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है। राज्य महिला आयोग इस कार्य में प्रभावी योगदान करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार के सहयोग से वृंदावन में निराश्रित महिलाओं के लिए 'कृष्णा कुटीर' की स्थापना की गई है। निराश्रित महिला केंद्र भी संचालित हैं। यहां निवासरत महिलाओं में बहुत सी शिक्षित हैं। कुछ में हस्तशिल्प का हुनर है। कुछ अन्य किसी विधा की जानकार हैं। इनकी प्रतिभा, क्षमता का सही उपयोग हो, इसके लिए आयोग को इन महिलाओं से संवाद कर अपने सुझाव देने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग की पदाधिकारियों द्वारा महिला संवासिनी गृहों, अटल आवासीय विद्यालयों,कस्तूरबा विद्यालयों, महिला छात्रावासों, आश्रम पद्धति के विद्यालयों का भी निरीक्षण किया जाना चाहिए। वहां की व्यवस्था का अवलोकन कर सुधार के लिए अपने सुझाव शासन को देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि महिला एवं बाल विकास की मंत्री, विभागीय अधिकारियों और महिला आयोग के बीच बेहतर समन्वय बना रहे, इससे आयोग और विभाग दोनों ही अपने प्रयासों में सफल हो सकेंगे।

## फसाड लाइटिंग से जगमगाएगा प्रयागराज का नैनी ब्रिज, 11.22 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि अगले साल प्रयागराज में सम्पन्न होने वाला विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक समागम महाकुम्भ-2025 को भव्य रूप से आयोजित करने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इस महाकुम्भ में लगभग 50 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसको दृष्टिगत रखते हुए सभी विभागों द्वारा अवस्थापना सुविधाओं का विस्तार एवं सुधार किया जा रहा है। इसी के तहत उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग प्रयागराज के महत्वपूर्ण स्थलों में से एक नैनी ब्रिज को फसाड लाइटिंग से रोशन किया जायेगा। इसके लिए 11.22 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया तक उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य है। संगम नगरी प्रयागराज का महत्वपूर्ण स्थल हैं, जहां बड़ी संख्या में पर्यटकों का आगमन होता है। प्रदेश में आने वाले पर्यटकों के आगमन में निरंतर वृद्धि हो रही है। इस वर्ष प्रयागराज में जनवरी से जून तक लगभग 4.54 करोड़ पर्यटक आ चुके हैं। उन्होंने बताया कि नये भारत का नया उत्तर प्रदेश श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के स्वागत के लिए बुनियादी सुविधाओं को बेहतर कर रहा है, जिसके फलस्वरूप उत्तर प्रदेश में पिछले वर्ष 48 करोड़ पर्यटकों को आगमन हुआ। राज्य सरकार ने 80 करोड़ पर्यटकों को उत्तर प्रदेश आने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। उन्होंने बताया कि एक पर्यटक 6 लोगों को रोजगार देता है। इससे निवेश भी आकर्षित होता है, जिससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति मिलती है।

# आरपीएफ के दो जवानों की हत्या करने वाला मुठभेड़ में ढेर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● एक लाख के इनामी जाहिद को एसटीएफ ने गाजीपुर में मार गिराया, मुठभेड़ में दो सिपाही भी गोली लगने से घायल

**बीते** अगस्त माह में चलती ट्रेन में आरपीएफ के दो सिपाहियों को मारपीट उन्हें नीचे फेंककर उनकी हत्या करने वाले एक लाख के ईनामी अपराधी मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू को एसटीएफ ने बीते सोमवार की देर रात गाजीपुर जिले में हुई मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। इस दौरान उसका एक साथी फायरिंग करते हुए फरार हो गया। मुठभेड़ में दो सिपाही भी गोली लगने से जख्मी हुए हैं।

मुठभेड़ में मारा गया बिहार का रहने वाला मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू आरपीएफ के दो सिपाहियों की हत्या का आरोपी था। उस पर अपहरण, मारपीट और शराब तस्करी के कई केस दर्ज हैं। वह काफी समय से फरार चल रहा था। उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। मुखबिर से उसके गाजीपुर में होने की जानकारी मिली। इसके बाद सोमवार की रात करीब एक बजे यूपी एसटीफ की नोएडा यूनिट, जीआरपी दिलदारनगर और गाजीपुर की संयुक्त टीम ने सर्च अभियान चलाना शुरू कर दिया। दिलदारनगर के गोपालपुर के पास मोहम्मद जाहिद उर्फ सोनू बाइक से अपने साथी के साथ जाता नजर आया। टीम ने उसकी घेराबंदी की तो उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। गोली लगने से दो पुलिसकर्मी घायल हो गए. इसके बाद जवाबी कार्रवाई में जाहिद के सीने में गोली लग गई। घायल बदमाश को उपचार के लिए सीएचसी भदौरा ले जाया गया। यहां से उसे जिला अस्पताल रवाना कर दिया गया। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। 20 अगस्त को गाजीपुर में आरपीएफ के 2 सिपाहियों के शव गहमर के बकैनिया गांव के पास झाड़ियों में मिले थे। इनमें से एक सिपाही की पहचान गाजीपुर के दवैथा गांव के रहने वाले जावेद के रूप में की गई थी, जबकि दूसरे की पहचान बिहार के रहने वाले प्रमोद के रूप में हुई थी। 19 अगस्त की रात दोनों सिपाही ट्रेन नंबर 15631 बाड़मेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस में अवैध शराब की तस्करी रोकने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान शराब तस्करों ने दोनों आरक्षियों को बुरी तरह मारपीट कर चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया था। इससे दोनों सिपाहियों की मौत हो गई थी। दोनों सिपाही मोकामा के लिए निकले थे। वहां न पहुंचने पर आरपीएफ कमांडेंट ने उनके मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कराई तो उनके शव बरामद हुए। इस मामले में अब तक 6 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

# मंत्री ने की वित्तीय कार्ययोजना की राशि बढ़ाकर 15 लाख रुपए करने की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## क्षेत्र पंचायत प्रमुखों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




**प्रदेश** के पंचायतीराज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ओम प्रकाश राजभर की अध्यक्षता में मंगलवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में क्षेत्र पंचायत प्रमुखों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मेहनत पूर्वक कार्य कर रहे हैं। विभाग की तरफ से भी पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के संबंध में जो निर्देश प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा मिला है उसको धरातल पर उतारने में हम सभी को मिलकर सहयोग करना होगा। 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' को सफल बनाने के लिए उन्होंने सभी क्षेत्र प्रमुखों को अपना अमूल्य सहयोग देने का आह्वान किया।

पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि पंचायतीराज विभाग द्वारा ओडीएफ प्लस योजना पर कार्य किया जा रहा है। गांवों में कूड़े के प्रबंधन के दृष्टिगत सॉलिड एवं लिक्विड मैनेजमेंट की दिशा में पंचायतीराज विभाग काम कर रहा है। कूड़े के निस्तारण की व्यवस्था गांवों में ही की जा रही है। कूड़े के प्रबंधन से ग्राम पंचायत की स्वयं की आर्थिक स्रोत बन रहे है। इसके अलावा पंचायतीराज संस्थाओं की कार्य प्रणाली में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। आज प्रदेश की समस्त पंचायतें अपना कार्य ऑनलाइन कर रही हैं। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत प्रमुखों की तरफ से 9 सूत्रीय मांग पत्र मंत्री को दिया गया। जिस पर मंत्री ने गम्भीरतापूर्वक विचार कर निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। प्रमुख मांगों में से वित्तीय कार्ययोजना को कराने के लिए स्वीकृत 10 लाख रुपये की राशि को बढ़ाकर 15 लाख रुपये तक करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति को प्रत्येक वर्ष 10 प्रतिशत तक बढ़ाने पर भी विचार किया जायेगा। जिससे कि क्षेत्र पंचायत की कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जा सके। आकस्मिक व्यय नियमावली के तहत धनराशि की व्यवस्था की स्थिति अन्य प्रदेशों में क्या है का अध्ययन करने के पश्चात जल्द ही उत्तर प्रदेश में भी इसे लागू किया जायेगा, जिससे कि आपदा के समय में पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद की जा सके। पंचायतीराज मंत्री ने ब्लॉक प्रमुखों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना उन्होंने कहा कि आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए एवं तकनीकी सहायता के लिए ब्लॉक स्तर पर प्रत्येक ब्लॉक में ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर की नियुक्ति किया जायेगा। ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर की नियुक्ति से संबंधित प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा जा चुका है। ब्लॉक प्रोजेक्ट मैनेजर क्षेत्र स्तर पर योजनाओं एवं उसमें आ रही समस्याओं से शासन को अवगत करायेंगे। जिसका निराकरण शासन स्तर से कराया जा सकेगा। इसके अलावा लखनऊ में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत का राज्य स्तरीय कार्यालय खोले जाने पर भी विभाग द्वारा जल्द ही निर्णय लेने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य सचिव नरेन्द्र भूषण, निदेशक पंचायतीराज अटल कुमार राय, अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत प्रमुख धीरेन्द्र प्रताप सिंह सेनानी, उपाध्यक्ष यशकान्त सिंह, महामंत्री परेश एवं संरक्षक जगमोहन यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपाराज में कमिश्नरेट बन गए हैं करेप्शनरेट: अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● सपा मुखिया ने यूपी पुलिस पर भाजपा के राजनीतिक एजेंडे के लिए काम करने का लगाया आरोप



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज नहीं रह गया है। भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को अराजकता में धकेल दिया है। चरम पर भ्रष्टाचार, बजट की लूट, निर्दोषों पर झूठे मुकदमे, फर्जी एनकाउण्टर, बढ़ते अपराधों से प्रदेश की छवि खराब हो रही है। इसके लिए प्रदेश की भाजपा सरकार जिम्मेदार है। पुलिस प्रशासन मनमानी पर उतारू है। भाजपा सरकार ने सात साल के शासनकाल में ऐसा माहौल बना दिया है कि आज कोई भी खुद को सुरक्षित नहीं महसूस कर रहा है। पुलिस अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें सजा दिलाने के बजाए भाजपा के राजनीतिक एजेंडे के लिए काम कर रही है। असली अपराधियों और घटनाओं के दोषियों की जगह गरीब निर्दोषों पर झूठे मुकदमे लगाकर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध और भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा का जीरों टॉलरेंस का दावा झूठा साबित हो चुका है। भाजपा के नेता, पदाधिकारी, विधायक खुद स्वीकार करते हैं कि प्रदेश में भ्रष्टाचार बहुत बढ़ गया है। इतना भ्रष्टाचार पहले कभी नहीं रहा। मुख्यमंत्री जी को अब अपने शासन-प्रशासन के कुशासन को स्वीकार कर लेना चाहिए, क्योंकि अब भाजपा और इनके सहयोगी दलों के नेता और जनप्रतिनिधि शासन-प्रशासन पर आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे होने की बाते कह रहे हैं। विधायक, पुलिस कमिश्नरेट को कमीशन रेट की उपाधि दे रहे हैं।

# एमयूडीए मामले की जड़ें तीन दशक से अधिक हैं पुरानी

**बेंगलुरु।** मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले की जड़ें तीन दशक से भी अधिक पुरानी हैं, जिसमें कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ जांच की मंजूरी दी है। सिद्धरमैया की पत्नी बी एम पार्वती को कथित तौर पर मुआवजे के तौर पर मैसूरु के एक पॉश इलाके में जमीन आवंटित किए जाने से जुड़ा है, जिसका संपत्ति मूल्य उनकी उस जमीन की तुलना में अधिक था जिसे एमयूडीए ने अधिग्रहित किया था। एमयूडीए ने पार्वती को उनकी 3.16 एकड़ भूमि के बदले 50:50 अनुपात योजना के तहत भूखंड आवंटित किए थे। इस विवादित योजना के तहत एमयूडीए ने आवासीय लेआउट बनाने के लिए भूमि खोने वालों को उनसे अधिग्रहित गैरविकसित भूमि के बदले में 50 प्रतिशत विकसित भूमि आवंटित की। मैसूरु तालुक के कसाबा होबली में कसारे गांव के सर्वे नंबर 464 में स्थित 3.16 एकड़ जमीन पर पार्वती का कोई कानूनी अधिकार नहीं था।

मामला सितंबर 1992 में प्रारंभ हुआ जब देवनूर लेआउट के तीसरे चरण के निर्माण के लिए निंगा बिन जावारा नामक व्यक्ति की 3.16 एकड़ भूमि के अधिग्रहण के लिए प्रारंभिक अधिसूचना जारी की गई। फरवरी 1998 में अंतिम अधिसूचना जारी की गई। इस भूमि को बाद में मई 1998 में विमुक्त कर दिया गया फिर भी इसका उपयोग देवनूर लेआउट बनाने के लिए किया गया तथा 2001 में स्थल आवंटित किए गए। सिद्धरमैया के साले मल्लिकार्जुनस्वामी ने अगस्त 2004 में मूल धारक के एक बेटे से 3.16 एकड़ कृषि भूमि खरीदी और जुलाई 2005 में इसे गैर-कृषि उद्देश्यों के लिए परिवर्तित करा लिया।

अक्टूबर 2010 में मल्लिकार्जुनस्वामी ने अपनी बहन एवं सिद्धरमैया की पत्नी पार्वती को भूमि का उपहार विलेख (गिफ्ट डीड) सौंप दिया। प्रश्न ए उठ रहे हैं कि सिद्धरमैया के साले ने 2004 में जमीन कैसे खरीदी और पार्वती को कैसे उपहार में दे दी, जबकि 2001 में ही लेआउट बन गया था और कई लोगों को जगह आवंटित कर दी गई थी। साथ ही यह सवाल भी उठ रहा है कि जिस भूमि को गैर-अधिसूचित किया गया था वह 2005 में गैर-कृषि भूमि में कैसे बदल दी गई। दावा किया जाता है कि जून 2014 में पार्वती को एहसास हुआ कि एमयूडीए ने देवनूर लेआउट विकसित करने के लिए उनकी 3.16 एकड़ जमीन बिना सहमति के अवैध रूप से अधिग्रहित कर ली है। उन्होंने अपनी जमीन के बदले में मुआवजा मांगा था। इसके बाद दिसंबर 2017 में एमयूडीए ने गलती स्वीकार करते हुए पार्वती को वैकल्पिक जमीन देने का फैसला किया था।

# रामलला को पहनाया ऐपण से सुसज्जित परिधान उत्तराखंडवासियों के लिए सौभाग्यशाली क्षणः धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में रामलला की प्रतिमा को विश्वविख्यात ऐपण कला से सुसज्जित रेशमी शुभवस्त्रम पहनाया जाना उत्तराखंडवासियों के लिए एक सौभाग्यशाली क्षण करार दिया। भगवान राम के इन वस्त्रों को प्रदेश के कुशल शिल्पकारों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रेरणा से तैयार किया। धामी वस्त्रों को स्वयं अयोध्या लेकर गए और श्रीराम मंदिर में भेंट किया।

इस शुभवस्त्रम पर न केवल प्रदेश की ऐपण कला नजर आती है बल्कि इसमें निहित भक्ति और श्रम साधकों की अद्वितीय शिल्पकला का अद्भुत समन्वय भी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर शुभवस्त्रम में रामलला की तस्वीर साझा करते हुए इसे सभी उत्तराखंडियों के लिए अत्यंत सौभाग्यशाली क्षण करार दिया। उन्होंने कहा, अयोध्या में श्री रामलला के दिव्य विग्रह पर देवभूमि उत्तराखंड की ऐपण कला से सुसज्जित शुभवस्त्रम समस्त देवभूमिवासियों की प्रभु श्रीराम के प्रति असीम श्रद्धा एवं आस्था का अनुपम प्रतीक है। यह पावन वस्त्र श्रम साधकों द्वारा निर्मित किया गया है। यह हम सभी उत्तराखंडवासियों के लिए अत्यंत सौभाग्यशाली क्षण है।

यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में बताया गया कि इससे उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और पारंपरिक कलाओं को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिल रही है बल्कि आने वाली पीढ़ियां भी इससे प्रेरित होकर इससे जुड़ेंगी। उत्तराखंड के कुमांउ क्षेत्र में प्रसिद्ध लोक कला ऐपण में गेरू के ऊपर चावल के बिस्वार यानी पिसे चावलों के घोल से उंगलियों की मदद से आकृतियों को उकेरा जाता है। इसे खास त्योहारों जैसे दीपावली आदि पर घरों की देहरी, मंदिरों, दीवारों और कपड़ों पर बनाया जाता है।

# कुशीनगर में जाली नोट के कारोबार में लिप्त गिरोह का भंडाफोड़, दस आरोपी गिरफ्तार

**कुशीनगर, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के कई थानों की पुलिस के एक साझा अभियान में जाली नोट के कारोबार में कथित रूप से शामिल 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और उनसे पांच लाख रुपए से ज्यादा के जाली नोट बरामद किए गए। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दावा किया कि मोहम्मद रफी खान उर्फ बबलू खान सपा लोहिया वाहिनी का पदाधिकारी है। वहीं समाजवादी पार्टी ने कहा कि पार्टी अपने स्तर पर इस घटना के बारे में जानकारी जुटा रही है।

अधिकारी ने बताया कि आरोपियों से एक लाख रुपए से अधिक के भारतीय नोट भी बरामद किए गए। कुशीनगर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संतोष कुमार मिश्रा ने संवाददाताओं को बताया, थाना तमकुहीराज, थाना तरयासुजान, थाना सेवरही और थाना साइबर के एक संयुक्त दल ने सोमवार को गिरोह को दबोच लिया। यह गिरोह न केवल जाली नोट के कारोबार में शामिल था बल्कि उनके पास से भारी मात्रा में देशी अवैध असलहा, कारतूस व विस्फोटक भी बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद रफीक खान उर्फ बबलू खान, नौशाद खान, मोहम्मद रफी अंसारी, औरंगजेब उर्फ लादेन, शेख जमालुद्दीन, नियाजुद्दीन उर्फ मुन्ना, रेहान खान उर्फ सद्दाम, हासिम खान, सेराज हशमती और परवेज इलाही (सभी कुशीनगर जिले के निवासी) के रूप में हुई है।

अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के पास से पांच लाख 62 हजार के जाली नोट, एक लाख 10 हजार रुपए के असली भारतीय नोट, तीन हजार रुपए के नेपाली नोट, 315 बोर के 10 अवैध तमंचे, 30 कारतूस, 12 खोखे, चार सुतली देशी बम, अपराध में प्रयुक्त 13 मोबाइल फोन, 26 फर्जी सिम कार्ड, 10 फर्जी आधार कार्ड, 10 एटीएम कार्ड व आठ लैपटॉप व अपराध में प्रयुक्त दो लक्जरी चार पहिया वाहन भी बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ थाना तमकुहीराज में जाली मुद्रा के कारोबार और हथियार अधिनियम व विस्फोटक पदार्थ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्वाई की जा रही है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया, सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रफी खान बबलू सहित 10 शातिर अभियुक्तों को जाली नोटो और अवैध हथियारों के साथ पकड़ा गया, जो एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय गिरोह चला रहे थे।

# ज्ञानवापी के वुजूखाना के सर्वेक्षण में एक अक्टूबर को होगी अगली सुनवाई

**भाषा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने ज्ञानवापी मस्जिद के वुजूखाना के सर्वेक्षण के अनुरोध वाली याचिका पर याचिकाकर्ता को हलफनामा दाखिल कर एक अन्य वादी लक्ष्मी देवी द्वारा पूर्व में दाखिल हलफनामे के बारे में जानकारी देने को कहा। अदालत ने मंगलवार को इस मामले की अगली सुनवाई एक अक्टूबर को निर्धारित की है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने याचिकाकर्ता राखी सिंह द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर यह आदेश पारित किया।

राखी सिंह ने यह पुनरीक्षण याचिका वाराणसी के जिला न्यायाधीश के 21 अक्टूबर, 2023 को पारित आदेश को चुनौती देते हुए दायर की थी, जिसमें जिला न्यायाधीश ने ज्ञानवापी मस्जिद में वुजूखाना क्षेत्र (कथित शिवलिंग को छोड़कर) का सर्वेक्षण करने का एएसआई को निर्देश देने से मना कर दिया था।

वाराणसी की अदालत में श्रृंगार गौरी की पूजा अर्चना वाद में शामिल याचिकाकर्ताओं में से एक राखी सिंह ने अपनी पुनरीक्षण याचिका में दलील दी कि न्याय हित में वुजूखाना क्षेत्र का सर्वेक्षण आवश्यक है क्योंकि इससे अदालत को निर्णय पर पहुंचने में मदद मिलेगी। हिंदू पक्ष के वकील सौरभ तिवारी और अमिताभ त्रिवेदी ने दलील दी कि संपूर्ण संपत्ति का धार्मिक चरित्र निर्धारित करने के लिए वुजूखाना का एएसआई से सर्वेक्षण कराना आवश्यक है। यह सर्वेक्षण उच्चतम न्यायालय के निर्देश के मुताबिक, गैर आक्रामक पद्धति का उपयोग करके संभव है। एएसआई वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर का पहले की सर्वेक्षण कर वाराणसी के जिला न्यायाधीश को अपनी रिपोर्ट सौंप चुका है।

# यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी पर हत्या की कोशिश का मामला दर्ज

**भाषा।** ठाणे

**महाराष्ट्र** की ठाणे पुलिस ने पुलिसकर्मियों पर कथित गोलीबारी के लिए बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने साथ ही, आरोपी की आकस्मिक मौत का मामला भी दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने पहले बताया था कि सोमवार शाम को जिस वक्त गोलीबारी की घटना हुई, उस वक्त शिंदे को उसकी पूर्व पत्नी की शिकायत पर उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में नवी मुंबई की तलोजा जेल से ठाणे जिले के बदलापुर ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, इस घटना में शिंदे की मौत हो गई थी।

शिंदे (24) पर बदलापुर के एक स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न का आरोप है। बदलापुर के एक स्कूल में संविदा सफाईकर्मी शिंदे को 17 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। पांच दिन पहले उसने स्कूल के शौचालय में दो लड़कियों का यौन उत्पीड़न किया था। एक अधिकारी ने पहले बताया था कि शिंदे को उसकी पूर्व पत्नी की शिकायत पर उसके खिलाफ दर्ज मामले की जांच के तहत सोमवार शाम को पुलिस वाहन में ले जाया जा रहा था। अधिकारी के अनुसार, आरोपी को ठाणे में मुंब्रा बाईपास के पास उस वक्त ढेर कर दिया गया, जब उसने कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी की बंदूक छीन ली और एक पुलिसकर्मी पर गोली चला दी।

अधिकारी ने बताया कि एपीआई नीलेश मोरे को गोली मारकर घायल करने के बाद उसके साथ जा रही पुलिस टीम के एक अन्य अधिकारी ने उस पर जवाबी गोली चलाई। अधिकारी के अनुसार, घायल अवस्था में आरोपी को कलवा सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ठाणे पुलिस के एक अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि घटना के बाद, शिंदे के खिलाफ हत्या के प्रयास के साथ-साथ उसकी आकस्मिक मृत्यु का मामला मुंब्रा पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि शिंदे ने पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला करने की कोशिश की। अधिकारी ने बताया कि चूंकि शिंदे की पुलिस कार्वाई में मौत हो गई, इसलिए आकस्मिक मृत्यु का एक और मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों मामलों की जांच ठाणे पुलिस कर रही है।

अधिकारी ने बताया कि दो नाबालिग लड़कियों के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में तलोजा जेल में बंद शिंदे को उसकी पूर्व पत्नी की शिकायत पर दर्ज एक अन्य यौन उत्पीड़न मामले की जांच के लिए बदलापुर ले जाया जा रहा था। मामले की जांच के लिए ठाणे पुलिस ने एक विशेष टीम बनाई थी। विशेष टीम के अधिकारियों ने अदालत से ट्रांसफर वारंट मांगा था। इसके आधार पर उसे नए मामले में बदलापुर ले लाया जा रहा था। शिंदे की मौत के बाद बदलापुर में कुछ स्थानीय लोगों ने मिठाइयां बांटीं और पटाखे फोड़े। उन्होंने बलात्कारियों को बख्शा नहीं जाएगा जैसे संदेशों वाले बैनर भी दिखाए।

इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम ने मंगलवार को घटनास्थल का मुआयना किया तथा जांच के लिए सबूत जुटाए। उन्होंने बताया कि टीम ने घटनास्थल से इस्तेमाल किए गए छर्रे और खून के नमूने भी एकत्र किए। अधिकारियों ने दिन में पहले बताया था कि महाराष्ट्र का अपराध जांच विभाग (सीआईडी) शिंदे की मौत की जांच करेगा। शिंदे के शव को ठाणे के कलवा सरकारी अस्पताल से पोस्टमॉर्टम के लिए मुंबई के सरकारी जे.जे. अस्पताल ले जाया गया। एक अधिकारी ने बताया कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि शव को मुंब्रा पुलिस द्वारा सुबह 11.10 बजे जे.जे. अस्पताल लाया गया और ठाणे के प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा मृत्यु के कारणों की न्यायिक जांच की गई।

# न्यायालय ने उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता से सीआरपीएफ सुरक्षा वापस लेने की केंद्र की याचिका पर जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र की उस याचिका पर 2017 के उन्नाव दुष्कर्म मामले की पीड़िता और उसके परिवार के सदस्यों से मंगलवार को जवाब मांगा जिसमें 2019 में अदालत के आदेश के बाद उन्हें दी गई सीआरपीएफ की सुरक्षा वापस लेने का अनुरोध किया गया है। भाजपा का निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर 2017 में उत्तर प्रदेश के उन्नाव इलाके में एक नाबालिग लड़की के अपहरण और उससे दुष्कर्म करने के जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहा है। इस सनसनीखेज दुष्कर्म मामले और पीड़िता तथा अन्य की जान को खतरा होने पर संज्ञान लेते हुए उच्चतम न्यायालय ने एक अगस्त 2019 को निर्देश दिया था कि दुष्कर्म पीड़िता, उसकी मां, परिवार के अन्य सदस्यों और उनके वकील को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) द्वारा सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने केंद्र की याचिका की प्रति पीड़िता तथा उसके परिवार के सदस्यों को देने के लिए कहा। पीठ ने यह भी कहा कि चूंकि शायद ही किसी खतरे की आशंका है तो वह इस मामले को बंद करना चाहेगी। केंद्र के वकील ने कहा कि पीड़िता तथा उसके परिवार के सदस्यों पर खतरे के आकलन के अनुसार सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश वकील रुचिरा गोयल ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद मुकदमे समेत सब कुछ दिल्ली की अदालत को सौंपा जा चुका है। पीठ ने गोयल से पूछा कि पीड़िता अभी कहां रहती है। इस पर उन्होंने बताया कि लड़की और उसका परिवार दिल्ली में रहता है। उच्चतम न्यायालय ने 14 मई को केंद्र से कहा था कि वह उन्नाव बलात्कार पीड़िता, उसके परिवार के सदस्यों और उसके वकीलों को 2019 के उसके आदेश के तहत प्रदान की गई सीआरपीएफ सुरक्षा वापस लेने के लिए अलग से एक याचिका दायर करे। केंद्र सरकार ने कहा था कि पीड़िता और अन्य को दिल्ली या उत्तर प्रदेश पुलिस सुरक्षा प्रदान कर सकती है और सीआरपीएफ को इस जिम्मेदारी से हटने की अनुमति दी जाए। शीर्ष अदालत ने उन्नाव बलात्कार घटना के संबंध में दर्ज सभी पांच मामलों को 2019 में उत्तर प्रदेश की लखनऊअदालत से दिल्ली की एक अदालत में स्थानांतरित कर दिया था और इसकी सुनवाई दैनिक आधार पर करने एवं इसे 45 दिन में पूरा करने के निर्देश दिए थे। शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार को भी निर्देश दिया था कि वह अंतरिम मुआवजे के रूप में पीड़िता को 25 लाख रुपए दे। अदालत ने कहा था कि सीबीआई को उस दुर्घटना की जांच सात दिन के भीतर पूरी करनी होगी जिसमें पीड़िता और उसका वकील गंभीर रूप से घायल हो गए थे तथा उसके दो रिश्तेदारों की मौत हो गई थी। पीड़िता के पिता को शस्त्र कानून के तहत एक मामले में सेंगर के कहने पर गिरफ्तार किया गया था और नौ अप्रैल 2018 को उसकी हिरासत में मौत हो गई थी। सेंगर ने अधीनस्थ अदालत के दिसंबर 2019 के उस फैसले को रद्द किए जाने का अनुरोध किया है, जिसके तहत उसे शेष जीवन के लिए कारावास की सजा सुनाई गई है। उसकी अपील दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित है। सेंगर को 13 मार्च 2020 को पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी। उस पर 10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था। अदालत ने इस मामले में सेंगर के भाई अतुल सिंह सेंगर और पांच अन्य को भी 10 साल की जेल की सजा सुनाई थी।

## पालघर में गैर कानूनी तरीके से रह रहे पांच बांग्लादेशी गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में कथित तौर पर गैर कानूनी तरीके से रह रहे पांच बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ (एएचटीसी) ने नाला सोपारा इलाके की झुग्गी बस्ती में 22 सितंबर को छापेमारी की कार्वाई की और पांच पुरुषों को पकड़ लिया। आरोपी अरशद रहमतुल्लाह गाजी (52), अली मोहम्मद दीनमोहम्मद मंडल (56), मिराज साहेब मंडल (19), सज्जाद कादिर मंडल (45) और साहेब पंचानन सरदार (45) के पास कथित तौर पर भारत में रहने के लिए वैध दस्तावेज नहीं थे। आरोपी करीब 10 साल पहले नदी के रास्ते भारत में दाखिल हुए थे और दिहाड़ी मजदूर के तौर पर काम कर रहे थे। पुलिस ने विदेशी अधिनियम-1946 और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम-1950 की सुंसगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# त्रिपुरा में 500 उग्रवादियों ने मुख्यमंत्री साहा के समक्ष हथियार डाले

**अगरतला।** त्रिपुरा में प्रतिबंधित समूह नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) के करीब 500 उग्रवादियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री माणिक साहा के समक्ष अपने हथियार डाले। सिपाहीजाला जिले के जम्पुइजाला में कार्यक्रम में उग्रवादियों का मुख्यधारा में स्वागत करते हुए साहा ने कहा कि उग्रवाद किसी समस्या का समाधान नहीं है। उन्होंने बड़ी संख्या में उग्रवादियों के आत्मसमर्पण के बाद इस पूर्वोत्तर राज्य को पूरी तरह से उग्रवाद से मुक्त घोषित किया। केंद्र और राज्य सरकार विभिन्न योजनाएं शुरू कर स्वदेशी लोगों के सम्पूर्ण विकास के लिए काम करती रही है। मैं हिंसा का रास्ता छोड़ने और मुख्यधारा में शामिल होने वाले लोगों का स्वागत करता हूं। आज, एनएलएफटी और एटीटीएफ के करीब 500 उग्रवादियों ने यहां आत्मसमर्पण कर दिया और बाकी के कैडर आने वाले दिनों में आत्मसमर्पण करेंगे। इस दौरान उग्रवादियों ने अत्याधुनिक आग्नेयास्त्र सौंप दिए। उग्रवादियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में चार सितंबर को दिल्ली में केंद्र तथा राज्य सरकार के साथ हुए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद आत्मसमर्पण किया है।

# ताजमहल और कछुए से प्रेरणा लेकर आईआईटी ने बनाए पर्यावरण हितैषी जियोग्रिड

**इंदौर।** इंदौर और हैदराबाद के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) ने मिलकर दो खास जियोग्रिड विकसित किए हैं। आईआईटी इंदौर के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जियोग्रिड आगरा के मशहूर ताजमहल की वास्तुकला और देश के स्टार प्रजाति के कछुए की खोल के पैटर्न से प्रेरणा लेकर तैयार किए गए हैं जिनके इस्तेमाल से पर्यावरण हितैषी निर्माण कार्य को बल मिलेगा। जियोग्रिड, एक जियोसिंथेटिक वस्तु होती है जिसका उपयोग निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी और इस तरह की सामग्रियों को सुदृढ़ करने के लिए किया जाता है। अधिकारी ने बताया कि इंदौर और हैदराबाद के आईआईटी के विकसित जियोग्रिड को मल्टीएक्सियल डायमंड एंकर्ड ऑक्टेगनल जियोग्रिड और मल्टीएक्सियल कोसेंट्रिक ऑक्टेगनल जियोग्रिडै नाम दिया गया है। जियोग्रिड का विकास करने वाले अनुसंधान दल में आईआईटी इंदौर के डॉ. बाडिगा रामू और आईआईटी हैदराबाद के प्रोफेसर उमाशंकर बालूनैनी शामिल थे।

आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रोफेसर सुहास जोशी ने कहा, इन जियोग्रिड की नवाचारी तकनीक संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। यह तकनीक जलवायु परिवर्तन, संसाधनों की कमी और अपशिष्ट प्रबंधन की समस्याओं का समाधान भी करती है। आईआईटी इंदौर के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि इन जियोग्रिड का इस्तेमाल सिविल इंजीनियरिंग के अलग-अलग कामों में किया जा सकता है जिनमें फुटपाथ से लेकर राजमार्गों, हवाई अड्डे के रनवे और रेल पटरियों का निर्माण कार्य शामिल है। अधिकारी ने बताया कि सुरंग निर्माण और भूमिगत खनन के कामों के साथ ही नदी के तटों की सुरक्षा और मिट्टी के कटाव को नियंत्रित करने में भी इन जियोग्रिड की मदद ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि इन जियोग्रिड का निर्माण उपयोग किए गए प्लास्टिक या कबाड़ की रिसाइकलिंग करके भी किया जा सकता है।

# नीलगाय और जंगली सूअरों को मारने के लिए पांच जिलों में शुरू होगा अभियान

**भाषा।** पटना

**बिहार सरकार** ने मंगलवार को कहा कि राज्य के पांच जिलों में नीलगाय और जंगली सूअरों को मारने के लिए अभियान शुरू किया जाएगा। राज्य के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रेम कुमार की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में प्रभावित क्षेत्रों में नीलगाय और जंगली सूअरों को मारने के लिए अभियान शुरू करने का निर्णय मंगलवार को लिया गया। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

वैशाली, पूर्वी चंपारण, बक्सर, सीवान और समस्तीपुर जिलों में इस महीने से निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार अभियान शुरू किया जाएगा। ए पांच जिले सबसे अधिक प्रभावित जिलों में शामिल हैं, जहां इन दो जानवरों ने फसलों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया है। एक बयान के अनुसार, संबंधित अधिकारियों को उन जिलों में जहां समस्या गंभीर है, एक बार में 50 ऐसे जानवरों को मार सकते हैं। बयान के मुताबिक, प्रभावित क्षेत्रों में नीलगाय और जंगली सूअरों को मारने के लिए अभियान शुरू करने से पहले एक रणनीति तैयार करनी होगी। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, कृषि और पंचायती राज विभाग के संबंधित अधिकारी संयुक्त रूप से अपने-अपने जिलों में नीलगाय और जंगली सूअरों को मारने के लिए अभियान शुरू करने की रणनीति तैयार करेंगे।

उन्हें मारने से लेकर दफनाने तक की पूरी प्रक्रिया में मुखिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। राज्य के लगभग सभी जिले इन दोनों जानवरों के आतंक से प्रभावित हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक अनुमान के अनुसार इन जिलों में नीलगाय की कुल संख्या लगभग ती लाख जबकि जंगली सूअरों की संख्या लगभग 67,000 है।

उन्होंने कहा, ए दोनों जानवर झुंड में घूमते हैं और एक दिन में कई एकड़ फसलें नष्ट कर देते हैं। राज्य के कुछ जिलों में किसान अपनी पकती फसलों को नीलगाय और जंगली सूअर से बचाने के लिए पूरी रात जागना पड़ता है। अधिकारी ने बताया कि इससे न केवल फसलों को नुकसान होता है बल्कि नीलगाय के अचानक सड़क पर आ जाने से सड़क दुर्घटनाएं भी होती हैं। बयान के मुताबिक, सरकार उन किसानों को मुआवजा (50,000 रुपए प्रति हेक्टेयर) भी देती है, जिनकी फसलें इन दो जानवरों द्वारा नष्ट कर दी जाती हैं।

# पेज 1 का शेष

## कर्नाटक...

कानूनी रूप से अस्थिर है, प्रक्रियात्मक रूप से त्रुटिपूर्ण है, और बाहरी विचारों से प्रेरित है। निष्कर्षों का सारांश पढ़ते हुए, न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना ने कहा, शिकायतकर्ताओं द्वारा शिकायत दर्ज करना या राज्यपाल से अनुमोदन प्राप्त करना उचित था। यह कहते हुए कि पीसी अधिनियम की धारा 17 ए के तहत अनुमोदन तथ्यात्मक स्थिति में अनिवार्य है, अदालत ने कहा, 'धारा 17 ए कहीं भी पुलिस अधिकारी को अधिनियम के प्रावधानों के तहत दंडनीय अपराधों के लिए किसी लोक सेवक के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 200 या 223 के तहत दर्ज निजी शिकायत में अनुमोदन लेने की आवश्यकता नहीं बताती है। ऐसी स्वीकृति प्राप्त करना शिकायतकर्ता का कर्तव्य है।' सामान्य परिस्थितियों में राज्यपाल को भारत के संविधान के अनुच्छेद 163 के तहत प्राप्त मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह पर कार्य करना होता है। न्यायाधीश ने कहा, 'लेकिन (राज्यपाल) असाधारण परिस्थितियों में स्वतंत्र निर्णय ले सकते हैं, और वर्तमान मामले में ऐसा ही एक अपवाद पेश किया गया है।' उन्होंने कहा, राज्यपाल द्वारा विवादित आदेश पारित करने के लिए स्वतंत्र विवेक का प्रयोग करने में कोई दोष नहीं पाया जा सकता है; यह पर्याप्त होगा कि निर्णय लेने वाले प्राधिकारी, विशेष रूप से उच्च पद के अधिकारी की फाइल में कारण दर्ज किए जाएं और वे कारण... विवादित आदेश का हिस्सा बनें। फाइल में चेतावनी कारण अवश्य होने चाहिए। पहली बार कारणों को आपत्तियों के रूप में संवैधानिक न्यायालय के समक्ष नहीं लाया जा सकता है। जैसे ही न्यायाधीश ने याचिका खारिज की, सिद्धारमैया की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, मामला 1990 के दशक की तारीखों से संबंधित है, और यदि शिकायत अब दायर की जाती है... उन्होंने पीठ से 'इस पर दो सप्ताह का स्थगन' पर विचार करने का अनुरोध किया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना ने कहा, 'मैं अपने आदेश पर रोक नहीं लगा सकता....याचिका खारिज की जाती है। आज मौजूद किसी भी तरह का अंतरिम आदेश समाप्त माना जाएगा।' भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने राज्यपाल के कार्यालय का प्रतिनिधित्व किया। महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी ने भी अपनी दलीलें रखीं। एमयूडीए साइट आवंटन मामले में यह आरोप लगाया गया है कि सिद्धारमैया की पत्नी बी एम पार्वती को मैसूर के एक पॉश इलाके में प्रतिपूरक भूखंड आवंटित किया गया था, जिसका संपत्ति मूल्य उनकी भूमि के स्थान की तुलना में अधिक था, जिसे एमयूडीए द्वारा 'अधिग्रहित' किया गया था।

## एनआईए...

करने तथा देश की संप्रभुत्ता तथा क्षेत्रीय अखंडता बाधित करने के उद्देश्य वाली गतिविधियों में शामिल रहा है। एनआईए ने इस साल जुलाई में चेन्नई सिटी पुलिस से मामले की जांच संभाली थी। छापे के दौरान जब्त की गई सामग्री की जांच की जा रही है।

## लेबनान...

सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि इजराइली युद्धक विमानों ने सोमवार को हिज्बुल्ला के 1,300 ठिकानों पर हमले किए, जिससे क्रूज मिसाइलें, लंबी और छोटी दूरी के रॉकेट और हमलावर ड्रोन नष्ट हो गए।

## न्यायालय ने...

और इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, यह पूरी तरह से एक धोखाधड़ी है। और यही हम अपनी शिक्षा प्रणाली के साथ कर रहे हैं... हम उच्च न्यायालय के फैसले को कायम रखेंगे। हमें अब इस एनआरआई कोटा व्यवसाय को बंद करना होगा। न्यायाधीशों को पता है कि वे क्या कर रहे हैं। अदालत ने मामले को बारीकी से निस्तारित किया है। पीठ ने राज्य सरकार की याचिका खारिज करते हुए कहा, इसे अब बंद करें.. यह वार्ड क्या है? आपको बस यह कहना है कि मैं अमुक की देखभाल कर रहा हूं... हम किसी ऐसी चीज को अपना प्राधिकार नहीं दे सकते जो पूरी तरह से अवैध है। पंजाब सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता शादान फरासत ने कहा कि हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश जैसे अन्य राज्यों ने भी एनआरआई कोटा की व्यापक व्याख्या की है। उन्होंने कहा कि इससे भी बड़ी बात कि राज्य सरकार को अधिकार है कि वह 15 प्रतिशत एनआरआई कोटा कैसे देती है। अधिवक्ता ने अनिवासी भारतीय (एनआरआई) कोटा के पक्ष में दलील देते हुए पीठ से कहा कि चिकित्सा महाविद्यालयों की 85 प्रतिशत कुल नीट-यूजी सीट राज्यों द्वारा उनके अधिकार क्षेत्र के तहत भरी जाती हैं। इस पर पीठ ने कहा कि अब केंद्र सरकार को भी इस पर ध्यान देना होगा। इससे पहले उच्च न्यायालय की एक पीठ ने पंजाब के चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए एनआरआई कोटा का दायरा बढ़ाने के राज्य सरकार के फैसले को खारिज करते हुए एक विस्तृत फैसला सुनाया था।उच्च न्यायालय ने कहा था कि राज्य सरकार द्वारा जारी परिपत्र के माध्यम से एनआरआई परिभाषा का दायरा बढ़ाना कई कारणों से अनुचित है। अदालत ने कहा, शुरुआत में एनआरआई कोटा का उद्देश्य वास्तविक एनआरआई और उनके बच्चों को लाभ पहुंचाना था, जिससे उन्हें भारत में शिक्षा के अवसरों तक पहुंचने की अनुमति मिल सके। चाचा, चाची, दादा-दादी और चचेरे भाई-बहन जैसे दूर के रिश्तेदारों को शामिल करते हुए परिभाषा को व्यापक बनाकर, इसके मुख्य उद्देश्य को कमतर कर दिया गया है।

## यूपी में...

बयान के अनुसार, अब खाद्य केंद्रों पर संचालक, मालिक, प्रबंधक आदि का नाम और पता प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, अब चाहे वह शेफ हो या वेटर, उन्हें मास्क और दस्ताने पहनने होंगे और होटल/रेस्तरां में सीसीटीवी लगाना अनिवार्य होगा। बयान में कहा गया है, हाल के दिनों में देश के विभिन्न हिस्सों से जूस, दाल और रोटी जैसे खाद्य पदार्थों में मानव अपशिष्ट, अखाद्य या गंदे पदार्थों की मिलावट की घटनाएं सामने आई हैं। ये कृत्य अमानवीय और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। इस तरह की दुर्भावनापूर्ण तरीके पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। उत्तर प्रदेश में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और आम आदमी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए ठोस उपाय किए जाने चाहिए। बयान में कहा गया, ढाबों और रेस्तरां जैसे खाद्य प्रतिष्ठानों की गहन जांच करना आवश्यक है। इन प्रतिष्ठानों के संचालकों सहित सभी कर्मचारियों का सत्यापन करने के लिए राज्यव्यापी गहन अभियान चलाया जाना चाहिए। यह सत्यापन प्रक्रिया खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, पुलिस और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा तेजी से पूरी की जानी चाहिए। इस वर्ष के प्रारंभ में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों द्वारा जारी इसी प्रकार के निर्देशों में कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों को अपने मालिक और कर्मचारियों का नाम और संपर्क विवरण प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया था, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने अंतरिम उपाय के रूप में 22 जुलाई को रोक दिया था।

## बाथरूम..

या निगरानी उपकरण तलाशने लगी, तब उसने अपने स्नानकक्ष में एक बल्बहोल्डर पाया। उसके बाद महिला ने सोमवार को इसकी शिकायत पुलिस से की। जब पुलिस टीम वहां पहुंचकर तलाशी अभियान चलाया तो उसके बेडरूम में बल्बहोल्डर में एक अन्य कैमरा मिला। पुलिस उपायुक्त के मुताबिक महिला ने पुलिस को बताया कि जब वह शहर से बाहर जाती थी, तब वह मकान की चाबियां करण को दे देती थी जो उसी मकान के अन्य तल पर रहता है। पूछताछ के दौरान करण ने माना कि तीन महीने पहले जब यह महिला उत्तरप्रदेश में अपने गृहनगर गई थी तब उसने उसे चाबी दी थी। इसी का फायदा उठाते हुए उसने इलेक्ट्रॉनिक बाजार से तीन गुप्त कैमरे खरीदकर उसके बेडरूम एवं स्नानकक्ष में उन्हें लगवा दिया। चूंकि इन कैमरों को ऑनलाइन संचालित नहीं किया जा सकता था और वीडियो को संग्रहीत करने के लिए मेमोरी कार्ड का उपयोग होता था, इसलिए करण बिजली के उपकरणों और पंखों की मरम्मत के बहाने महिला से लगातार उसके घर की चाबियां मांग लेता था। दरअसल वह मेमोरी कार्ड से रिकॉर्ड किए गए वीडियो को अपने लैपटॉप में कॉपी कर लेता था। जांच के दौरान करण के पास से तीसरा कैमरा, दो लैपटॉप मिले जिनका इस्तेमाल रिकार्डेड वीडियो को संग्रहित करने के लिए किया जाता था। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 77 (यौनिक उत्तेजना वाली सामग्री देखना) के तहत मामला दर्ज कर करण को गिरफ्तार कर लिया गया है। करण स्नातक है और वह भी पिछले सात सालों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। पुलिस के अनुसार वह दिव्यांग है। पुलिस के अनुसार आरोपी की कोई आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है।

# अमेरिका की सफल यात्रा के बाद मोदी विश्व के कद्दावर नेता के रूप में उभरेः राजग

**भाषा।** नई दिल्ली

**आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री** चंद्रबाबू नायडू और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई प्रमुख नेताओं ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा को सफल करार दिया और कहा कि वह निर्विवाद रूप से विश्व के एक कद्दावर नेता के रूप में उभरे हैं।प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की यात्रा के बाद सोमवार को स्वदेश लौट आए।अपनी इस यात्रा के दौरान उन्होंने क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के सदस्य देशों के शासन प्रमुखों की बैठक और भारतीय समुदाय के एक कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने संयुक्त



राष्ट्र महासभा में भविष्य के शिखर सम्मेलन को संबोधित किया।मोदी ने अपनी इस यात्रा के दौरान कई द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। उन्होंने रविवार को क्वाड शिखर सम्मेलन के इतर अपने जापानी और ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं और आपसी लाभ एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि प्रधानमंत्री मोदी जैसे राजनेता के नेतृत्व में उन्हें काम करने का अवसर मिला है। उन्होंने विभिन्न राष्ट्रों के बीच भारत की स्थिति को मजबूत किया है तथा समुदायों और देशों को एक साथ लाते हुए विश्व के एक कद्दावर नेता के रूप में उभरे हैं। संयुक्त राष्ट्र में उनका संबोधन इस बात का प्रमाण है कि विश्व के नेता भारत को कितना महत्व देते हैं। आने वाले वर्षों में वैश्विक मंच पर भारत जिस भूमिका निभाने के लिए तैयार है, यह उसके महत्व को भी दर्शाता है।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच निवेश बढ़ाने को लेकर लिए गए निर्णय स्वागत योग्य हैं।

## बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने को भूमि नही दे रही ममता सरकार : शुभेंदु

**भाषा।** बोकारो

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड के लिए एक बड़ा खतरा बताते हुए मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरोप लगाया कि अपनी तुष्टीकरण की राजनीति के चलते वह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को बाड़ लगाने के लिए जमीन मुहैया नहीं कर रही हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, धनबाद जिले में भाजपा की परिवर्तन यात्रा में हिस्सा लेने के लिए दिन में झारखंड पहुंचे। अधिकारी ने बोकारो में संवाददाताओं से कहा, पश्चिम बंगाल में 72 जगह ऐसी हैं, जहां ममता बनर्जी सरकार ने बांग्लादेश से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के काम को पूरा करने के लिए जमीन मुहैया नहीं की है। गृह मंत्रालय ने ममता बनर्जी से जमीन देने का आग्रह किया है लेकिन वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति के चलते उन्होंने जमीन मुहैया नहीं की। उन्होंने दावा किया कि बांग्लादेशी घुसपैठिए बिना बाड़ वाली सीमा के जरिए पश्चिम बंगाल में घुस रहे हैं और उनकी आबादी राज्य में 35 प्रतिशत तक बढ़ गई है। अधिकारी ने कहा, झारखंड और पश्चिम बंगाल को बांग्लादेशी घुसपैठियों से सुरक्षित रखने के लिए डबल इंजन वाली सरकार की जरूरत है। घुसपैठिए झारखंड में हिंदू समाज और आदिवासियों के लिए एक बड़ा खतरा हैं।

## आरएएस भर्ती पेपर लीक के आरोपी व्याख्याता बर्खास्त

जयपुर। राजस्थान सरकार ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) प्रारंभिक परीक्षा-2013 में प्रश्नपत्र लीक करने के आरोपी व्याख्याता को राजकीय सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय किया है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पारदर्शी, जवाबदेह एवं भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में राज्य सरकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में शुचिता लाने की नीति के तहत शर्मा ने आरएएस प्रारंभिक परीक्षा-2013 में पर्चा लीक करने के आरोपी व्याख्याता को राजकीय सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय किया है। बयान के अनुसार यह कार्वाई राजकीय सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों पर रोक) अधिनियम 1992 के अंतर्गत की गई है।

## जगन्नाथ मंदिर में इस्तेमाल होने वाले घी की जांच करेगी ओडिशा सरकार

पुरी। ओडिशा सरकार ने पुरी के जगन्नाथ मंदिर में प्रसाद तैयार करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले घी की गुणवत्ता की जांच करने का मंगलवार को फैसला किया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। यह निर्णय आंध्र प्रदेश के तिरुमला मंदिर में तैयार किए जाने वाले लड्डुओं में कथित तौर पर पशु चर्बी के इस्तेमाल को लेकर उठे विवाद के बीच लिया गया। पुरी के जिलाधिकारी सिद्धार्थ शंकर स्वैन ने कहा कि हालांकि यहां इस तरह के कोई आरोप नही लगे है, लेकिन प्रशासन 12वीं सदी के मंदिर में भोग तैयार करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे घी की गुणवत्ता की जांच करेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी ओडिशा मिल्क फेडरेशन (ओमफेड) पुरी मंदिर में इस्तेमाल किए जाने वाले घी का एकमात्र आपूर्तिकर्ता है।

## आईआईएफएल 1 प्रतिशत प्रतिमाह की ब्याज दर पर गोल्ड लोन देगी

**मुंबई।** आईआईएफएल फाईनेंस, जो कि भारत की प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाईनेंशल कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक है, बुधवार, 25 सितंबर से शनिवार, 28 सितंबर, 2024 तक दिल्ली और गुड़गाँव एनसीआर में गोल्ड लोन मेला आयोजित कर रही है। इस दौरान ग्राहक जीरो प्रोसेसिंग शुल्क (निल पीएफ) के साथ 1 प्रतिशत प्रतिमाह की फ्लैट ब्याज दर पर गोल्ड लोन प्राप्त कर सकेंगे।इस गोल्ड लोन मेला द्वारा आईआईएफएल फाईनेंस का उद्देश्य तत्काल वित्तीय सहयोग के जरूरतमंदों को कम ब्याज दर पर गोल्ड लोन के माध्यम से किफायती क्रेडिट प्रदान करना है। आईआईएफएल फाईनेंस के हेड, गोल्ड लोन, सौरभ कुमार ने कहा हमें मालूम है कि पैसे की जरूरत अचानक से सामने आती है, और हम जरूरत के समय पर अपने ग्राहकों को सहयोग प्रदान करने के लिए समर्पित हैं।

## त्यौहारों के इस सीज़न में आईकू युवाओं को जोड़ेगा

नई दिल्ली। हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने अपने ग्राहकों को लगातार हाई परफॉर्मेंस क्षमताएं प्रदान कर जेड सीरीज, नियो सीरीज और फ्लैगशिप मॉडल सहित अपने प्रोडक्ट लाइनअप में अमेजन पर खुद को नंबर वन बेस्टसेलर के रूप में स्थापित किया है। त्यौहार के इस सीजन में, आईकू अपने कुछ सबसे ज्यादा बिकने वाले मॉडल पर बेहतरीन डील दे रहा है, जिसमें आईकू जेड 9 एस सीरीज के सभी मॉडल शामिल हैं। ये एक्सक्लूसिव ऑफ़र 27 सितंबर 2024 से शुरू होने वाले अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान उपलब्ध होंगे। आईकू जेड 9 लाइट , आईकू जेड 9 5 जी और आईकू जेड 7 प्रो के लिए अमेजन पर किकस्टार्टर डील्स लाइव हैं, जो तकनीक पसंद लोगों को अत्याधुनिक सुविधाएँ देने का वादा करती हैं।कंस्यूमर आईकू उत्पाद लाइनअप पर आकर्षक छूट और ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं।

# पवन कल्याण ने विजयवाड़ा में मंदिर में शुद्धिकरण पूजा में हिस्सा लिया

**भाषा।** विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश)

**तिरुपति मंदिर** के लड्डुओं (प्रसाद) में मिलावटी घी के इस्तेमाल के आरोपों के बाद भगवान को प्रसन्न करने के लिए अपने 11 दिन के प्रायश्चित के तहत आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने मंगलवार को यहां कनक दुर्गा मंदिर में शुद्धिकरण अनुष्ठान में हिस्सा लिया। इस दौरान पार्टी के नेता भी उनके साथ थे। उन्होंने मंदिर की सीढ़ियों को ब्रश से रगड़कर साफ किया और धोया। कल्याण ने मंदिर में पत्रकारों से कहा, मैं सनातन धर्म (हिंदुत्व) का दृढ़ता से पालन करता हूं। हम राम के भक्त हैं और अपने घरों में राम नाम का जाप करते हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि भारत में मुस्लिम, ईसाई और पारसी जैसे सभी धर्मों को समान रूप से आदर किया जाता है। जनसेना के नेता ने हालांकि कहा कि धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा एकतरफा नहीं हो सकती बल्कि यह दोतरफा मार्ग है जिसमें सभी धर्मों का सम्मान करना होगा। लड्डू विवाद को लेकर अपने ट्वीट के जवाब में अभिनेता प्रकाश राज की टिप्पणी पर कल्याण ने आपत्ति जताते हुए सवाल किया कि इस मामले से अभिनेता का क्या लेना देना है। उन्होंने पूछा, प्रकाश राज ने मेरे खिलाफ टिप्पणी की है। मैं हिंदुओं के साथ हुए दुर्व्यवहार के बारे में बात कर रहा था। इसमें प्रकाश राज की क्या भूमिका है? क्या मैंने किसी धर्म का अपमान किया?, क्या मैंने इस्लाम का अपमान किया?, क्या मैंने ईसाई धर्म का अपमान किया? अगर कोई गलती होती है, अगर अशुद्धिकरण



होता है तो क्या मुझे उस पर बात नहीं करना चाहिए? प्रकाश राज ने पिछले दिनों एक्स पर एक पोस्ट में आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण को टैग करते हुए कहा, प्रिय पवन कल्याण...यह उस राज्य में हुआ है, जहां के आप उपमुख्यमंत्री हैं... कृपया जांच करें। दोषियों का पता लगाएं और कड़ी कार्वाई करें। आप आशंकाएं क्यों पैदा कर रहे हैं और इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर क्यों उछाल रहे हैं... हमारे देश में पहले ही काफी सांप्रदायिक तनाव है।


## केंद्रीय मंत्री बी संजय कुमार ने धर्मनिरपेक्षता पर टिप्पणी को लेकर पवन का समर्थन किया

**हैदराबाद।** केंद्रीय मंत्री बी संजय कुमार ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण का पुरजोर समर्थन किया, जिन्होंने कहा था कि धर्मनिरपेक्षता एकतरफा रास्ता नही बल्कि दोतरफा रास्ता है, जिसमें सभी पंथों को शामिल किया जाना चाहिए। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बी संजय कुमार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह पूरी तरह से कल्याण के साथ हैं।उन्होंने कहा, आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की प्रभावशाली टिप्पणी और मैं पूरी तरह से उनके साथ खड़ा हूं। कुमार ने कल्याण की टिप्पणियों का हवाला देते हुए कहा,"यदि कोई सनातन धर्म के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश करता है, तो हम सभी हिंदू उचित रूप से आवाज उठाएंगे। धर्मनिरपेक्षता दोतरफा रास्ता है। यदि आप उम्मीद करते हैं कि हम मार खाएं जबकि अन्य को लाड़-प्यार मिले, तो ऐसा नहीं होने वाला है। हम चुप रहकर बर्दाश्त नही करेंगे। इस बीच अभिनेता प्रकाश राज ने तिरुपति लड्डू विवाद पर अपनी पूर्व की टिप्पणियो पर कल्याण की प्रतिक्रिया का जवाब दिया। प्रकाश राज ने एक्स पर कहा,प्रिय पवन कल्याण...मैंने आपकी प्रेस वार्ता देखी... मैंने जो कहा और आपने जो गलत व्याख्या की, वह आश्चर्यजनक है... मै विदेश में शूटिंग कर रहा हूं। वापस आकर आपके सवालो का जवाब दूंगा... इस बीच यदि आप मेरे पिछले ट्वीट को देखें तो मै सराहना करूंगा।

# सदनों में हंगामा चिंता का विषय, पीठासीन अधिकारियों को सबकी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिएः बिरला

**भाषा।** नई दिल्ली

**लोकसभा अध्यक्ष** ओम बिरला ने विधाई सदनों में हंगामे और कटुता पर चिंता जताते हुए मंगलवार को कहा कि पीठासीन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सदन में सभी की भागीदारी हो और सरकार की नीतियों तथा कार्यक्रमों पर शालीनतापूर्वक चर्चा हो। उन्होंने 10वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र सम्मेलन के समापन के मौके पर पीठासीन अधिकारियों से आग्रह किया कि वे



दलों के बीच निरंतर संवाद बनाए रखें और राजनीति के नए मानक स्थापित करें। इस सम्मेलन के समापन के बाद बिरला ने पत्रकारों से भी संवाद किया और इस दो दिवसीय सम्मेलन में हुई चर्चा के बारे में जानकारी दी।लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, सम्मेलन में बिरला ने कहा, विधानमंडलों में हंगामा और कटुता चिंता का विषय है। इस मुद्दे पर समय-समय पर पीठासीन अधिकारियों के साथ चर्चा की गई है और पीठासीन अधिकारियों से सदन की कार्यवाही का संचालन गरिमा और शिष्टाचार के साथ तथा भारतीय मूल्यों और मानकों के अनुसार करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सदन की परंपराओं और प्रणालियों का स्वरूप भारतीय हो तथा नीतियां और कानून भारतीयता की भावना को मजबूत करें ताकि एक भारत, श्रेष्ठ भारत का लक्ष्य प्राप्त हो सके। बिरला ने कहा कि पीठासीन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सदन में सभी की भागीदारी हो और सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों पर शालीनतापूर्वक चर्चा हो। उनका कहना था, हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं को जनता से जुड़ने और उनकी अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करने चाहिए।

## ईडी ने धन शोधन मामले में पूर्व सपा विधायक की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने धन शोधन मामले की जांच के तहत उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी और उनकी पत्नी के आठ करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के फ्लैट, वाणिज्यिक और कृषि भूखंड कुर्क किए हैं। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि ए संपत्तियां राज्य के लखनऊ, बलरामपुर और गोंडा जिलों में स्थित हैं। उसने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक कुर्की आदेश जारी किया गया था।

## भारत-बांग्लादेश के टेस्ट मैच के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध

**भाषा।** कानपुर (उप्र)

### विरोध करने वाले 20 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**कानपुर के** इंटरनेशनल ग्रीन पार्क स्टेडियम में 27 सितंबर से खेले जाने वाले दूसरे भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने मैच के विरोध के तौर पर ग्रीन पार्क स्टेडियम के सामने निषेधाज्ञा की अवहेलना करते हुए सड़क अवरुद्ध कर हवन आयोजित करने तथा यातायात बाधित करने के आरोप में सोमवार को अखिल भारतीय हिंदू महासभा के 20 सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। हिंदू महासभा पड़ोसी देश में हिंदुओं पर अत्याचार के चलते बांग्लादेश के साथ खेले जाने वाले मैच का विरोध कर रही है।, भारत और बांग्लादेश की क्रिकेट टीमों के मंगलवार शाम तक कानपुर पहुंचने की संभावना है। अति विशिष्ट आगंतुकों के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। कानपुर के अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) ने बताया कि मैच की सुरक्षाव्यवस्था के इंतजाम के लिए वरिष्ठ अधिकारियों सहित पर्याप्त पुलिस बल की मांग की गई है। हम सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं और हमें पूरा भरोसा है कि हमें पर्याप्त पुलिस बल मिल जाएगा। वह खुफिया ब्यूरो (आईबी) और राज्य खुफिया एजेंसियों सहित केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के साथ समन्वय कर रहे हैं ताकि हर खतरे से निपटने के लिए सूचनाएं साझा की जा सकें।

## सीएम स्टालिन ने उदयनिधि को उपमुख्यमंत्री बनाने का संकेत दिया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को संकेत दिया कि खेल मंत्री एवं उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन को उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा और मंत्रिमंडल में फेरबदल किया जाएगा। जब पत्रकारों ने स्टालिन से मंत्रिमंडल में फेरबदल और कुछ समय से उदयनिधि को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की चर्चाओं के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, कोई निराशा नहीं होगी, बदलाव होगा। एक अन्य सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार उत्तरपूर्व मानसून से निपटने के लिए तैयार है और राज्य के मुख्य सचिव ने पहले ही शीर्ष अधिकारियों के साथ चर्चा की है और वह भी अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। विपक्ष की उनकी अमेरिकी यात्रा के दौरान हासिल किए निवेश पर श्वेत पत्र लाने की मांग पर स्टालिन ने कहा कि उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने पहले ही एक बयान दिया है और वह भी अपने आप में एक श्वेत पत्र है।

# ब्रेन स्कैन से पता चला, योग निद्रा से क्यों आराम महसूस होता है

**नई दिल्ली।** योग-अध्यात्म का अभ्यास करने वाले लोगों के ब्रेन स्कैन से तंत्रिका तंत्र की उस संभावित गतिविधि के बारे में पता चला है, जिसके चलते योग निद्रा के बाद व्यक्ति को आराम महसूस होता है। योग निद्रा अध्यात्म की एक पद्धति है, जो व्यक्ति को नींद सरीखी स्थिति में ले जाने के बावजूद उसमें मानसिक सतर्कता का स्तर बनाए रखता है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली सहित अन्य संस्थानों के अनुसंधानकर्ताओं के एक दल ने ध्यान के अभ्यास में माहिर 30 प्रतिभागियों और 31 नौसिखियों के मस्तिष्क की फंक्शनल मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग (एफएमआरआई) की। इस दौरान, दल ने प्रतिभागियों के डिफॉल्ट मोड नेटवर्क पर गौर किया, जो मस्तिष्क का बैकग्राउंड मोड होता है और जिसे तब सक्रिय माना जाता है, जब कोई आत्मविश्लेषण कर रहा होता है या फिर अपने दिमाग को स्वतंत्र रूप से विचारों की दुनिया में भटकने दे रहा होता है। नतीजों की तुलना करने पर दल ने पाया कि ध्यान लगाने में माहिर प्रतिभागियों में आराम की मुद्रा में होने के मुकाबले योग निद्रा का अभ्यास करने के दौरान डिफॉल्ट मोड नेटवर्क की सक्रियता कम होती है, जिससे संकेत मिलता है कि वे वर्तमान को लेकर अधिक सतर्क होते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज में कंप्यूटर साइंस विभाग में सहायक प्रोफेसर सोनिका ठकराल ने कहा कि डिफॉल्ट मोड नेटवर्क आमतौर पर अतीत या भविष्य के बारे में सोचने, दूसरे लोगों के बारे में विचार करने, आत्मकथात्मक प्रक्रियाओं, दृश्य चित्रण और लक्ष्य निर्देशित अनुभूति से जुड़ा होता है।

# विहिप ने मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने का संकल्प लिया

नई दिल्ली (भाषा)

**विश्व हिंदू परिषद** (विहिप) ने देशभर में मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने का मंगलवार को संकल्प लिया और कहा कि वह इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए जल्द एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करेगी। विहिप के संयुक्त महासचिव सुरेंद्र जैन ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अगर राज्य सरकारें मंदिरों को हिंदू समाज को नहीं सौंपती हैं, तो संगठन अदालत का भी दरवाजा खटखटाएगा। उन्होंने कहा, आज से हमारा संकल्प है कि देशभर में मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर समाज को सौंप दिया जाएगा। इसके लिए पहले हर राज्य में प्रदर्शन और आंदोलन किए जाएंगे और संबंधित मुख्यमंत्रियों के माध्यम से राज्यपालों को अपना ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने



कहा कि न्याय पाने के लिए जहां भी जरूरत होगी, कानूनी सहारा भी लिया जाएगा। जैन ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी, तो भविष्य में आंदोलन भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों द्वारा मंदिरों को अपने नियंत्रण में रखना संविधान का उल्लंघन है और अदालतें बार-बार कह रही हैं कि मंदिरों को चलाना सरकारों का काम नहीं है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश का तिरुपति मंदिर ही एकमात्र ऐसा मंदिर नहीं है, जहां से प्रसादम बनाने में जानवरों की चर्बी के इस्तेमाल की खबरें आई हैं। उन्होंने दावा किया, इससे पहले केरल के सबरीमला मंदिर से भी शिकायत आई थी। वहां भी पायसम (पवित्र भोजन) में इसी तरह की अपवित्र चीजें मिलाई गई थीं। उन्होंने कहा कि देश भर में राज्य सरकारों के नियंत्रण में मंदिरों की संपत्तियों के वित्तीय अनियमितताओं और दुरुपयोग की भी खबरें आई हैं। जैन ने कहा कि इन सभी मामलों में देखा गया है कि ए वे मंदिर हैं, जिन्हें संबंधित राज्य सरकारों ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। उन्होंने आरोप लगाया, नौकरशाही और नेता दोनों ही लूट में लिप्त हैं और हिंदुओं की भावनाओं से खेल रहे हैं। जैन ने कहा कि अकेले तमिलनाडु में 400 से अधिक मंदिर सरकार के नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा कि एक एनजीओ द्वारा किए गए सर्वेक्षण में पाया गया था कि ए 400 मंदिर प्रति वर्ष 6000 करोड़ रुपए का राजस्व पैदा करते हैं, लेकिन वे केवल 200 करोड़ रुपए की आय और 270 करोड़ रुपए का व्यय दिखाते हैं।

## क्विक न्यूज

### झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्तियों के मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए : उच्च न्यायालय

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने कहा कि राज्य विधानसभा में कथित अवैध नियुक्तियों के मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी जानी चाहिए। अदालत ने विधानसभा में कथित अवैध नियुक्तियों से जुड़ी एक जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुनीता नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति ए के राय की खंडपीठ ने शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका पर सुनवाई की जिसमें दावा किया गया है कि नियुक्तियां भ्रष्ट और अवैध तरीके से की गई। झारखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति विक्रमादित्य प्रसाद की अगुवाई वाली एक समिति ने नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितताएं पाई थी। इसके बाद सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाले एक आयोग ने एक अन्य रिपोर्ट दी थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता राजीव कुमार ने दलील दी कि दो न्यायिक आयोगो की रिपोर्ट में साफ तौर पर घोर अनियमितताओं का संकेत मिलता है। न्यायमूर्ति मुखोपाध्याय की रिपोर्ट के आधार पर 2018 में तत्कालीन राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को उचित कार्वाई करने का निर्देश दिया था। हालांकि, 2021 तक कोई कार्वाई नही की गई है जिसके कारण मामला उच्च न्यायालय ले जाया गया। शर्मा की याचिका में कहा गया है कि राज्यपाल की अधिसूचना और अवैध नियुक्तियों के संबंध में आयोग के निष्कर्षों के बावजूद विधानसभा ने कोई कार्वाई नही की। उन्होने आगाह किया कि अवैध तरीके से नियुक्त किए गए लोग जल्द ही बिना कोई परिणाम भुगते सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

### टाटा ईवी के इलेक्ट्रिक गाड़ियों की कीमतों में कटौती

**मुंबई।** भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों में बड़ा बदलाव लाने वाले टाटा.ईवी ने अपने फेस्टिवल ऑफ कार्स के तहत टियागो.ईवी, पंच.ईवी और नेक्सान.ईवी की कीमतों में बड़ी कटौती की घोषणा की है। यह अब तक की सबसे बड़ी कटौती है। इलेक्ट्रिक गाड़ियां अब ज्यादा से ज्यादा लोगों की पहुंच में हों, इसके लिए नेक्सानईवी की कीमत में 3 लाख रुपये तक और पंच.ईवी की कीमत में 1.20 लाख रुपये तक की कटौती की गई है। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के चीफ कमर्शियल ऑफिसर, ववेक श्रीवत्स ने इस फेस्टिव ऑफर की घोषणा करते हुए कहा, टाटा.ईवी का मुख्य उद्देश्य इलेक्ट्रिक गाड़ियों को ज्यादा सुलभ और आम लोगों के लिए उपलब्ध कराना है। हम थोड़े समय के लिए इन कारों की कीमतों में कटौती करके ईवी को पेट्रोल और डीजल कारों की कीमतों के बराबर ला रहे हैं, ताकि ज्यादा लोग इसे अपना सकें। अब ग्राहक हमारे हाई परफॉर्मेंस वाली, शून्य कार्बन उत्सर्जन करने वाली, और बिना शोर की इलेक्ट्रिक गाड़ियों का आनंद उठा सकते हैं। इन गाड़ियों की ड्राइविंग भी किफायती होगी, और उन्हें मुफ्त पब्लिक चार्जिंग का फायदा भी मिलेगा। हम ग्राहकों को ईवी क्रांति का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं और टाटा-ईवी शोरूम में आने के लिए स्वागत करते हैं।

### मानसून ने पकड़ी वापसी की राह, हुई कम बारिश

नई दिल्ली। भारत के बड़े हिस्से को भरपूर बारिश से सराबोर करने के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून पश्चिमी राजस्थान और कच्छ से शुरूआत के बाद अब अपनी वापसी की यात्रा पर निकल पड़ा है। देशभर मे पांच प्रतिशत अतिरिक्त बारिश लाने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी की यात्रा सोमवार को शुरू हुई लेकिन मौसम कार्यालय ने आगामी सप्ताह में कई क्षेत्रों में व्यापक बारिश का अनुमान भी जताया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया, दक्षिण-पश्चिम मानसून 17 सितंबर के बजाय 23 सितंबर को पश्चिमी राजस्थान और कच्छ के कुछ हिस्सों से लौट गया है। अगले 24 घंटे के दौरान पश्चिमी राजस्थान के कुछ और हिस्सों तथा पंजाब, हरियाणा और गुजरात के आसपास के इलाकों से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल है। देश के अधिकतर हिस्सो मे सामान्य से अधिक बारिश हुई लेकिन 36 मौसम विज्ञान संबंधी उपमंडल मे से पांच मे कम बारिश दर्ज की गई। इनमें जम्मू कश्मीर (26 प्रतिशत वर्षा कम), हिमाचल प्रदेश (20 प्रतिशत कम), अरुणाचल प्रदेश (30 प्रतिशत कम), बिहार (28 प्रतिशत कम) और पंजाब (27 प्रतिशत कम) शामिल है। कुल 36 उपमंडल मे से नौ मे अत्यधिक बारिश हुई जिसमे राजस्थान (74 प्रतिशत), गुजरात (68 प्रतिशत), महाराष्ट्र, तमिलनाडु और तटीय आंध्र प्रदेश शामिल है। आम तौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून एक जून तक केरल मे दस्तक देता है और जुलाई के पहले सप्ताह तक पूरे देश मे फैल जाता है। वह सितंबर के मध्य तक उत्तर-पश्चिमी भारत से लौटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह चला जाता है। इस मानूसन मे देश मे एक जून से 23 सितंबर के बीच 880.8 मिलीमीटर बारिश हुई जबकि सामान्यतः 837.7 मिमी. बारिश होती है। मौसम कार्यालय ने मंगलवार को पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर कम दबाव का क्षेत्र बनने का अनुमान जताया है जिससे पूर्वी तट पर कुछ राज्यों मे बारिश हो सकती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आगामी सप्ताह के दौरान तटीय और उत्तर कर्नाटक के अंदरूनी इलाको, महाराष्ट्र, गोवा, मध्य, पूर्व और उत्तरपूर्व भारत मे बहुत भारी से अत्यधिक भारी बारिश का अनुमान जताया है।

### उच्च न्यायालय ने बलात्कार मामले में अभिनेता सिद्दीकी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की

कोच्चि (केरल)। केरल उच्च न्यायालय ने बलात्कार मामले मे मलयालम फिल्म अभिनेता सिद्दिकी की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। एक अभिनेत्री की शिकायत के आधार पर अभिनेता के खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया था। न्यायमूर्ति सी. एस. डायस ने कहा, आवेदन खारिज किया जाता है। अभिनेता की याचिका खारिज किए जाने का कारण बताने वाले आदेश की विस्तृत जानकारी अभी उपलब्ध नही है। सिद्दीकी के खिलाफ धारा 376 (बलात्कार) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत अपराध का मामला दर्ज किया गया है। अभिनेता ने अपनी याचिका मे दावा किया कि शिकायतकर्ता अभिनेत्री उनके खिलाफ 2019 से उत्पीड़न और झूठे आरोपो का लंबा अभियान चला रही है। अपनी अग्रिम जमानत याचिका मे उन्होने दावा किया कि अभिनेत्री ने उनके खिलाफ निराधार और झूठे दावे किए है कि उन्होने 2016 से लगातार पांच वर्ष एक थिएटर मे उसका (अभिनेत्री का) यौन उत्पीड़न किया और मौखिक यौन प्रस्ताव दिए। अपनी याचिका मे उन्होने कहा, अब वह उसी वर्ष एक अलग स्थान पर बलात्कार जैसे अधिक गंभीर अपराध का पूरी तरह से विरोधाभासी आरोप लगा रही है। सिद्दीकी ने अपने खिलाफ आरोप लगने के बाद मलयालम मूवी आर्टिस्ट एसोसिएशन (एएमएमए) के महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया था। न्यायमूर्ति के. हेमा समिति की रिपोर्ट मे खुलासे के मद्देनजर विभिन्न निर्देशको और अभिनेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपो के बाद मलयालम फिल्म उद्योग की कई जानी-मानी हस्तियो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। केरल सरकार ने 2017 मे एक अभिनेत्री पर हमला मामले की जांच के लिए समिति का गठन किया था। हेमा समिति की रिपोर्ट मे मलयालम सिनेमा उद्योग मे महिलाओ के उत्पीड़न और शोषण के मामलो का खुलासा किया गया है। कई अभिनेताओ और निर्देशको के खिलाफ यौन उत्पीड़न और शोषण के आरोप सामने आने के बाद राज्य सरकार ने 25 अगस्त को इन मामलो की जांच के लिए सात सदस्ईय विशेष जांच दल के गठन की घोषणा की।

### एआईएमआईएम की रैली मुंबई से वापस संभाजीनगर लौटी

मुंबई। मुसलमानो के खिलाफ भड़काऊ टिप्पणी करने वाले भाजपा विधायक नितेश राणे और रामगिरि महाराज की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एआईएमआईएम की तिरंगा रैली मुंबई से छत्रपति संभाजीनगर वापस लौट गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि रैली को मुंबई मे प्रवेश करना था, लेकिन उसे ठाणे से आगे नही बढ़ने दिया गया और इसके प्रतिभागियो ने सोमवार रात छत्रपति संभाजीनगर की ओर लौटना शुरू कर दिया। रैली का नेतृत्व ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील ने किया। जलील ने कहा, इस तथ्य के बावजूद कि नितेश राणे और रामगिरि महाराज के खिलाफ विभिन्न स्थानो पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, राज्य सरकार ने उनके खिलाफ कार्वाई करने से इनकार कर दिया है। इन्होने खुले तौर पर मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया और राज्य मे शांति भंग करने के लिए भड़काऊ बयान दिए है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र की महायुति सरकार लोकसभा मे अपनी हार से बौखला गई है। अब वह हिंदू-मुस्लिम हिंसा करवा कर चुनावो मे इसका लाभ उठाना चाहती है। रत्नागिरि जिले के चिपलून मे पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने भाजपा सांसद नारायण राणे का नाम लिए बिना सोमवार को कहा था, सिंधुदुर्ग जिले ने महाराष्ट्र को एक मुख्यमंत्री दिया है। उन्होने मेरे साथ भी काम किया है। मै उनके बारे मे कुछ नही कहना चाहता। लेकिन जिस तरह से उनके बेटे (नितेश राणे) बयान दे रहे है, मैने महाराष्ट्र के इतिहास मे कभी नही देखा कि किसी (पूर्व) मुख्यमंत्री की भावी पीढ़ी इस तरह का रास्ता अपनाए। रामगिरि महाराज के बारे मे पवार ने कहा, भगवा वस्त्र धारण करने वाले लोग दूसरे धर्म के लोगो के खिलाफ जहरीले बयान दे रहे है जो उचित नही है। किसी को ऐसे बयान नही देने चाहिए जिससे विभिन्न धर्मो के लोगो के बीच एकता प्रभावित हो।

### भारत-बांग्लादेश क्रिकेट मैच के दौरान हिंदू महासभा ने ग्वालियर बंद का आह्वान किया

**ग्वालियर (मध्यप्रदेश)।** हिंदू महासभा ने पड़ोसी देश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में अगले महीने यहां होने वाले भारत-बांग्लादेश क्रिकेट मैच का विरोध करने के लिए छह अक्टूबर को मध्यप्रदेश के ग्वालियर मे बंद का आह्वान किया है।भारत और बांग्लादेश के बीच छह अक्टूबर को ग्वालियर मे टी20 मैच होना है।संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयवीर भारद्वाज ने सोमवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि हिंदू महासभा छह अक्टूबर को यहां होने वाले भारत-बांग्लादेश मैच का विरोध कर रही है।उन्होंने दावा किया कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार अभी भी जारी है और ऐसे में बांग्लादेश के साथ क्रिकेट खेलना सही नही है। हिंदू महासभा ने मैच के दिन ग्वालियर बंद का आह्वान किया है और उन्होंने कहा कि आवश्यक वस्तुओं पर कोई प्रतिबंध नही होगा।भारद्वाज ने यह भी मांग की कि तिरुपति बालाजी मंदिर में लड्डुओं में मिलावट करने वालों को मृत्युदंड दिया जाना चाहिए।

# पश्चिम एशिया अब युद्ध विराम व वार्ता पर लौटे : मोदी

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने पश्चिम एशिया में युद्ध विराम, बंधकों की रिहाई और वार्ता एवं कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान करते हुए इस बात पर जोर दिया कि केवल द्वि-राष्ट्र समाधान से ही अस्थिर क्षेत्र में स्थाई शांति और स्थिरता आएगी। मोदी ने सोमवार को यहां भविष्य के शिखर सम्मेलन के अवसर पर फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ मुलाकात के दौरान गाजा में उत्पन्न मानवीय संकट और क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उन्होंने फलस्तीन के लोगों के प्रति भारत के अटूट समर्थन की पुष्टि की, जिसमें मानवीय सहायता जारी रखना भी शामिल है। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल-फलस्तीन मुद्दे पर भारत की एक समान सैद्धांतिक स्थिति को दोहराया और युद्ध विराम, बंधकों की रिहाई तथा वार्ता और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केवल द्वि-राष्ट्र समाधान से ही क्षेत्र में स्थाई शांति और स्थिरता होगी। भारत फलस्तीन को मान्यता देने वाले पहले देशों में से एक था, इसकी याद दिलाते हुए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन की सदस्यता के लिए भारत के निरंतर समर्थन से अवगत कराया। बयान में कहा गया, दोनों नेताओं ने भारत-फलस्तीन द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर रचनात्मक चर्चा की, जिसमें संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन को भारत का समर्थन तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षमता निर्माण प्रयासों के क्षेत्र में फलस्तीन को जारी सहायता शामिल है। दोनों नेताओं ने भारत-



फलस्तीन द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मोदी की तीन दिवसीय अमेरिकी यात्रा के समापन पर सोमवार शाम को संवाददाताओं को जानकारी देते हुए विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि राष्ट्रपति अब्बास ने प्रधानमंत्री मोदी को भारत द्वारा राजनीतिक मुद्दों सहित अन्य मुद्दों पर दी गई सहायता के लिए धन्यवाद दिया तथा उम्मीद जताई कि भारत क्षेत्र में शांति लाने में अपनी भूमिका निभाता रहेगा। मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन के लिए भारत के ऐतिहासिक समर्थन का भी उल्लेख किया, साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, क्षमता निर्माण और अन्य क्षेत्रों में भारत द्वारा फलस्तीन को प्रदान की गई निरंतर मानवीय सहायता का भी उल्लेख किया। अब्बास के साथ बैठक को बहुत अच्छा बताते हुए मिस्री ने कहा कि फलस्तीनी नेता ने मुद्दे पर समग्र रूप से भारत द्वारा अपनाए गए रुख की सराहना की। द्विपक्षीय बैठक के बाद, मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, न्यूयॉर्क में राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात की। क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए भारत के समर्थन को दोहराया।

## संरा में अपने विदाई भाषण में बाइडन ने कहा, पश्चिम एशिया और यूक्रेन में शांति अब भी संभव

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अपने आखिरी भाषण में मंगलवार को कहा कि वाशिंगटन को दुनिया की मदद से पीछे नहीं हटना चाहिए। बाइडन ने लेबनान में इजराइल और हिज्बुल्ला के बीच जारी तनाव के पूर्ण युद्ध में तब्दील होने के खतरे और गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के सैन्य अभियान के लगभग एक साल पूरे होने के बीच यह टिप्पणी की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में पश्चिम एशिया में संघर्ष खत्म करने और सूडान में 17 महीने से जारी गृहयुद्ध का अंत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होने फरवरी 2022 से रूस के आक्रमण का सामना कर रहे यूक्रेन के लिए अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों के पूर्ण समर्थन को रेखांकित किया।

# प्रधानमंत्री मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की न्यूयॉर्क में मिले

**भाषा।** न्यूयॉर्क (अमेरिका)



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने न्यूयॉर्क में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बातचीत के दौरान, यूक्रेन में संघर्ष के शीघ्र समाधान तथा क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता की बहाली के लिए भारत का समर्थन दोहराया। अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर ए मोदी ने यात्रा के अंतिम चरण में सोमवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के दौरान जेलेंस्की से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच लगभग एक महीने में यह दूसरी मुलाकात है। मोदी की यूक्रेन यात्रा के दौरान 23 अगस्त को यूक्रेन की राजधानी कीव में उनकी मुलाकात हुई थी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, न्यूयॉर्क में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की। हम द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए पिछले महीने यूक्रेन की मेरी यात्रा के परिणामों को क्रियान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यूक्रेन में संघर्ष के शीघ्र समाधान और शांति एवं स्थिरता की बहाली के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने यहां एक विशेष संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया कि बैठक के दौरान जेलेंस्की ने भारत द्वारा यूक्रेन में संघर्ष पर ध्यान दिए जाने की सराहना की और इससे बाहर निकलने का रास्ता खोजने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों को लेकर उन्हें धन्यवाद दिया। मिस्री ने बताया कि दोनों नेताओं ने करीबी संपर्क में बने रहने पर भी सहमति जताई।

## हिजबुल्ला की मिसाइल एवं रॉकेट इकाई का कमांडर मारा गया

**बेरूत।** इजराइली सेना ने कहा है कि उसने बेरूत पर एक हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल और रॉकेट इकाई के एक शीर्ष कमांडर को मार गिराया है। सैन्य अधिकारियो ने बताया कि इब्राहिम कोबेसी मंगलवार को मारा गया तथा वह इजराइल की ओर मिसाइल और रॉकेट हमले करने के लिए जिम्मेदार था। इजराइली सेना ने कहा कि हमले के समय कोबेसी के साथ अन्य प्रमुख कमांडर भी थे, लेकिन अधिकारियों ने यह नही बताया कि इसमे क्या कोई अन्य मारा गया या घायल हुआ है।

## डायसन ऑनट्रैक भारत में

**ग्लोबल।** डायसन ने भारत में अपने पहले हाई-फिडेलिटी वाले ऑडियो-ओनली हेडफोन्स डायसन ऑनट्रैक का अनावरण किया। इस शानदार प्रोडक्ट को नई दिल्ली में हुए लॉन्च इवेंट में डायसन के चीफ इंजीनियर जेक डायसन और भारत के डायसन ऑनट्रैक हेडफोन्स के एम्बेसडर बादशाह जो की एक संगीत आइकन भी है, उन्होंने पेश किया। उसके बाद इवेंट में आने वाले ओटीटी शो ऑनट्रैक टू स्टारडम का ट्रेलर भी दिखाया गया, जो दर्शकों को बादशाह की संगीत बनाने के क्रिएटिव सफर की झलक दिखाता है। जेक डायसन, चीफ इंजीनियर ने बताया कि भारत के लोग अच्छी क्वॉलिटी वाले ऑडियो, डिज़ाइन और स्टाइल के लिए डायसन को पसंद करते हैं। डायसन ऑनट्रैक हेडफ़ोन बेहतरीन एएनसी, बेमिसाल साउंड की क्वालिटी और पूरे दिन आराम देने के लिए सर्वोत्तम विकल्प हैं।


## स्विट्ज़रलैंड में संदिग्ध मौत को लेकर कई लोग हिरासत में

**जिनेवा।** स्विट्ज़रलैंड पुलिस ने मंगलवार को कहा कि एक नए आत्महत्या कैप्सूल में एक व्यक्ति की संदिग्ध मौत को लेकर कई लोगो को हिरासत में लिया गया है और इस संबंध मे एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। आत्महत्या कैप्सूल (सार्को) का पहले कभी इस्तेमाल नही किया गया है। इसे इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि इसके अंदर बैठा व्यक्ति एक बटन दबाता है जिससे सीलबंद कक्ष में नाइट्रोजन गैस फैल जाती है। इसके बाद उस व्यक्ति को नींद आ जाएगी और कुछ ही मिनटो मे दम घुटने से उसकी मौत हो जाएगी। पुलिस ने एक बयान मे कहा कि शैफहॉसन कैंटन इलाके मे अभियोजको को एक विधि फर्म ने सूचित किया कि सोमवार को जंगल मे बने एक केबिन मे सार्को कैप्सूल के इस्तेमाल से आत्महत्या की गई। पुलिस ने कहा कि कई लोगों को हिरासत में लिया गया है और अभियोजकों ने आत्महत्या के लिए उकसाने और सहायता करने के संदेह मे जांच शुरू की है। डच समाचार पत्र वोक्सक्रांट ने मंगलवार को खबर दी कि पुलिस ने उसके एक फोटोग्राफ़र को हिरासत मे लिया है जो सार्को के इस्तेमाल की तस्वीरें लेना चाहता था।

# जयशंकर ने बांग्लादेश से द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत की

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**विदेश** मंत्री एस.जयशंकर ने बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन से यहां सोमवार शाम को मुलाकात की और दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में कहा, आज शाम न्यूयॉर्क में बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन से मुलाकात की। बातचीत द्विपक्षीय संबंधों पर केंद्रित रही। संयुक्त राष्ट्र महासभा की 79वीं बैठक से इतर जयशंकर और बांग्लादेश के उनके समकक्ष हुसैन की सोमवार शाम को यह बैठक हुई। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के सत्ता से



बेदखल होने तथा नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस खान के नेतृत्व में अंतरिम सरकार गठित होने के बाद भारतीय विदेश मंत्री की अपने बांग्लादेशी समकक्ष के साथ यह पहली मुलाकात थी। यूनुस (84) ने हसीना द्वारा विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर इस्तीफा देने और भारत भागने के तीन दिन बाद आठ अगस्त को अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में शपथ ली। जयशंकर ने इससे पहले जी4 देशों के अपने समकक्षों के साथ मुलाकात की और दोहराया कि समूह बातचीत के जरिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। जी4 समूह में ब्राजील, जर्मनी, भारत और जापान शामिल हैं। आधिकारिक यात्रा पर अमेरिका आए जयशंकर ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के इतर जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा, जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक और ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा से मुलाकात की।

## विदेश मंत्री न्यूयॉर्क में जी4 के विदेश मंत्रियों से मिले

**न्यूयॉर्क।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जी-4 देशों के अपने समकक्षों से मुलाकात की और लिखित दस्तावेज आधारित वार्ता के जरिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार के लिए इस समूह की प्रतिबद्धता दोहराई। लिखित दस्तावेज-आधारित वार्ता से तात्पर्य किसी समझौते की ऐसी विषय वस्तु तैयार करने की प्रक्रिया से है जिसे स्वीकार करने और जिस पर हस्ताक्षर करने के लिए सभी पक्ष तैयार हों। जी-4 राष्ट्रों में ब्राजील, जर्मनी, भारत और जापान शामिल हैं। आधिकारिक यात्रा पर अमेरिका आए जयशंकर ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के इतर जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा, जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक और ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा से मुलाकात की।

## अंतरराष्ट्रीय समुदाय संरा के मूलभूत सिद्धांतों को कमजोर करने वाली स्थिति का मुकाबला करे: गुतारेस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने चेतावनी दी है कि असमानता और अनिश्चितता अस्थिर विश्व का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम इस तरह आगे नहीं बढ़ सकते हैं। गुतारेस ने राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों तथा अन्य नेताओं की मौजूदगी में मंगलवार से संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक शुरू होने के मौके पर यह कहा। भू-राजनीतिक मतभेद के गहराने, अंतहीन नजर आ रहे युद्ध, जलवायु परिवर्तन तथा परमाणु एवं नई हथियार प्रणालियों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि मानवता उस ओर बढ़ रही है जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।

# हरिनी अमरसूर्या ने श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली

**भाषा।** कोलंबो

**हरिनी अमरसूर्या ने मंगलवार** को श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही वह वर्ष 2000 में सिरीमावो भंडारनायके के बाद इस पद पर आसीन होने वाली दूसरी महिला नेता बन गईं। नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) की 54 वर्षीय नेता अमरसूर्या को राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने शपथ दिलाई। दिसानायके ने स्वयं सहित चार सदस्यों का मंत्रिमंडल नियुक्त किया है। अमरसूर्या को न्याय,



शिक्षा, श्रम, उद्योग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य तथा निवेश मंत्रालयों का कार्यभार सौंपा गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने का स्थान लिया है, जिन्होंने राष्ट्रपति चुनाव के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। एनपीपी सांसदों - विजिता हेराथ और लक्ष्मण निपुर्णाच्ची ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। वे संसद भंग होने के बाद कार्यवाहक कैबिनेट मंत्री के रूप में काम करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि संसदीय चुनाव नवंबर के अंत में हो सकते हैं। राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद 56 वर्षीय दिसानायके ने रविवार को श्रीलंका के नौवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी।

## ईरान की कोयला खदान में विस्फोट के बाद फंसे सभी श्रमिकों की मौत, मृतक संख्या बढ़कर 49 हुई

**तेहरान।** ईरान ने मंगलवार को कहा कि देश के पूर्वी भाग में एक कोयला खदान में हुए विस्फोट में फंसे शेष श्रमिकों की भी संभवत: मौत हो गई होगी, जिससे इस घटना में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ कर 49 हो गई है। प्रांतीय आपातकालीन अधिकारी मोहम्मद अली अखौंदी ने तबास स्थित खदान में जान गंवाने वाले खनिकों की अद्यतन संख्या की जानकारी दी। शनिवार को राजधानी तेहरान से लगभग 540 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व स्थित तबास स्थित कोयला खदान में मीथेन गैस रिसाव के कारण विस्फोट हो जाने के बाद से खदान के अंदर मौजूद खनिकों की संख्या अलग-अलग बताई जा रही थी। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है कि निजी स्वामित्व वाली तबास परवदेह 5 खदान में क्या सुरक्षा प्रक्रियाएं अपनाई गई थीं। इस खदान का संचालन मंदानजू कंपनी द्वारा किया जा रहा है। घटना पर टिप्पणी के लिए कंपनी से संपर्क नहीं हो सका है। मंगलवार को संसद की खदान समिति की एक सदस्य ने कहा कि खदान की सुरक्षा प्रणाली काम नहीं कर रही थी और यहां तक कि केंद्रीय आपात सूचना प्रणाली भी ठप थी, या वह थी ही नहीं। सांसद जहरा सईदी ने कहा कि श्रमिकों को आपदा से ठीक पहले सुरक्षा से जुड़ी समस्या के बारे में पता चला, लेकिन वे समय पर बाहर नहीं आ सकें। उन्होंने कहा कि मृतकों में से दो खदान में स्वास्थ्य और सुरक्षा विशेषज्ञ थे।

## सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व मंत्री ईश्वरन दोषी करार

**सिंगापुर।** लोक सेवक के रूप में कीमती वस्तुएं प्राप्त करने और न्याय में बाधा डालने के आरोपों में मंगलवार को दोषी ठहराए गए सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व परिवहन मंत्री एस ईश्वरन को तीन अक्टूबर को सजा सुनाई जाएगी। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। भ्रष्टाचार के आरोपों के संबंध में मंगलवार को सुनवाई के बाद 62 वर्षीय पूर्व परिवहन मंत्री की जमानत की अवधि बढ़ा दी गई। अभियोजन पक्ष ने 62 वर्षीय पूर्व मंत्री को छह से सात महीने की जेल की सजा दिए जाने का अनुरोध किया था। ईश्वरन ने कहा था कि वह स्वयं को ईमानदार साबित करने के लिए मुकदमा लड़ेंगे लेकिन सुनवाई के पहले ही दिन उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

# ट्रंप की तुलना में कहीं अधिक लोकप्रिय हैं हैरिस : सर्वेक्षण

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका में किए** गए एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, राष्ट्रपति चुनाव में एशियाई अमेरिकी, हवाई के मूल निवासी और प्रशांत द्वीप के मतदाता उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तुलना में अधिक उपयुक्त उम्मीदवार मान रहे हैं। एएपीआई (एशियाई अमेरिकी एवं प्रशांत द्वीप वासी) मतदाताओं का यह भी मानना है कि हैरिस ऐसी उम्मीदवार हैं जो उनकी पृष्ठभूमि और नीतिगत विचारों का बेहतर प्रतिनिधित्व करती हैं। एएपीआई डेटा और एपीआईएवोट के नए सर्वेक्षण में पाया गया है कि 10 एएपीआई मतदाताओं में से लगभग 6 हैरिस के बारे में बहुत या कुछ हद तक अनुकूल



राय रखते हैं, जबकि लगभग एक तिहाई की राय कुछ हद तक या बहुत प्रतिकूल है।प्रत्एक 10 एएपीआई मतदाताओं में तीन की ट्रंप के बारे में सकारात्मक राय है और करीब दो-तिहाई की नकारात्मक राय है। यह अक्टूबर 2023 से हैरिस के पक्ष में माहौल बेहतर होते जाने को दर्शाता है, जब एपी-एनओआरसीएएपीआई डेटा सर्वेक्षण में पाया गया कि एएपीआई के लगभग आधे वयस्क उनके बारे में कुछ हद तक या बहुत अनुकूल राय रखते थे। हालांकि, इस समूह में ट्रंप के बारे में राय स्थिर बनी हुई है। हैरिस अश्वेत (ब्लैक) और दक्षिण एशियाई अमेरिकी दोनों हैं, और उन्होंने जॉर्जिया जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में एएपीआई मतदाताओं को एकजुट किया है, जहां उनकी संख्या बढ़ रही है। लेकिन सर्वेक्षण से पता चलता है कि एएपीआई मतदाताओं को ट्रंप की तुलना में हैरिस में अपनी सांस्कृतिक पहचान के प्रतिबिंबित होते देखने की अधिक संभावना नजर आ रही है। लगभग आधे एएपीआई मतदाताओं का कहना है कि हैरिस उनकी पृष्ठभूमि और संस्कृति का बेहतर प्रतिनिधित्व करती हैं, जबकि 10 में से केवल एक मतदाता ने ट्रंप के बारे में ऐसा कहा। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि उम्मीदवारों के बारे में उनकी राय को यह कितना प्रभावित कर रहा है। दस में से केवल 3 एएपीआई मतदाताओं का कहना है कि हैरिस की एशियाई भारतीय पहचान उनके लिए अत्यंत या बहुत महत्वपूर्ण है। सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि हैरिस का महिला होना एएपीआई मतदाताओं के लिए उनकी नस्लीय पृष्ठभूमि से अधिक महत्वपूर्ण हो सकता है।

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान : उच्च न्यायालय ने इमरान खान पर सैन्य मुकदमे से संबंधित याचिका का निपटारा किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के एक उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ सैन्य मुकदमा चलाने संबंधी याचिका का निपटारा कर दिया। न्यायालय को बताया गया कि संघीय सरकार ने इस संबंध में कोई निर्णय नही लिया है। भ्रष्टाचार के आरोप में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक खान की गिरफ्तारी के विरोध में उनके समर्थकों ने नौ मई, 2023 को रक्षा प्रतिष्ठानों पर हमला किया और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया था। गिरफ्तार किए गए लोगों में से 100 से ज्यादा लोगों को सैन्य अदालतों में मुकदमे के लिए सैन्य अधिकारियो को सौंप दिया गया था। कई सरकारी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि खान पर सैन्य अदालत में भी मुकदमा चलाया जा सकता है। खान ने अपने मुकदमे की सुनवाई सैन्य अदालत में किए जाने के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई की। सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल मुनव्वर इकबाल दुग्गल ने अदालत को बताया कि संघीय सरकार ने यह तय नही किया है कि खान पर सैन्य अदालत में मुकदमा चलाया जाएगा या नही। उन्होने कहा कि अगर इस तरह का मुकदमा चलाया जाता है, तो यह आवश्यक कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए नियम 549 के अनुसार चलाया जाएगा। दुग्गल ने अदालत को यह भी बताया कि सैन्य मुकदमे की स्थिति में, सिविल मजिस्ट्रेट से अनुरोध के बाद ही यह प्रक्रिया शुरू होगी। सरकार के जवाब के बाद, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पीटीआई नेता की सैन्य मुकदमे से संबंधित याचिका का निपटारा कर दिया।

### सऊदी अरब ने पाकिस्तान से उमराह वीजा लेकर भिखारियों के खाड़ी देश पहुंचने पर रोक लगाने को कहा

इस्लामाबाद। सऊदी अरब ने उमराह की आड़ में अपने देश मे आने वाले पाकिस्तानी भिखारियों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई है। सऊदी अरब ने साथ ही पाकिस्तान से उन्हे खाड़ी देश मे प्रवेश करने से रोकने के लिए कार्वाई करने को कहा है। मीडिया मे आई एक खबर में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्रालय के सूत्रों का हवाला देते हुए एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने अपनी खबर मे बताया कि सऊदी अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति को नियंत्रित नही किया गया तो इसका पाकिस्तान के उमराह और हज यात्रियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। खबर में कहा गया, सऊदी हज मंत्रालय ने पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्रालय को चेतावनी जारी की है, जिसमे उमराह वीजा के तहत पाकिस्तानी भिखारियों को खाड़ी देश मे प्रवेश करने से रोकने के लिए कार्वाई करने का आग्रह किया गया है। इस चेतावनी के बाद पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्रालय ने उमराह अधिनियम लाने का फैसला किया है, जिसका उद्देश्य उमराह की व्यवस्था करने वाली ट्रैवल एजेंसियों को विनियमित करना और उन्हे कानूनी निगरानी के तहत लाना है। इससे पहले, सऊदी राजदूत नवाफ बिन सैद अहमद अल-मलिकी के साथ बैठक मे गृह मंत्री मोहसिन नक्वी ने उन्हें आश्वासन दिया था कि सऊदी अरब मे भिखारियों को भेजने के लिए जिम्मेदार माफिया के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### आग से क्षतिग्रस्त हुई कोपेनहेगन की 400 साल पुरानी इमारत का शुरू होने वाला है पुनर्निर्माण कार्य

कोपेनहेगन (डेनमार्क)। कोपेनहेगन के ओल्ड स्टॉक एक्सचेंज का आधा से अधिक हिस्सा भीषण आग से नष्ट हो जाने के पांच महीने बाद, श्रमिक 400 वर्ष पुरानी इस इमारत का पुनर्निर्माण शुरू करने वाले है ताकि उसका पुराना वैभव लौटाया जा सकेडेनमार्क के राजा फ्रेडरिक दशम बृहस्पतिवार को ईंट की दीवार के उस हिस्से मे आधारशिला रखेंगे, जो अप्रैल के मध्य में लगी आग मे बच गई थी, और इसके साथ ही ऐतिहासिक इमारत का पुनर्निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। डेनमार्क के चैंबर ऑफ कॉमर्स मे पुनर्निर्माण कार्य के प्रमुख लार्स डाउगार्ड जेपसेन ने कहा, हम यह काम जल्द से जल्द शुरू करेंगे ताकि इमारत को कोपेनहेगनवासियों, डेनमार्कवासियो और विश्व के लिए फिर से तैयार किया जा सके। इस इमारत का निर्माण कार्य 1615 मे शुरू हुआ था और इसे पहली बार 1624 में आम लोगों के लिए खोला गया था। इमारत को डेनमार्क मे डच पुनर्जागरण शैली का एक प्रमुख उदाहरण माना जाता है।सोलह अप्रैल को तड़के लगी भीषण आग ने इमारत को तहस-नहस कर दिया। आग ने इसकी तांबे की छत और प्रतिष्ठित ड्रैगन-टेल शिखर को गिरा दिया। दो दिन बाद, इमारत की बाहरी दीवार का एक बड़ा हिस्सा भी गिर गया था।

### श्रीलंका के नए राष्ट्रपति ईस्टर हमलों की जांच फिर करेंगे

**कोलंबो।** श्रीलंका के नए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने मंगलवार को कहा कि वह 2019 के ईस्टर संडे आतंकवादी हमलों की फिर से जांच शुरू करेंगे। पिछले सप्ताह हुए राष्ट्रपति के चुनाव मे जीत के बाद दिसानायके रविवार को देश के राष्ट्रपति नियुक्त किए गए। उन्होंने कैथोलिक चर्च के प्रमुख मैल्कम कार्डिनल रंजीत से फोन पर सद्भावना बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। रंजीत ने कहा, नए राष्ट्रपति ने हमें आश्वस्त किया है कि ईस्टर संडे हमलों की सच्चाई सामने लाई जाएगी। रंजीत ईस्टर के मौके पर रविवार की प्रार्थना के दौरान बड़े होटलो और गिरजाघरो को निशाना बनाकर किए गए हमलों की जांच के आलोचक रहे हैं। इन हमलो में विदेशी नागरिकों सहित करीब 300 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के लिए दोनो पूर्व राष्ट्रपतियो गोटबाया राजपक्षे और रानिल विक्रमसिंघे पर आरोप लगाते हुए रंजीत ने जांच की आलोचना की थी और कहा था कि स्थानीय जिहादी संगठन नेशनल तौहीद जमात (एनटीजे) द्वारा किए गए हमलो को राजनीतिक रूप से छिपाने का प्रयास किया गया।

### सुदूर जापानी द्वीपों पर सुनामी की छोटी लहरें उठी

**तोक्यो।** सुदूर जापानी द्वीपों पर आए भूकंप के बाद मंगलवार की सुबह सुनामी की छोटी लहरें उठी।आशंका है कि सुदूर जापानी द्वीपो पर ज्वालामुखी गतिविधि के कारण भूकंप आया। अपतटीय क्षेत्र में आया भूकंप स्थानीय निवासियो को महसूस नही हुआ और सुनामी संबंधी चेतावनी करीब तीन घंटे बाद वापस ले ली गई। इस दौरान जान-मान के नुकसान की कोई सूचना नही मिली है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने बताया कि इजू द्वीप के तटीय इलाके मे मंगलवार की सुबह 5.9 तीव्रता का भूकंप आया और कुछ ही मिनट बाद इजू और ओगासावारा द्वीप श्रृंखला में एक मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका जताते हुए सुनामी की चेतावनी जारी की गई।अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 5.6 मापी।इजू समूह के द्वीपों पर लगभग 21,500 लोग और ओगासावारा द्वीप पर लगभग 2,500 लोग रहते है।जेएमए ने बताया कि भूकंप के करीब 30 मिनट बाद हचिजो द्वीप के याएने जिले में लगभग 50 सेंटीमीटर ऊंची सुनामी देखी गई। तीन अन्य द्वीपो - कोजुशिमा, मियाकेजिमा और इजू ओशिमा पर छोटी लहरे देखी गईं।

### ईरान ने भेजे थे हजारों एसएमएस, 2023 में कुरान जलाने का बदला लेने की दी थी धमकी : स्वीडन

कोपेनहेगन (डेनमार्क)। स्वीडन ने दावा किया कि उसके नागरिकों को 2023 में कुरान जलाने की घटना का बदला लेने की धमकी देने वाले हजारों एसएमएस भेजने के पीछे ईरान का हाथ है।स्वीडन के अधिकारियो का दावा है कि ईरान का अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड डेटा में सेंधमारी कर सार्वजनिक रूप से कुरान जलाने के सिलसिले में स्वीडिश भाषा में लगभग 15,000 एसएमएस भेजने में सफल रहा।वरिष्ठ अभियोजक मैट लजंगक्विस्ट ने बताया कि स्वीडन की घरेलू सुरक्षा एजेंसी एसएपीओ द्वारा की गई प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ईरान ने ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) के जरिए स्वीडन में प्रमुख एसएमएस सेवा प्रदाता स्वीडिश कंपनी के डेटा में सेंधमारी की। वरिष्ठ अभियोजक ने स्वीडिश कंपनी के नाम का खुलासा नही किया है। ईरानी अधिकारियो से भी इस मुद्दे पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नही आई है।

# पुरुष अकेलेपन की महामारी का खामियाजा भुगत रहे हैं

**भाषा।** वाशिंगटन

**जस्टिन बीबर** और उनकी पत्नी हैली ने मई 2024 में घोषणा की थी कि वे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं, उससे कुछ हफ्ते पहले पॉप आइकन ने एक सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा की थी जिसमें उनकी आंखों में आंसू थे और वह परेशान दिखाई दे रहे थे। मीडिया का ध्यान तुरंत ही हैली की गर्भावस्था की ओर चला गया जबकि एक पुरुष सेलिब्रिटी और भावी पिता द्वारा सार्वजनिक रूप से अपनी कमजोरी साझा करने के महत्व पर बहुत कम ध्यान दिया गया। फिर भी, बीबर का सोशल मीडिया पोस्ट उनके आंतरिक संघर्ष को उजागर करने के लिए काफी है। भावनात्मक दर्द गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा हुआ है। लेकिन, पुरुषों की भावनाओं और कमजोरियों की अभिव्यक्ति के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया अक्सर कमतर होती है, भले ही उन्हें पूरी तरह खारिज नहीं किया जाता हो। उदाहरण के लिए, बीबर के आंसू भरे पोस्ट के जवाब में, हैली ने उन्हें काफी रोने वाला बताया। एक साल पहले, कनाडाई रैप गायक डैक्स ने टू बी ए मैन गाना रिलीज किया था। उस समय उन्होंने कहा था, यह एक ऐसा गाना है जिसमें मैंने अपने दिल की भावनाएं पेश की हैं। मैं प्रार्थना कर रहा हूं कि यह उन सभी तक पहुंचे जिन्हें इसकी जरूरत है। आज, इस गाने का संदेश समय के अनुकूल है। इस गाने का भाव कुछ इस तरह है : हां, मुझे पता है कि यह जिंदगी आपको वाकई हरा सकती है, तुम चीखना चाहते हो लेकिन तुम आवाज नहीं निकाल पाओगे, इतना वजन है कि तुम उसे थामे हुए हो लेकिन एक पुरुष के तौर पर कोई भावना नहीं दिखा पाओगे, जो अनकही रह जाएगी। पितृत्व और परिवार में पुरुषों की भूमिका का अध्ययन करने वाले शोधकर्ताओं के रूप में, हम इन गीतों में छिपे अकेलेपन और दर्द को पहचान सकते हैं। हमने पिताओं को अपनी भावनाओं को दबाने के प्रयासों के दुष्परिणामों के बारे में बताते सुना है।

## मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता

थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (टीआईईटी), ने हाल ही में 'ल्यूमिनेसेंस 2024' का आयोजन किया। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम थापर इंस्टीट्यूट काउंसलिंग सेल (टीआईसीसी) द्वारा आयोजित किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करना है। इल्यूमिनेट, एम्पावर, थ्राइव थीम के साथ, इस आयोजन ने छात्रों और अभिभावकों के बीच मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई और छात्रों को व्यक्तिगत और शैक्षणिक विकास के लिए आवश्यक साधनों से सुसज्जित किया। टीआईईटी के निदेशक और थापर स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड साइंसेस के डीन, प्रो. पद्मकुमार नायर ने छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा, टीआईईटी में, हम दृढ़ता से मानते हैं कि हमारे छात्रों का मानसिक स्वास्थ्य उनकी समग्र सफलता की नींव है। आज की तेज़-तर्रार और प्रतिस्पर्धी दुनिया में, हमें केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता से आगे बढ़कर एक ऐसा पोषणपूर्ण वातावरण बनाना होगा, जहां मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाती हो। 'ल्यूमिनेसेंस 2024' और हमारे काउंसलिंग सपोर्ट सिस्टम के माध्यम से, हम सक्रिय रूप से देखभाल की संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक छात्र को महत्व दिया जाए, समर्थन मिले, और व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों स्तरों पर सक्षम महसूस करे। हमारा मिशन केवल दिमागों को शिक्षित करना नहीं है, बल्कि स्वस्थ, संतुलित व्यक्तियों को सशक्त बनाना है जो दृढ़ता और उद्देश्य के साथ नेतृत्व कर सकें।

## दुबई के बेहतरीन डेजर्ट गेटवे कर रहे आकर्षित

**दुबई।** दुबई की डेज़र्ट कल्चर मीठे के शौकिनों के लिए वाकई में एक स्वर्ग है, जहां विविध एवं बेहतरीन स्वादों तथा अविस्मरणीय अनुभवों का संगम मिलता है। दुनियाभर के व्यजनों से प्रेरित कलात्मक कृतियों से लेकर आधुनिक शैली में तैयार स्थानीय स्वाद, ये डेज़र्ट डेस्टिनेशन आपकी हर इच्छा को पूरा करना का वादा करते हैं। चाहे आप शानदार डिनर के बाद मीठा खाने की तलाश में हो या किसी खा डेज़र्ट के लिए यात्रा का मन बना रहे हो। ऐसे में हम आपके लिए दुबई शहर की कुछ बेहतरीन मिठाइयों की एक क्यूरेटेड लिस्ट लेकर आए हैं। लोव में चॉकलेट सनचोक, स्कालिनी दुबई में टिरामिसु, मैसिमो का जेलाटो,शंघाई एमई में चाइनीज फॉर्च्यून कुकी, बॉम्बे बंगला में कोकोनट रसमलाई, अल समादी स्वीट्स में बुकज, सिसीज़ ईटरी में सेकरटोर्ट।दुबई के अल बरारी में लोकेटेड लोव एक समकालीन डाइनिंग स्पॉट है जो कि अपने अभिनव और स्थायी व्यंजनों के लिए जाना जाता है। उनका चॉकलेट सनचोक, जिसमें कॉफी ग्राइंड कारमेल और हनी क्रंच के साथ क्रंची सनचोक, रिच चॉकलेट, और बिटरस्वीट कॉफी कारमेल होता है। ये आपको मिट्टी, मीठे और नमकीन स्वादों का एक बेहतरीन संतुलन प्रदान करता है। फोर सीजन्स रिज़ॉर्ट दुबई, जुमेरा बीच में स्थित स्कालिनी एक बेहतरीन इतालवी एम्बिएंस के साथ टिरामिसु परोसता है। इसकी हर चम्मच में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्रियों के साथ बारीकियों से भरे स्वादों का समृद्ध अनुभव मिलता है, जो मिठाई के शौकीनों के लिए अवश्य चखने लायक है। मैसिमो का जेलाटो आपको इटालियन आर्टिसनल परंपरा का असली स्वाद देता है। ताज़ा और प्राकृतिक सामग्रियों से प्रतिदिन बनाया गया यह जेलाटो हल्के टेक्सचर के साथ साथ क्रीमी होता है, जिसका हर स्कूप अपने अनूठे स्वाद से भरा होता है। इसके डार्क चॉकलेट जैसे वीगन विकल्प भी उपलब्ध हैं,।

